लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -296, पृष्ठ -16+4, मूल्य: -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, योग : नियोग का सुयोग व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



www.amritvichar.com

आज का मौसम: 45.0° अधिकतम तापमान, 31.5° न्यूनतम तापमान — तेज धूप और उमस के साथ लू चलने की संभावना। सूर्योदय 05 : 16, सूर्यास्त 07 : 03

कानपुर, रविवार, 16 जून 2024

सिंघम अगेन और भूलभुलैया-3 की होगी टक्कर...16

रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिरा, 14 पर्यटकों की मौत

ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप हुई घटना, 12 गंभीर रूप से घायल

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टेंपो ट्रैवलर सड़क से 250 मीटर नीचे अलकनंदा नदी किनारे गिर गया। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा व दिल्ली के पर्यटक सवार थे। हादसे में 10 पर्यटकों की मौके पर जबकि 4 की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में 12 लोग गंभीर घायल हैं, इनमें पांच को एयर लिफ्ट कर रुद्रप्रयाग जिले से ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया है। प्रथम दृष्टया हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों, दिल्ली और हरियाणा के 23 पर्यटक एवं वाहन स्टाफ (दो चालक व एक क्लीनर) का दल चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला के लिए जा रहा था। उनका टेंपो ट्रैवलर शनिवार की सुबह लगभग 11:30 बजे ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप अनियंत्रित होकर पैराफिट तोड़ कर सड़क से नीचे अलकनंदा नदी के किनारे गिर गया। घटनास्थल के समीप रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा था। प्रोजेक्ट कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसडीआरएफ व पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। टीमों ने वाहन में फंसे और खाई में गिरे लोगों को निकालने के लिए अभियान चलाया। तब तक 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि 16 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में सात को एयरलिफ्ट से ऋषिकेश एम्स पहुंचाया गया। उपचार के दौरान दो घायलों की एम्स और दो की रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल में मौत हो गई। टेंपो ट्रैवलर में 26 पर्यटक सवार थे। एसपी विशाखा अशोक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घायल युवक का हालचाल जानते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री धामी ने जाना घायलों का हाल, मजिस्ट्रेट जांच के दिए आदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने एम्स प्रबंधन से कहा कि जरूरी होने पर घायलों को एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजें। उन्होंने कहा कि रैंतोली हादसे में 14 पर्यटकों की मौत अत्यंत पीड़ादायक है। मृत आत्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करें और बाबा केदार घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

- **चोपता-तुंगनाथ ट्रैकिंग के लिए जा रहा था पर्यटकों का दल, उप्र, दिल्ली, हरियाणा के रहने वाले**

पर्यटकों को बचाने गया मजदूर नदी में बहा

रैंतोली में रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। प्रोजेक्ट कर्मी एनके गुप्ता ने बताया कि वाहन के नीचे गिरते ही बचाओ-बचाओ की चीख पुकार मच गई। इस बीच तीन श्रमिक पर्यटकों की मदद के लिए नदी में उतरे। दो श्रमिकों ने तो अलकनंदा नदी पार कर ली लेकिन एक नदी के तेज बहाव में बह गया।

अफसरों के बगैर कैसे होंगे निकाय उप चुनाव

रमेश चन्द्र, लखनऊ

- **उप चुनाव घोषित, पर सरकार ने नहीं की मांगें गए सभी अफसरों की तैनाती**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में शहरी निकायों की खाली सीटों पर उप चुनाव की घोषणा तो हो गई है, पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग में जरूरत भर अफसर ही नहीं हैं। आयोग की ओर से मांगें गए अफसरों में अब तक केवल एक ही अफसर की तैनाती की गई है। ऐसे में आयोग में तैनात कर्मियों के बीच चुनाव को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान ही आयोग की ओर से राज्य सरकार से अफसरों की तैनाती की मांग की गई थी। राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने इस सिलसिले में राज्य सरकार को पत्र लिखा था। सूत्रों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आयोग में स्वीकृत पदों के अनुरूप अफसरों की तैनाती किए जाने की मांग की थी, पर अभी तक केवल एक अफसर की तैनाती हो सकी है।

सूत्रों का कहना है कि आयोग में राज्य निर्वाचन आयुक्त के अधीन कार्य करने वाले अफसरों में एक अपर निर्वाचन आयुक्त, तीन संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, दो उप निर्वाचन आयुक्त, दो सहायक निर्वाचन आयुक्त व तीन उप सचिव के पद हैं। वर्तमान में आयोग में एक सचिव, एक लेखाधिकारी व हाल ही तैनात एक अफसर भी शामिल हैं। इस सिलसिले में पूछे जाने पर आयोग के सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी अधिकारियों की तैनाती के लिए सरकार को 'रिमांडर' भेजा गया है। चुनाव को सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तैयारी की गई है।

29 नगर निकायों में सदस्यों के पद पर हो रहे चुनाव : घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत प्रदेश की 29 नगर निकायों में खाली पड़े सदस्यों के लिए चुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तारीख 22 जून है। आठ जुलाई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 10 जुलाई को होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनाती नहीं

राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने 21 मार्च 2024 को निदेशक स्थानीय निकाय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी होने की पुरानी व्यवस्था समाप्त कर दी थी। नए आदेश के तहत आयोग के संयुक्त निर्वाचन आयुक्त को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नगर स्थानीय निकाय बनाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अधीन नगर निगमों, नगर पालिका व नगर पंचायतों के निर्वाचन से संबंधित कार्यों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में इस पद भी कोई अधिकारी तैनात नहीं है।

नीट-यूजी रद करने और सीबीआई जांच की अपील

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2024 को रद करने और पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की शीर्ष अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने अपील की गई है। इस परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों द्वारा दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य को परीक्षा नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की भी अपील की गई है।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

छत्तीसगढ़ में आठ नक्सली मारे गए एक जवान शहीद, दो अन्य घायल

नारायणपुर, एजेंसी

- **नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़**
- **घायलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया रायपुर, स्थिति खतरे से बाहर**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं और एसटीएफ का एक जवान शहीद तथा दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि माओवादियों के ''माड़ डिविजन तथा पीएलजीए कंपनी'' नंबर 1 के सदस्यों की सूचना पर नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के तहत अबुझमाड़ के कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा गांव के जंगल में दो दिनों पहले सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

उन्होंने बताया कि अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा जिले का डीआरजी, विशेष कार्य बल, आईटीबीपी की 53वीं वाहिनी और बीएसएफ की 135वीं वाहिनी के जवान शामिल थे। शनिवार सुबह 7 बजे कई बार कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों में मुठभेड़ हुई और एसटीएफ के आरक्षक नितेश एक्का (27), कैलाश नेताम (33) और लेखराम नेताम (28) घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन आरक्षक नितेश एक्का की मौत हो गई। अन्य दो घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है तथा वे खतरे से बाहर हैं। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से 8 नक्सलियों के शव, इंसास रायफल, .303 रायफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किया है।

एक नजर

स्वर्ण मंदिर में रील्स और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में रील्स वीडियो बनाने और तस्वीरें लेने पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गया है। प्रबंधन समिति के सदस्य और कानूनी सलाहकार एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि पवित्र स्थान का उपयोग विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों द्वारा पिकनिक स्पॉट या सेल्फी पॉइंट के रूप में किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी रील्स देखने को मिलती हैं, जो उचित नहीं होती हैं।

युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी ने शनिवार को अंग्रेजी लेखिका के. वैशाली और हिंदी लेखक गौरव पांडेय समेत 23 लेखकों के नामों की घोषणा की, जिन्हें विभिन्न भाषाओं में प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार मिलेगा। अकादमी ने 2024 के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के लिए 24 नामों की भी घोषणा की। संस्कृत में युवा पुरस्कार के विजेता की घोषणा बाद में की जाएगी। साहित्य अकादमी के कार्यकारी बोर्ड ने शनिवार को अपने अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में 23 लेखकों के चयन को मंजूरी दी। के. वैशाली को उनके संस्मरण होमलेस : ग्रोइंग अप लेस्बियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया के लिए जबकि गौरव पांडेय को उनके कविता संग्रह स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी के लिए सम्मानित किया जाएगा। बाल पुरस्कार के लिए अंग्रेजी लेखिका नंदिनी सेनगुप्ता को उनके उपन्यास द ब्लू हॉर्स एंड अदर अमेजिंग एनिमल स्टोरीज फ्रॉम इंडियन हिस्ट्री और देवेन्द्र कुमार को 51 बाल कहानियां के लिए चुना है।

प्रदेश में बढ़ा बिजली का संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तमाम उपायों के बाद भी प्रदेश में बिजली का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी में भारी मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है।

प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल करीब दो हजार मेगावाट ज्यादा बिजली की मांग हो रही है। पिछले साल 28 हजार मेगावाट अधिकतम मांग दर्ज हुई थी, इस बार 30 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार हो गया है। भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों के लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 30,336 मेगावाट दर्ज हुई। बीते दिन की तुलना में मांग में हालांकि 282 मेगावाट गिरावट रही, पर मांग का आंकड़ा 30 हजार से नीचे न आने के कारण कॉरपोरेशन के अफसर जद्दोजहद में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले दिनों से ठप हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में संकट की स्थिति बनी हुई है। इन इकाइयों को चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने 16 जून तक इकाइयों को चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताई है।

- **अधिकतम मांग 30,336 मेगावाट पर पहुंची, चालू नहीं हुईं ओबरा-अनपरा की ठप इकाइयां**

समुचित उपाय किए जाएं

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को बिजली संकट पर काबू पाने के लिए समुचित उपाय किए जाने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने शनिवार को वितरण निगमों के अफसरों के साथ बैठक की।

दिल्ली जल संकट : हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में पानी छोड़ने की अपील

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह किया है। दिल्ली की जल मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुनक नहर और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी की कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शोधित जल का उत्पादन करने में सात करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सामान्य रूप से (शोधित) जल का उत्पादन लगभग 1,002 एमजीडी होता है, जो शुक्रवार को घटकर 932 एमजीडी रह गया। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने मानवीय आधार पर हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की अपील की है।

- **प्रतिदिन सात करोड़ गैलन पानी की कमी का सामना कर रही राजधानी**

केजरीवाल से जुड़ी कोर्ट कार्यवाही का वीडियो सोशल मीडिया से हटाएं : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित अदालती कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग विभिन्न सोशल मीडिया मंचों से हटाने का शनिवार को निर्देश जारी किया। वीडियो में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एक अधीनस्थ अदालत में अपनी बात रखते नजर आ रहे हैं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की खंडपीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनीता केजरीवाल समेत छह लोगों और सोशल मीडिया मंच एक्स, मेटा और यूट्यूब को नोटिस जारी किए हैं। पीठ ने कहा कि अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग दिल्ली उच्च न्यायालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम, 2021 के नियम 3(6) का उल्लंघन है।

- **केजरीवाल की पत्नी सुनीता समेत छह लोगों और एक्स, मेटा यूट्यूब को नोटिस**

यहां भी सुकून नहीं — अनियोजित विकास, बेतहाशा भीड़ और वाहनों ने बदला सरोवर नगरी का मिजाज

मैदानी शहरों सा तप रहा नैनीताल, झील ने खोई सुदंरता

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : मैदानी शहरों में पारा चढ़ता है तो ठंड की तलाश और सुकून के लिए लोग पहाड़ों का रुख करते हैं। पहाड़ों और झीलों का सौंदर्य आंखों व मन को सुकून देता तो मौसम गर्मी से तपते शरीर को राहत लेकिन अब पहाड़ भी मैदानी शहरों की तरह तपने लगे हैं। झीलें अपना सौंदर्य खो रही हैं और वादियों में सुकून की तलाश में आने वाले पर्यटकों को मौसम तपाने लगा है। उन्हें नैनीताल में भी मैदानी शहरों की गर्मी का एहसास हो रहा है। हो भी क्यों न, क्योंकि इस साल नैनीताल के मौसम ने ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। जून का पहला सप्ताह नैनीताल के इतिहास में सबसे गर्म रहा। एक दशक में नैनीताल में पर्यटन बेहद तेजी से बढ़ा है जिसकी वजह से पानी की खपत बढ़ी है। यह खपत नैनी झील से पूरी होती है, नतीजा झील सूख रही है। पर्यटकों की संख्या और बेशुमार वाहनों के पहुंचने से यहां के मौसम और सर्द हवाओं पर भी असर पड़ रहा है। जून के पहले सप्ताह में नैनीताल का अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया, जो जून में कभी दर्ज नहीं किया गया।

इंसानों और वाहनों का दबाव नैनीताल में तेजी से बढ़ा है। चारों ओर वाहन ही वाहन दिखाई देते हैं। वाहनों से निकलने वाली गर्मी को भी तापमान में बढ़ोत्तरी का कारण माना जा रहा है। वाहनों से शहर में दिन भर जाम जैसी स्थिति रहती है।

- **नैनीताल में जून के पहले सप्ताह में ही तापमान रिकॉर्ड 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचा**

नैनीताल में ध्वनि और वायु प्रदूषण भी बढ़ा

वीकेंड के दौरान नैनीताल में पर्यटकों और वाहनों की बढ़ी संख्या के चलते ध्वनि और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सरोवर नगरी में ध्वनि प्रदूषण उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र के बड़े शहरों की अपेक्षा अधिक है। नैनीताल में ध्वनि प्रदूषण औसत 61.40 और अधिकतम 71.50 डेसिबल दर्ज किया गया।

स्कॉटलैंड को हल्के से नहीं लेगा ऑस्ट्रेलिया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

लगातार तीन जीत से सुपर आठ में जगह पक्की कर चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा और जीत के साथ अगले चरण में जाना चाहेगा।

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में अपना पहला स्थान पहले ही पक्का कर चुका है लेकिन यह मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो इस ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया पर जीत या इस मैच के बारिश की भेंट चढ़ जाने पर स्कॉटलैंड अंतिम आठ में पहुंच जाएगा लेकिन अगर वह इस मैच में हार जाता है और इंग्लैंड एक अन्य मैच में नामीबिया को हरा देता है तो वह बाहर हो जाएगा। इंग्लैंड और नामीबिया का मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने पर भी स्कॉटलैंड सुपर 8 में पहुंच जाएगा। ऐसी स्थिति में इंग्लैंड का सफर समाप्त हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही है और उसके लिए चिंता का कोई

विषय नहीं है। नाथन एलिस के टीम में बने रहने की संभावना है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया सुपर 8 की कड़ी चुनौती से पहले अपने प्रमुख तीन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क में से किसी एक को विश्राम दे सकता है। स्कॉटलैंड के पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का यह बेहतरीन मौका है और उसके खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में किसी तरह की चूक नहीं दिखाएंगे। स्कॉटलैंड की टीम इसके साथ ही बारिश की भी दुआ करेगी। स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं लेकिन इंग्लैंड का नेट रन रेट उससे बेहतर है। इस मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6:00 बजे शुरू होगा।

आयरलैंड पर जीत से सफर का अंत करने उतरेगा पाकिस्तान

लॉडरहिल (फ्लोरिडा)। सुपर आठ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करके टी-20 विश्व कप में अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगी। अमेरिका और भारत से हारने के कारण पाकिस्तान ग्रुप ए से सुपर आठ में जगह नहीं बना पाया। उसे अपने प्रदर्शन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है लेकिन इससे पहले उसे आयरलैंड की चुनौती से पार पाना होगा। आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप से पहले द्विपक्षीय मैच में पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराया था और ऐसे में उनके बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। आयरलैंड ग्रुप में एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसकी निगाह भी जीत के साथ अपने अभियान का अंत करने पर टिकी होगी, लेकिन यह तभी संभव होगा जब मौसम इसकी इजाजत देगा क्योंकि पिछले कुछ दिन से यहां लगातार बारिश हो रही है।

अमेरिका ने 2026 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

फ्लोरिडा, एजेंसी

फ्लोरिडा में बारिश के कारण आयरलैंड के साथ अंतिम ग्रुप मैच रद्द होने के बाद सह-मेजबान अमेरिका पहली बार आईसीसी टी-20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर 8 के साथ ही 2026 में होने वाले विश्वकप के लिये क्वालीफाई कर गया है।

शुक्रवार रात रद किए गए मैच में टीमों ने अंक बांटे, जिससे अमेरिका पाकिस्तान से तीन अंक आगे हो गया है। पाकिस्तान रविवार को फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपना अंतिम मुकाबला खेलेगा। कनाडा और पाकिस्तान के खिलाफ जीत अर्जित करने के बाद यूएसए की टीम सुपर 8 चरण में पहुंची है हालांकि सह मेजबान देश दुनिया की

नंबर एक टीम भारत से मामूली अंतर से हार गई। भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के साथ अगले चरण में भी पहुंच गया है। प्रतियोगिता का सुपर 8 चरण कैरेबियन द्वीप समूह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें यूएसए 19 जून को एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। सुपर 8 चरण में पहुंचने के साथ यूएसए की टीम आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई हो जाएगी, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे।

रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को दी मंजूरी

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- आईओसी ने पेरिस ओलंपिक में कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत दी मंजूरी
- यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर प्रतिबंध का किया अनुरोध

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के लिए रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत हिस्सा लेने को मंजूरी दी।

रूस और बेलारूस को यूक्रेन पर हमले के कारण पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया है। रूस और बेलारूस के व्यक्तिगत खिलाड़ियों को अन्य खेलों की क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में तटस्थ दर्जे में खेलने की अनुमति दी गई है तथा उन्हें ओलंपिक में खेलने के लिए फिर आवेदन करना होगा। आईओसी ने पहले दौर में पांच खेलों साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन और कुश्ती में खिलाड़ियों पर फैसला किया। अन्य ओलंपिक खेलों के खिलाड़ियों की सूची कुछ दिन के अंदर आने की संभावना है। ताइक्वांडो में किसी भी एथलीट को मंजूरी नहीं दी गई। यूक्रेन के खिलाड़ियों और अधिकारियों ने आईओसी से रूस के सभी खिलाड़ियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था। ट्रैक और फील्ड में ऐसा हो चुका है। इन दोनों देशों के खिलाड़ियों के तटस्थ दर्जे के अंतर्गत खेलने पर फैसला दो चरण में होगा।

खेल डायरी

पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का निधन

नई दिल्ली। जाने-माने खेल पत्रकार एवं समाचार एजेंसी यूएनआई के पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का शनिवार को 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके परिवार में पत्नी रेवती और पुत्री पल्लवी हैं। बेदी ने यूएनआई में तीन दशक के अपने लंबे करियर के दौरान कई ओलंपिक, कॉमन वेल्थ और एशियाई खेलों को कवर किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने हरपाल बेदी के साथ अपनी जेएनयू के दिनों की एक पुरानी तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। बेदी ने यूएनआई से सेवानिवृत्त के बाद विभिन्न टेलीविजन चैनलों पर खेल की चर्चाओं में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

गौरिका ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर का खिताब जीता

मैसुरु। भारतीय गोल्फर गौरिका बिश्नोई ने शनिवार को तीसरे और अंतिम दौर के अंतिम तीन होल में बर्डी की हैट्रिक लगाकर हफ्ते के सर्वश्रेष्ठ चार अंडर 66 के कार्ड से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्लयूपीजीटी) के सातवें चरण का खिताब जीत लिया। गौरिका दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही थीं। उन्होंने कुल एक अंडर 209 का स्कोर बनाया जबकि बीती रात शीर्ष पर रहने वाली खुशी खानिजाऊ (71) दबाव में आ गईं। खुशी ने कुल दो ओवर 212 का स्कोर बनाया जिससे वह उपविजेता रहीं। गौरिका की 2024 सत्र में यह पहली जीत है। उन्होंने पिछले साल दो जीत दर्ज की थीं।

दीक्षा इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

रोम। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर (72) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी (75) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं।

पाकिस्तानी खिलाड़ियों के वेतन में हो सकती है कटौती

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपनी टीम के टी-20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करके खिलाड़ियों के वेतन में कटौती कर सकता है। पाकिस्तान को विश्व कप में अमेरिका और भारत से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह टूर्नामेंट के सुपर 8 में जगह नहीं बना पाया। बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुछ अधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करने की सलाह दी है। पीसीबी अध्यक्ष अगर टीम के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रवैया अपनाते हैं तो खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जा सकती है और उनके वेतन में कटौती हो सकती है।

भारतीय टीम ने क्वालीफायर में हासिल की शीर्ष वरीयता

अंताल्या (तुर्की)। तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त कर 24 टीमों के साथ एलिमिनेशन दौर में प्रवेश किया। भारतीय तिकड़ी कुल 2018 अंक हासिल कर तालिका में चीनी ताइपे (2008) और जर्मनी (1998) से आगे रही। इस स्पर्धा में 46 टीमों ने प्रतिस्पर्धा की थी जिससे शीर्ष 24 ने एलिमिनेशन दौर में जगह पक्की की। एलिमिनेशन दौर अंतिम-32 ड्रॉ की तरह खेला जाएगा। शीर्ष पर रहने के कारण भारत को अंतिम-16 में बाई मिल गई, जहां उसका सामना 17वीं वरीयता प्राप्त लक्जमबर्ग से होगा। एलिमिनेशन राउंड में शीर्ष तीन रैंक वाले देशों को पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान मिलेगा। भारत अगर शीर्ष तीन में रहता है तो उसका व्यक्तिगत कोटा टीम कोटा में अपग्रेड कर दिया जाएगा। धीरज ने पहले व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में निचली रैंकिंग वाले यूक्रेन से 3-5 से हार के बाद कोटा हासिल करने में असफल रही।

नेपाल के हाथों हार से बाल-बाल बचा द. अफ्रीका

चार अहम विकेट लेकर शम्सी बने जीत के हीरो, महज 1 रन से जीता मुकाबला

किंग्सटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्वकप का एक और उलटफेर शनिवार को होते-होते बचा जब नेपाल ने पूरे मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने के बावजूद आखिरी गेंद पर अनुभवी दक्षिण अफ्रीका के सामने हथियार डाल दिए। ऑर्नोस वेल ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका

तबरेज शम्सी

ने पहले खेलते हुए सात विकेट पर 115 रन बनाए जिसके जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर के खेल में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी।

कुशल भुर्तेल (19 रन पर चार विकेट) और दीपेन्द्र सिंह एरी (21 रन पर तीन विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका को महज 115 रन पर रोक दिया था और बाद में आसिफ शेख (42) और अनिल साह (24) ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए 18वें ओवर में चार विकेट के नुकसान पर स्कोरबोर्ड पर 99 रन टांग कर जीत की संभावनाओं को प्रबल कर दिया था मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के अनुभव और तबरेज शम्सी की घूमती हुई गेदों के आगे नेपाल की टीम बुरी तरह लडखड़ा गई और उनके आखिरी के तीन ओवर में उन्होने तीन विकेट खोकर महज 15 रन का इजाफा किया और हार के साथ संतोष कर लिया। तबरेज शम्सी ने टीम की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए, चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। एक समय नेपाल को सिर्फ 18 गेंदों में 18 रनों की जरूरत थी, तब शम्सी ने अपने स्पेल की आखिरी ओवर में सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके।

116 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, नेपाल की टीम का काफी सहज तरीके से बल्लेबाजी कर रही थी। पहले स्पेल में दो विकेट झटकने वाले शम्सी को बाकी के गेंदबाजों का साथ नहीं मिला लेकिन दूसरे प्रयास में वह सफल हो गए। 18वें ओवर की शुरुआत से पहले नेपाल ने सिर्फ तीन विकेट गंवाए थे और उनकी टीम 100 रन के करीब थी लेकिन शम्सी ने अपनी स्पिन लेती गेंदबाजी से बल्लेबाजों को चारो खाने चित कर दिया और सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके। मैच के आखिरी ओवर में भी नेपाल के पास मैच को ड्रॉ करने का मौका था। एक गेंद में दो रनों की जरूरत थी और एक रन लेने के प्रयास में नॉन स्ट्राइकर एंड पर गुलशन झा ने बहुत बड़ी गलती कर दी। वह क्रीज में लगभग पहुंच चुके थे लेकिन अतिआश्वस्त होने के कारण वह रन आउट हो गए।

जीत के बाद एक-दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका : 115/7, 20 ओवर। रीजा हैनट्रिक्स 43, डिकॉक 10, स्टब्स 27। **विकेट :** दीपेंद्र 4, कुशल 4।

नेपाल : 114/7, 20 ओवर। कुशल भूर्तेल 13, आसिफ 42, अनिल 27, दीपेंद्र सिंह 6। **विकेट :** तबरेज शम्सी 4, मारक्रम 1।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	3	3	0	6	1.137	0
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
पाकिस्तान (बा)	3	1	2	2	0.191	0
कनाडा (बा)	3	1	2	2	-0.493	0
आयरलैंड (बा)	3	0	2	1	-1.712	1
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
इंग्लैंड	3	1	1	3	3.081	1
नामीबिया (बा)	3	1	2	2	-2.098	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
न्यूजीलैंड (बा)	3	1	2	2	-0.241	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	3	0	3	0	-0.886	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल (बा)	3	0	2	1	-0.293	1
श्रीलंका (बा)	3	0	2	1	-0.777	1

जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 नाम घोषित

बेंगलुरु, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में 16 जून से शुरू होने वाले आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 40-खिलाड़ियों के संभावित समूह की घोषणा की। यह शिविर भारतीय जूनियर टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है। जूनियर टीम ने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले हैं।

इस दौरान, भारत ने अपने पहले गेम में बेल्जियम के खिलाफ 2-2 (4-2) से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे मैच में उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-3 से हार गया। उन्हें ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ 5-4 की करीबी

हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाफ, भारत पहले गेम में 2-3 से हार गया था लेकिन रिटर्न मैच में 1-1 (3-1) से जीत हासिल की। शिविर कोच जनार्दन सीबी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के उच्च प्रदर्शन निदेशक हरमन क्रूज की देखरेख में, 63 दिनों तक चलेगा, जो 18 अगस्त को समाप्त होगा। समूह में पांच गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, आदर्श जी, अश्विनी यादव, और अली खान किए गए हैं जबकि फॉरवर्ड में मोहित कर्मा, मोहम्मद. जैद खान, मो. कोनैन दाद, सौरभ आनंद कुशवाह आदि शामिल हैं।

अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब टी-20 विश्व कप से बाहर

ग्रॉस आइलेट। अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान उंगली की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई को टीम में शामिल किया है।

23 वर्षीय मुजीब अफगानिस्तान की तरफ से टूर्नामेंट में केवल एक मैच खेल पाए थे। वह युगांडा के खिलाफ पहले मैच में खेलने के बाद अगले दो मैच में नहीं खेले थे। आईसीसी ने कहा टी-20 विश्व कप की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने मुजीब उर रहमान की जगह हजरतुल्लाह जजई को अफगानिस्तान की टीम ने रखने की मंजूरी दे दी है। अफगानिस्तान पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। वह ग्रुप चरण का अपना अंतिम मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा।

द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की कोशिश लय बरकरार रखने पर

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमें रविवार को यहां जब पहले एकदिवसीय के साथ तीन सप्ताह तक चलने वाली सभी प्रारूपों की श्रृंखला शुरू करेंगी तो उनकी कोशिश अक्टूबर में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। टी-20 विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में होगा। टी-20 विश्व कप के वर्ष में 50 ओवर के मैच थोड़े असंगत लग सकते हैं, लेकिन यह लय हासिल करने के दृष्टिकोण से दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर वनडे और टी-20 श्रृंखला हार गई थी, लेकिन

- महिला टी-20 विश्वकप की तैयारियों को पूर्ण करने उतरेंगी टीमें सभी प्रारूपों के होंगे मुकाबले

उसने जोरदार वापसी करते हुए हाल ही में बांग्लादेश को उसके घरेलू मैदान पर टी-20 श्रृंखला में 5-0 से शिकस्त दी। टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस लय को बरकरार रखना चहेगी। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि टीम ने अच्छी तैयारी की है और जीत के लिए जोर लगाएगी। मजूमदार ने कहा हमारी पिछले आठ हफ्तों में अच्छी तैयारी रही। हम बांग्लादेश गये और श्रृंखला 5-0 से जीते। हमने उसी मैदान पर अभ्यास किया जहां हम विश्व कप में खेलेंगे। इसलिये हमारी तैयारी अच्छी रही। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच, छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पूरी तरह से बल्लेबाजी के लिए माकूल होगी। खिलाड़ी कुछ बड़े स्कोर के साथ आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे। यह मुकाबला मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे से होगा।

जर्मनी ने स्कॉटलैंड को हराकर की शुरुआत

म्यूनिख, एजेंसी

फ्लोरियन विट्र्ज और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में अभियान की शानदार शुरुआत की।

विट्र्ज़ ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन

ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

मेस्सी के दो गोल से अर्जेंटीना ने ग्वाटेमाला को हराया

लैंडओवर (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने नवंबर के बाद अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में दो गोल करने के साथ एक में सहायक की भूमिका निभाई जिससे अर्जेंटीना ने 2024 कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के अभ्यास मैच में ग्वाटेमाला को 4-1 से हराया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर रहे। जिससे गुरुवार को ग्रुप चरण में कनाडा के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने से पहले अर्जेंटीना के हौसले बुलंद होंगे। विश्व और कोपा अमेरिका के मौजूदा चैंपियन के लिए लुटारो मार्टिनेज ने दो अन्य गोल किए। ग्वाटेमाला को मैच के चौथे मिनट में लिसेंड्रो मार्टिनेज के आत्मघाती गोल से बढ़त मिल गयी थी लेकिन इसके आठ मिनट बाद ही मेस्सी ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। उन्होंने मैच के 77वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

न्यूजीलैंड ने युगांडा को नौ विकेट से रौंदा

त्रिनिदाद, एजेंसी

टी-20 विश्वकप से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड ने युगांडा को मात्र 40 रनो पर समेट दिया और जीत के लक्ष्य को 5.2 ओवर में हासिल कर लिया।

तारोबा के ब्रायन लारा स्टेडियम पर टिम साउदी ने चार ओवर के स्पेल में मात्र चार रन खर्च कर तीन विकेट झटके जबकि ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और रचिन रविन्द्र ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। युगांडा की ओर से कैनेथ वैसवा (11) दहाई अंको तक पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। युगांडा की इस मैच में एकमात्र उपलब्धि यह रही कि उन्होने 18.4 ओवर तक कीवी गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया जबकि बाद में बल्लेबाजी करने

जीत के बाद युगांडा की टीम का अभिवादन करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी।

आयी न्यूजीलैंड का एक बल्लेबाज भी आउट करने में सफलता हासिल की। युगांडा ने न्यूजीलैंड की टीम को पूरे मैच में 39 गेंद फेंकी जिसमें छह वाइड बाल और एक नो बाल रहीं। इस तरह न्यूजीलैंड यह मैच 5.2 ओवर में ही जीत सका। डेविड कान्वे 22 रन बना कर नाबाद लौटे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की पीएनजी पर जीत के साथ न्यूजीलैंड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं।

यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप : बोल्ट

तारोबा (त्रिनिदाद)। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद कहा मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आज का मौसम

अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं

45.0°	31.5°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 16	सूर्यास्त 07 : 03

एक नजर

बाइक से गिर कर अधेड़ गंभीर घायल

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर साइकिल सवार बालिका को बचाने के चक्कर बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगो ने सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुखरायां के पटेल चौक के समीप लक्ष्मीबाई नगर के शंशाक सचान ने बताया कि उसके पिता सुरेश कुमार सचान (55) बाइक से बाईपास स्थित दूध डेयरी से दूध लेने के लिए हाइवे से जा रहे थे। तभी नगर पालिका मोड़ के पास सामने साइकिल सवार बालिका आ जाने के कारण उनकी बाइक फिसल गई। जिससे वह घायल हो गए।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 10 साल की सजा

50 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया, आधी राशि पीड़ित को मिलेगी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। सिकंदरा क्षेत्र में करीब आठ साल पहले एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की को औरैया क्षेत्र का रहने वाला युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था।इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज (13) पॉक्सो अदालत में चल रही थी। शनिवार को अदालत ने मामले में सुनवाई कर आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर पचास हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि सिकंदरा क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले नाबालिग पीड़िता के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि 16 जून 2016 की सुबह उसकी पंद्रह वर्षीय नाबालिग लड़की शौच क्रिया करने खेतों की ओर गई थी। काफी समय तक उसके वापस घर न आने पर उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया।उसे शंका है कि उसकी पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए वादी के घर के मोबाइल नंबर में संदिग्ध चार मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवाई जिनकी लोकेशन औरैया मिली। इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नाबालिग लड़की की तलाश कर औरैया क्षेत्र के भीखमपुर निवासी आरोपी राजन राजपूत को जेल भेज दिया था और उसके खिलाफ दुष्कर्म , पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे।

मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 पॉक्सो कोर्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी। शनिवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी युवक को दोषसिद्ध करते हुए उसे दस साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर पचास हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। अदालत ने अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा गया

राजपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में शनिवार को आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेजे जाने की कार्रवाई की है।

आरोपी पवन मिश्रा।

राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 जून को घर में अकेली किशोरी के साथ उसके पडोसी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

मामले में पीड़िता के पिता ने पड़ोसी पवन मिश्रा के खिलाफ बेटी को डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि शनिवार को सिलहरा गांव जाने वाले मार्ग से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

युवक की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में 4 लोगों पर एफआईआर

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। नौबादपुर गांव में एक दबंग ने साथियों के साथ मिलकर युवक पर लाठी डंडे से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। युवक की मौत के मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। पोस्टमार्टम में मौत कारण हेड इंजरी आया है।

सटटी थाना क्षेत्र के नौबादपुर निवासी गुलाब सिंह का बेटा सुमित (25) शुक्रवार शाम गांव के प्राइमरी स्कूल के पास अपने कुछ दोस्तों के साथ बैठा था। तभी सुमित का दोस्तों से किसी बात पर झगड़ा हो गया। इसी दौरान एक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर सुमित पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर परिवार के लोग

गांव में जांच करती पुलिस। अमृत विचार

- नौबादपुर में शुक्रवार को लाठी से हमले में घायल युवक की मौत
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी होने से हुई मौत की पुष्टि

मौके पर पहुचे तो हमलावर भाग गये। परिजन गंभीर रूप से घायल सुमित को लेकर राजपुर पीएचसी पहुचे। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के मामले में उसके पिता गुलाब सिंह ने सुमित के दोस्त नौबादपुर गांव निवासी रोनू, अनुराग, राजेश व एक अन्य युवक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं मामले के 24 घंटे बाद भी पुलिस हत्यारोपियों को नही पकड़ सकी है। थानाध्यक्ष शिवशंकर सिह ने बताया कि गुलाब सिंह की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार युवकों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

नर कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

संवाददाता डेरापुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में मूंग के खेत में मानव कंकाल मिला है। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, कंकाल को लेकर कई चर्चाएं हैं।

शनिवार को कुछ लोग खेत में मूंग की कटाई से खेतों पर गए थे। इस दौरान अमौली कुर्मियांन निवासी संजय कटियार के अवशेष खेत में पड़े देखे गए। इससे लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर थाना डेरापुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि मौके पर मूंग के खेत में एक मानव खोपड़ी व कुछ अस्थियां पड़ी हुई थीं, जो काफी पुरानी दिखाई दे रही थी।

मौके पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

डेरापुर पुलिस ने फोरेंसिक टीम को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। टीम ने खोपड़ी व अस्थियों की जांच-पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने खेत मालिक व ग्रामीणों की मौजूदगी में कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वही डेरापुर पुलिस ने बताया कि कंकाल की शिनाख्त संजय कटियार के रूप में हुई है। युवक का मानसिक संतुलन खराब रहता था। जिसको लेकर इलाज चल रहा था। युवक कुछ दिन पूर्व घर से कूदकर भाग गया था। पत्नी मंजू देवी ने गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। मामले की जांच की जा रही है।

हत्या के आरोपियो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता सिंकदरा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के करीमनगर गांव में बुधवार की रात को एक परिवार के लोगों ने मिलकर गांव के ही देव सिंह के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा में लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान देव सिंह की मौत हो गई। उसी मामले में शनिवार को थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीनों आरोपियों में सत्यनारायण, प्रेमपाल, राधेश्याम को बिधौली मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पकड़े गए तीनों आरोपी।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से एक लोहे की राड, एक सरिया, एक डंडा पुलिस ने आला कत्ल के रूप में बरामद किया है। वही तीनों आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उनकी देव सिंह से पुरानी रंजिश थी उसी को लेकर यह विवाद हुआ था। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया तीनों ही आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

वृद्धा के शव की हुई शिनाख्त, गर्मी से मौत की संभावना

रसूलाबाद। क्षेत्र के पालनगर में एक डिग्री कॉलेज के पीछे शुक्रवार रात मिले एक अज्ञात वृद्धा के शव की शिनाख्त हो गई है महिला भारामऊ निवासी 74 वर्षीय वृद्धा थी जो अपने खेत देखने आई थी। शुक्रवार की रात पाल नगर स्थित एक डिग्री कॉलेज के पीछे खेत में एक अज्ञात वृद्धा का शव मिला था । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने के प्रयास के लिए मृत महिला का फोटो सोशल मीडिया में वायरल किया था। शव का शिनाख्त कराने के प्रयास किये गए लेकिन पहचान नहीं होने पर शव को अज्ञात में पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा था । शनिवार को उसकी शिनाख्त हुई।

सार-संक्षेप

सौझ गांव का पानी से लबालब भरा अमृत सरोवर। अमृत विचार

अमृत सरोवर बना पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने का सहारा

कानपुर देहात। रसूलबादा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कहिंजरी खुर्द के मजरा सौंझ का तालाब इस भीषण गर्मी में भी भरा हुआ है । ग्राम प्रधान की मेहनत तथा पानी की नियमित व्यवस्था करने से तालाब हर मौसम में भरा रहता है। जो पशु पक्षियों, ग्रामीण मवेशियों के साथ-साथ जंगली जानवरों की भी प्यास बुझा रहा है। स्थानीय निवासी संत रामपाल ,जयराम कुशवाह, रामबाबू संखवार, विश्वनाथ, कमलेश आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बने इस तालाब से ग्राम वासियों को इस भीषण गर्मी में काफी सहूलियत है। ग्राम प्रधान जयवीर सिंह ने बताया कि बचपन से सुनते आ रहे हैं कि' जल ही जीवन है । यह सभी जानते हैं लेकिन इसका अमल नहीं हो पा रहा है। लोग पानी का विभिन्न प्रकार से दोहन तो कर रहे हैं किंतु जल संचयन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अगर समय से नहीं चेते तो आने वाले दिनों में यह समस्या विकट परिस्थितियां पैदा कर देगी। वहीं गांव में तमाम ऐसे लोग भी हैं जो पानी के संरक्षण को लेकर रात दिन प्रयास कर रहे हैं। सभी के सामूहिक प्रयास से गांव का तालाब सदैव पानी से भरा रहता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को भी आसपास के सभी अमृत सरोवरों में पानी भराने का इंतजाम करना चाहिए।

बजरी लेकर जा रहे ट्रक के क्लीनर की लू लगने से मौत

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सुजगवा गांव पास एक ट्रक के क्लीनर की हालत बिगड़ गई। एंबुलेंस को सूचना मिलने पर बेहोशी हालत में उसे सीएचसी लाया गया। जहां पर जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। संभावना जताई जा रही है कि क्लीनर की मौत लू लगने से हुई है। राजस्थान कुचित अजमेर बांसडा मेहरान गांव के पप्पू ने बताया कि मेरा भाई क्लीनर इंदर सिंह कालपी से ट्रक में बजरी लाद कर भोगनीपुर से राजस्थान जा रहे थे। भोगनीपुर के सुजगवा गांव के पास अचानक क्लीनर की हालत बिगड़ गई। इस पर तत्काल एंबुलेंस को सूचना देकर बुलाया गया। बेहोशी हालत में इंदर को सीएचसी लाया गया। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉ राजवीर सिंह ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। मृतक के भाई का कहना है कि भीषण गर्मी होने की वजह से इंदर की जान चली गई।

बस में यात्री की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे रोडवेज बस में सवार युवक की हालत बिगड़ गई। परिचालक की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे बेहोशी हालत में सीएचसी लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्नाव के हसनपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव के लालता प्रसाद (30) रोडवेज बस में सवार होकर कानपुर की ओर जा रहा था। भोगनीपुर क्षेत्र के हाइवे पर बढ़ोली मोड़ के पास बस में अचानक युवक की हालत बिगड़ने पर बस को रोक दिया गया। बस के परिचालक ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना देकर बुलाया। लालता को बेहोशी की हालत में सीएचसी लाया गया। जहां पर ड्यूटी में तैनात डा राजवीर सिंह के द्वारा प्राथमिक उपचार करने पर हालत गंभीर होने पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

थाने में बैठक कर जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

पीस कमेटी की बैठक में शांति बनाए रखने की अपील

संवाददाता सिकंदरा

अमृत विचार। आगामी त्योहार को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को थाना परिसर में तहसीलदार संतोष कुमार एवं क्षेत्राधिकार सिकंदरा संजय वर्मा की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में नगर व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कोई समस्या हो तो आप लोग बेझिझक बता सकते हो। आने वाले त्योहारों में सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें और अच्छी तरीके से बकरीद का त्योहार मनाए।

इस दौरान पीस कमेटी के सदस्य परवेज आलम ने बताया कि पूरे सिकंदरा कस्बा में अंदर जाने के लिए ज्यादातर गलियों में अतिक्रमण फैला हुआ है। जिससे रात के समय यदि गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए अचानक ले जाया जाए तो घंटों लग जाते है। इस पर तहसीलदार एवं क्षेत्राधिकारी सिकंदरा ने एक्शन लेते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि शांति व्यवस्था भंग न हो इसलिए अराजक तत्वों पर विशेष पर ध्यान रखें।

ट्रक में फंस कर लाइन टूटी, क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप

कानपुर देहात। रसूलाबाद में शुक्रवार रात को रसूलाबाद झींझक रोड पर पोस्ट ऑफिस के सामने एक ट्रक में केबिल फंस जाने से विद्युत खंभा टूटकर गिर पड़ा। खंभा गिर जाने से सुभाष नगर के तमाम घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। क्षेत्रीय निवासियों ने इसकी सूचना सबस्टेशन कर्मियों को दी । इस दौरान लगभग 10 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही। सुबह विद्युत विभाग वालों ने आंशिक आपूर्ति बहाल करवाई किंतु अभी भी लगभग एक दर्शन घरों की आपूर्ति ठप है।

सुभाष नगर निवासी गौरव सिंह और ने बताया की रात लगभग 1 बजे एक ट्रक में केबिल फंस जाने से पोस्ट ऑफिस के सामने का एक विद्युत खंभा टूटकर सड़क पर गिर गया। ट्रक वाला मौके से फरार हो गया। इससे सुभाष नगर के अनेक घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। हावड़ा इसकी सूचना विद्युत विभाग के लोगों को दी गई। सूचना पर सुबह लाइन ठीक कराई गई।

वाटर कूलर में पानी पीते राहगीर। अमृत विचार

गर्मी का कहर, फेल हो गए कूलर- एसी

कार्यालय संवाददाता कानुपर देहात

अमृत विचार। गर्मी मौसम अपने तल्ख तेवर दिखा रहा है। शनिवार दोपहर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस रहा। दहकते सूरज की तपन से लोगों के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल रहे। जरूरी काम से घरों से निकले लोग छतरी लगाने व सिर तथा चेहरा ढक कर निकलने को मजबूर हुए। जबकि गर्मी से बेहाल राहगीर छाया देख वाहन को रोक कर पसीना सुखाते नजर आए। वाटर कूलर पर ठंडा पानी पीने वालों की आवाजाही लगी रही।

फुल आस्तीन के कपड़े पहनने की दी सलाह

गर्मी के भीषण तपन को देखते हुए पीएचसी प्रभारी सिद्धार्थ पाठक ने लोगो को सलाह दी है कि जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। बराबर पानी का सेवन करते रहे, सिर को अंगौछा या टोपी से ढक कर रखें फुल आस्तीन के कपड़े जरूर पहने।

शुक्रवार की रात में पारा सामान्य से करीब 4.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर पहुंच गया। इससे बढ़ी गर्मी से लोग पसीने से तर बतर रहे और पूरी रात ठीक से नहीं सो सके। शनिवार को सुबह से ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी सूरज निकलने के साथ ही तपन बढ़ती गई। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा सुनील पाण्डेय ने बाताया कि अगले अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं स तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

व्यथा सुनाई संपूर्ण समाधान दिवस पर 73 शिकायतों में केवल 6 का निस्तारण मौके पर किया गया

सब्जी वालों का सड़क तक कब्जा, रोज लगता जाम

संवाददाता पुखरांया

अमृत विचार। भोगनीपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जहां पर फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं। कुल 73 शिकायते आई जिसमें मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को एसडीएम सर्वेश कुमार और पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने फरियादियों की शिकायते सुनीं। इस दौरान चांदापुर गांव के जुबैर ने बताया कि अभिलेखों में गाटा संख्या 211 में वक्फ संपत्ति के नाम दर्ज है। रास्ते में गड्ढे में पानी भरा है गांव के ही दबंगो ने उस पानी को दीवार बनाकर रोक दिया। अब वही पानी सीसी रोड पर भरने से लोगो को निकलने में दिक्कत हो

तहसीलदिवस पर शिकायत सुनते वरिष्ठ अधिकारी। अमृत विचार

रही है। भोगनीपुर के संतोष कुमार ने शिकायती पत्र देते बताया की हरदुआ ओवर ब्रिज नीचे सब्जी और फल विक्रेता अतिक्रमण लगाएं हुए हैं वहीं पर कचरा फेंक देते हैं, जिसमे दुर्गंध आती है और जाम की स्थिति बनी रहती है। बील्हापुर की रुबीना ने शिकायत की कि कई बार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आवास की मांग कि है लेकिन अभी तक आवास नही मिला।

अहरौली शेख के मिथलेश ने बताया उसके प्लाट में गांव के लालाराम और शिव शंकर सिंह प्लाट में जबरन ताला डालकर कब्जा किए है। विरोध करने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते है।

इसी प्रकार गिरधरपुर गांव के महिपाल ने बताया कि विगत जनवरी माह 2024 को दत्तक पुत्र मंद बुद्धि पुत्र आनंद घर से अचानक गायब हो गया था,काफी खोजबीन के उपरांत 13 जून 2024 को कुछ लोगो से बील्हापुर गांव में बंधक होने की सूचना मिलने पर अपने परिवार के सदस्यो के साथ गांव के इकबाल और राजू के घर पहुंचे जहां उसे घर में बंधक बनाकर जबरन कार्य कराया जा रहा था। जिसका विरोध करने पर उक्त लोग गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। इस मौके तहसीलदार सुनील कुमार,सीओ देवेन्द्र सिंह,ईओ पुखरायां अजय कुमार, अमरौधा वीडियो कमलेश और मलासा वीडियो संजू आदि लोग मौजूद रहे थे।

रास्ते में दीवार बनाने की एसडीएम से शिकायत

राजपुर। शनिवार को सिकंदरा तहसील में आयोजित समाधान दिवस में नंदना गांव के ग्रामीणों ने सरकारी इंटरलार्किंग रास्ते में दंबग व्यक्ति द्वारा दीवार बनाने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई है। सिकंदरा तहसील समाधान दिवस में एसडीएम को शिकायती पत्र देकर गांव के रामू कटियार , सुधीर, सीता राम, प्रेमा देवी, मनोज आदि ग्रामीणों ने बताया कि नंदना गांव में इंटरलार्किंग रास्ते में गांव के दबंग राजकिशोर पुत्र श्यामलाल ने दबंगई के बल के दीवार बना ली है। ग्रामीणों की शिकायत के वावजूद हल्का लेखपाल सुनवाई नहीं कर रहा है। मामले में एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को जांच सौंपी है।

आरआरसी सेंटर में जल्द सिखाया जाएगा ऑर्गेनिक खाद का निर्माण

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने शनिवार को विकास खंड मैथा की ग्राम पंचायत ककरदही में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बनाए गए आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया। यह सेंटर वर्तमान में पूर्ण निर्मित किया जा चुका है। जिसके त्वरित संचालन हेतु उन्होंने संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए। सीडीओ ने बताया कि यहां पर ऑग्रेनिक खाद भी बनाई जाएगी। पराली और गीला कचरा की मदद से खाद का निर्माण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सिखाया जाएगा।

सीडीओ ने इसके पश्चात ग्राम पंचायत में बनी गौ आश्रयस्थल ककरदही का निरीक्षण किया। वहां

- गौ आश्रय स्थल में समस्त व्यवस्थाएं की जाए दुरस्त

करीब 120 गौवंश पाए गए, जिनको हरा चारा, पानी, चूनी, चोकर आदि समय से उपलब्ध कराए जाने के लिए ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी आदि को निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यहां पर पशु चिकित्सा अधिकारी भ्रमण कर सभी गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। सभी गोवंशों का ईयर टैगिंग अवश्य किया जाए। गोवंशो के लिए चारागाह की भूमि पर हरा चारा अवश्य उगाए जाने की हिदायत दी। यहां से वे एसबीएम 2023-24 के तहत 266 मॉडल गांव में से पहले चरण में चुने गए माडल ग्राम पंचायत भेवान पहुंची। जहां पानी को एकीकृत सोख गड्ढे के माध्यम से फिल्टर करने के लिए मौके पर चल रहे कार्य को देखा। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वर्तमान में चल रहे कार्य को आगामी वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण कर लिया जाए। ताकि बरसात का पानी सीधे तालाबों में एकत्र हो सके। निरीक्षण के समय जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी मैथा आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

कृष्णा अग्रवाल प्री कैंप के लिए रवाना

कानपुर। गोठिया कप फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप स्वीडन 2024 स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा 16 जून से 21 जून तक आयोजित होगा। ये राष्ट्रीय फुटबॉल कोचिंग प्री कैंप मैत्रेयी कॉलेज विश्वविद्यालय चाणक्यपुरी नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए कानपुर के कृष्णा अग्रवाल का चयन हुआ है। कानपुर कैंटोमैंट बोर्ड प्रेरणा स्कूल के कृष्णा अग्रवाल शनिवार की रात श्रमशक्ति एक्सप्रेस से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। ऑर्डिनेंस क्लब सचिव कुलदीप गुप्ता कैंटोनमेंट बोर्ड उपाध्यक्ष लखन लाल सुनील, दिलीप, संतोष आदि ने शुभकामनाएं दी।

2048 परीक्षार्थियों ने छोड़ी पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा

कानपुर। पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के दौरान शनिवार को 2048 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। तीन पालियों में हुई परीक्षा के लिए 8442 परीक्षार्थियों ने अपना आवेदन किया था। शहर में 11 सेंटर में चल रही परीक्षा के दौरान 6394 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी। परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों का सुबह से ही सेंटर आना शुरू हो गया था। कड़ी तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र के भीतर प्रवेश करने को मिला। इस बार नियम के तहत परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ अपना आधार कार्ड भी दिखाना पड़ा।

अभी कल तक लू के थपेड़े परसों से बदलेगा मौसम

आसमान से बरस रही आग, हीटवेव के बीच तापमान 45 डिग्री पहुंचा

यह तापमान रहने की संभावना		
तिथि	अधिकतम	न्यूनतम
16 जून	44 डि.से.	35 डि.से.
17 जून	44 डि.से.	35 डि.से.
18 जून	43 डि.से.	32 डि.से.

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नौतपा के बाद भी आसमान से जहां आग बरस रही है, वहीं लू के थपेड़े भी मुसीबत बने हुए हैं। लू के थपेड़ों एवं तपिश के चलते शनिवार को भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग की माने तो आज और कल अभी लू के थपेड़े चलेंगे, वहीं परसों से मौसम बदलने के आसार हैं। अभी दो दिन तेज लू चलने के आसार हैं, ऐसे में बचाव करके ही निकलें।

बीते तीन दिनों के आंकड़ों पर गौर करें तो अधिकतम तापमान लगातार 44 डिग्री के पार चल रहा है। यह सब हीटवेव के चलते हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो यह लंबे समय से जारी हीटवेव इंडो-गैंगेटिक मैदानों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में हाल के वर्षों में देखी गई सबसे गंभीर हीटवेव में से एक है।

इस गर्मी की मुख्य वजह लगातार शुष्क मौसम, साफ आसमान और गर्म, शुष्क पश्चिमी हवाएं हैं। ये हवाएं सिंध, बलूचिस्तान और थार रेगिस्तान के शुष्क क्षेत्रों से आती हैं, जिससे गर्मी बढ़ जाती है।

धूप से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा बांध निकल रहे लोग। अमृत विचार

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि लू के थपेड़े औसतन 10.1 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चले हैं। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.5 डिग्री ऊपर चढ़कर 31.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान भी अधिक है, जिससे रात में भी उमस भरी गर्मी परेशान करती है। अधिकतम आर्द्रता 36 एवं न्यूनतम 18 फीसद रिकार्ड की गई। अगले तीन दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं। दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

कानपुर मंडल में लू और गर्मी वाली स्थिति अभी दो दिन बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि प्रदेश के लोगों को 18 जून से कुछ राहत की उम्मीद कर सकते हैं। मौसम माडल्स की रिपोर्ट के अनुसार स्थितियों में बदलाव आने वाला है। राज्य के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक है, जिसमें पूर्वी प्रयागराज भी शामिल है।

झांसी में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कानपुर में तापमान 45 डिग्री के आसपास बना है। वाराणसी, बहराइच, हमीरपुर, बुलंदशहर, लखनऊ, हरदोई और बरेली जैसे शहरों में भी तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है।

- सामान्य से 4.5 डिग्री ज्यादा अधिकतम तापमान, न्यूनतम तापमान भी अधिक

बारिश देगी गर्मी से राहत

- भीषण गर्मी से राहत बारिश के रूप में आएगी। 18 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। 20 जून तक राज्य के मध्य भागों में भी छिटपुट बारिश होने की संभावना है। ये बहुप्रतीक्षित मानसूनी बारिश न केवल भीषण गर्मी से राहत लाएगी, बल्कि उत्तर प्रदेश में जल स्थिति में भी काफी सुधार करेगी। राज्य के सूखे क्षेत्रों को अंततः अच्छी बारिश मिलेगी, जिससे मिट्टी की नमी बढ़ेगी और जल की कमी पूरी होगी।

18 जून के बाद बदलेगा मौसम का मिजाज

- दो दिन बाद राहत की उम्मीद है। 18 जून से मौसम में बदलाव की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के आस-पास के क्षेत्रों में एक चक्रवाती परिसंचरण बनने की उम्मीद है। इसके अलावा इस परिसंचरण से उत्तराखंड की ओर एक ट्रफ बढ़ेगा, जो उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों को प्रभावित करेगा। इससे आर्द्रता में वृद्धि होगी, जिससे मानसून के धीरे-धीरे आने का मार्ग बनेगा। मानसून पहले पूर्वोत्तर उत्तर प्रदेश में पहुंचेगा और फिर 20 या 21 जून तक उत्तर पश्चिमी भागों की ओर बढ़ेगा।

लू के थपेड़ों से झुलस रहीं फसलें, करें सिंचाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किसानों को शाम के समय फसलों की सिंचाई करने की दी गई सलाह

अमृत विचार। नौतपा बीतने के साथ ही अब तक भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। लू के थपेड़ों से फसल भी प्रभावित है। विशेषज्ञों की मानें तो गर्मी के मौसम में सावधानी बरतकर फसल को बचाया जा सकता है।

बता दें प्रदेश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में फसल का बड़ा महत्व है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डा. खलील खान ने बताया कि धान की फसल में नर्सरी की बुवाई की जा रही है। ऐसे में अधिक तापमान से अंकुरण, जमाव प्रभावित होता है। ऐसे में किसानों को धान के नर्सरी की बुवाई एवं सिंचाई का कार्य शाम के समय ही करें। यदि प्रातः काल तक नर्सरी में पानी भरा हो तो पानी को खेत से निकाल दें।

गन्ना की फसल में किल्ले निकलने की अवस्था चल रही है। तापमान अधिक होने के कारण फसल जल्दी सूखने लगती है, जिससे पौधों का विकास रुक जाता है और कीटों का प्रकोप बढ़ने लगता है। ऐसे में खड़ी फसलों में 10 से 12 दिन के अंतराल पर शाम के समय हल्की सिंचाई करनी चाहिए। इसके साथ ही कीटनाशकों एवं रोगनाशी का छिड़काव करें।

मूंग की फसल में फली बनने की अवस्था से दाना भरने की अवस्था चल रही है। लू के चलने से खेत में खड़ी फसल जल्दी पक जा रही है लेकिन दाना सिकुड़ रहा है। ऐसे में पैदावार कम हो जाती है। डा. खान ने बताया कि खड़ी फसल में हल्की सिंचाई कर उचित नमी बनाएं रखें और दोपहर में सिंचाई का काम मत करें। सूरजमुखी की फसल में इन दिनों परागण से बीज का विकास हो रहा है। तापमान बढ़ने से फसल जल्दी परिपक्व हो जाती है लेकिन दाने सिकुड़ जाता है। ऐसे में उपज कम होगी। किसानों को हल्की सिंचाई शाम को 8 से 10 दिनों के अंतराल में करनी चाहिए। खड़ी फसल में कीटनाशकों और रोगनाशी का छिड़काव करें।

स्पेशल ट्रेन से करें तीर्थ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- झांसी, आगरा और ग्वालियर से मिलेगी ट्रेन
- 20 जून को मदुरई से रवाना होगी विशेष गाड़ी

अमृत विचार। आईआरसीटीसी ने उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से पर्यटकों के लिए एक विशेष केदारनाथ- बद्रीनाथ-कार्तिक (मुरुगन) के लिए पैकेज लॉन्च किया है, जिसमें केदारनाथ के लिए कन्फर्म हेलीकॉप्टर टिकट शामिल हैं।

आईआरसीटीसी अधिकारियों के मुताबिक ऋषिकेश - रुद्र प्रयाग - गुप्तकाशी - केदारनाथ (कन्फर्म हेली टिकट के साथ) - जोशीमठ -बद्रीनाथ शामिल है। पैकेज कोड SZUBG05 है। ये ट्रेन 20 जून को मदुरई से चलेगी जो 22 जून को आगरा, झांसी और ग्वालियर से यात्रियों को लेगी। ये ट्रेन झांसी, आगरा और ग्वालियर 30 जून को वापस आएगी। इस सफर में दो श्रेणी की सुविधाएं होंगी। पहली स्टैंडर्ड का किराया 58,946 रुपए होगा जबकि डीलक्स श्रेणी का किराया

62,353 होगा लेकिन यात्रियों को झांसी, ग्वालियर एवं आगरा में ये ट्रेन मिलेगी। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के थर्ड एसी में यात्रा कराई जाएगी। रात में ऋषिकेश, रुद्र प्रयाग और जोशीमठ में गैर-वातानुकूलित होम स्टे/गेस्ट हाउस/बजट होटल में प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा केदारनाथ के लिए कन्फर्म हेलीकॉप्टर टिकट भी उपलब्ध कराएंगे। इस ट्रेन में भोजन यानी सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का खाना (केवल शाकाहारी) दिया जाएगा। सभी स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थल नान एसी बसों से कराएंगे। यात्रियों की बीमा भी रहेगा।

पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर बुकिंग

इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग हेतु पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट www.irctctourism.com से ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती हैं। बुकिंग के लिये नीचे दिये गये मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क करें। कानपुर 8595924298, 8287930930, ग्वालियर 8595924299, झांसी 8595924291, 8595924300, आगरा 8287930916, 7906870378 एवं मथुरा 8171606123 पर संपर्क करें।

किसानों की जरूरत का पूरा रखें ख्याल

कानपुर। शनिवार को सीएसए के प्रसार निदेशालय में हुई समीक्षा बैठक में किसानों की आश्वयकतानुसार कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया गया।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के प्रसार निदेशालय में विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) में कार्यारत वैज्ञानिकों की विषयवार समीक्षा बैठक हुई। बैठक में निदेशक प्रसार निदेशक प्रसार डा. आरएस यादव ने कहा कि वैज्ञानिक किसानों की जरूरतों का ख्याल रखें और अपनी कार्ययोजना भी इसी आधार पर तैयार करें। उन्होंने बताया कि मृदा विज्ञान, पशुपालन तथा कृषि विषय के वैज्ञानिकों की समीक्षा की गई। सभी वैज्ञानिकों ने वर्ष 2023-24 की वार्षिक प्रगित रिपोर्ट देने के साथ ही वर्ष 2024 की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया।

अधर्म की राजनीति नहीं चलेगी: अजय राय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का गंगा पुल पर हुआ स्वागत
- निजी कार्यक्रमों में शामिल होकर वाराणसी लौटे

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश में धर्म के नाम पर अधर्म की राजनीति नहीं चलेगी। देश की जनता रोजगार, बढ़ती महंगाई से त्रस्त है। विकास के नाम पर बड़ी बड़ी बातें की जा रही हैं, लेकिन कहीं विकास दिखाई नहीं दे रहा है।

शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए कानपुर पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष का गंगा के पुल पर कांग्रेसियों की ओर से स्वागत किया गया। उनका काफिला जब रामादेवी पहुंचा तो वहां शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने उन्हें फूल मालाओं से लादा। उन्होंने कहा कि बनारस में 10.30 लाख के ऊपर जीत का दम भरने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असफल हो

शनिवार को कानपुर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत करते कांग्रेसी।

गए हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या से भाजपा की हार ने यह साफ कर दिया है कि जनता अब बहकावे में नहीं आएगी।

कांग्रेस नेता धर्मराज सिंह चौहान के रामादेवी चौराहा स्थित कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं को नसीहत दी कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। पार्टी के प्रदेश महासचिव कनिष्क पांडेय के घर पहुंचकर उनके पिता के देहांत पर शोक संवेदना व्यक्त की और फिर कांग्रेस नेता एवं ट्रेड मजदूर यूनियन के नेता अंबिका प्रसाद शुक्ला के 13वीं संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अब्दुल माबूद के पिता अब्दुल रऊफ के निधन पर उनके जनाजे में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वरिष्ठ पत्रकार के पिता स्व. विद्या नारायण त्रिपाठी के 13वीं संस्कार में शामिल होने शास्त्री नगर आवास पहुंचे और वहीं से वाराणसी रवाना हो गए। स्वागत करने वालों में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व विधायक सुहैल अंसारी, कानपुर देहात के अध्यक्ष नरेश कटियार, मदन मोहन शुक्ला, अंशु तिवारी, दिलीप शुक्ला, पवन गुप्ता, अतहर नईम, मनीष बाजपेयी, हरीश गुप्ता, लल्लन अवस्थी, शकील मंसूरी, मनोज त्रिवेदी, गुफरान अहमद चांद, कैलाश पाल, आसिफ इकबाल, विनय जायसवाल, इस्लाम सिद्दीकी, संतोष मिश्रा, कृष्णा शर्मा, बजरंगी उपाध्याय, राकेश दिवेदी आदि थे।

आउटसोर्स कर्मियों को स्थाई करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार। जिन सरकारी या अर्द्ध सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग के तहत कंप्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कर्मी व चतुर्थ श्रेणी कार्य कर रहे हैं, उनकी स्थाई नियुक्ति की जाए। तहसीलों में भी तैनात कर्मियों व कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति स्थाई की जाए। ताकि उनकी जिम्मेदारी और विभागीय दायित्व के भार को समझा जा सके। सपाइयों ने यह मांग राष्ट्रपति से की।

समाजवादी पार्टी के नेता शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां पर सपा के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम न्यायिक सूरज कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। कहा कि उप्र पुलिस विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत भर्ती की तैयारी की जा रही है, उसकी कोई जिम्मेदारी और जवाबदेही नहीं

एडीएम न्यायिक सूरज कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते सपाई। अमृत विचार

होगी। ठेकेदारी प्रथा से भर्ती में गोपनीयता नहीं होगी। कई विभागों में आउटसोर्सिंग से काफी संख्या में लोग काम कर रहे हैं, जिनकी कोई संवैधानिक जिम्मेदारी न होने के कारण जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

कहा गया कि नगर निगम की बढ़ती आय के बावजूद सफाई कर्मचारी आउटसोर्सिंग पर हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर भी आउटसोर्सिंग पर हैं। मांग है कि आउटसोर्सिंग पर लगे लोगों की नियुक्ति स्थाई की जाए। भर्ती स्थाई रूप से की जाए। खानपान की चीजों में मिलावट, शहर में फैली गंदगी व दूषित पानी पर काम करने की जरूरत है। राष्ट्रपति से मांग है कि आउटसोर्सिंग भर्तियां बंद कर स्थाई नियुक्ति की जाए। अस्पतालों में दवा व देखरेख की सुविधा बढ़ाई जाए। डीएम से बकरीद पर सफाई व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त करने आदि मांग भी की। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, पूर्व विधायक सतीश निगम, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, राष्ट्रीय सचिव अपर्णा जैन, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.नीतेंद्र यादव, नंदलाल जयसवाल, परमवीर गंभीर, आनंद शुक्ला, सत्यनारायण गहरवार ,सुलेखा यादव, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, राहुल वर्मा, अरमान खान, रमेश यादव, आजाद खान, आसिफ क़ादरी, मुमताज मंसूरी, पिंटू ठाकुर, राजीव शर्मा, ऊमा देवी, सिंपल सिंह, सोनी गुप्ता, राजेंद्र सोनकर आदि सपाई रहे।

निगमीकरण को रद करने की मांग

कानपुर। निगमीकरण को रद्द कराने और पुरानी पेंशन की बहाली की मांग शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से की गई।

अजय राय के कानपुर आगमन पर आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग मजदूर यूनियन के कार्यवाहक महामंत्री समीर बाजपेई को शास्त्री नगर सिंधी धर्मशाला बुलवाया। यहां यूनियन सदस्यों ने अजय राय के समक्ष आर्डिनेंस फैक्टरियों के निगमीकरण को रद्द करवाने और पुरानी पेंशन की बहाली के मुद्दे को लोकसभा में उठाने के लेकर एक मांग पत्र सौंपा। इसके साथ ही यूनियन ने उनसे यह भी मांग रखी कि वे इन दोनों मुद्दों पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से यूनियन प्रतिनिधिमंडल को मिलवाने के साथ उनसे भी इन दोनों मुद्दों को पूरे देश में उठाने का आग्रह करे।

छुट्टी खत्म होते ही प्रवेश लेंगे स्कूल

आरटीई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रिंसिपल व प्रबंधक के छुट्टी पर जाने से आई परेशानी
- बीईओ के दबाव बनाने पर स्कूलों ने मांगी मोहलत

अमृत विचार। आरटीई के तहत प्रवेश लेने में आनाकानी कर रहे 17 निजी स्कूलों ने बेसिक शिक्षा विभाग को लिखित गारंटी दी है कि वह गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलते ही आवंटित बच्चों के प्रवेश ले लेंगे। डीएम की ओर से पिछले दिनों 45 निजी स्कूलों को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने छुट्टियों में ही बच्चों के प्रवेश कराने शुरू कर दिए थे। इसके लिए फोन से सूचना देकर अभिभावकों को स्कूलों में बुलाया जा रहा था। लेकिन कई स्कूलों के प्रिंसिपल और प्रबंधकों के छुट्टी पर जाने के कारण बच्चों को प्रवेश दिलाने में समस्या आ रही थी।

620 निजी स्कूलों को आरटीई में प्रवेश करना है

08 हजार सीटों पर आरटीई के जरिए होना है प्रवेश

3,279 बच्चों का अब तक हो चुका है प्रवेश

45 निजी स्कूलों को इस बार दिया गया नोटिस

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों का प्रवेश कराने के लिए इस बार शिक्षा विभाग की जून माह में की गई पहल पर कई स्कूलों द्वारा सवाल उठाए जा रहे थे। टीम में शामिल खंड शिक्षा अधिकारियों के स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल और प्रबंधक के छुट्टियां मनाने शहर के बाहर जाने की समस्या सामने आ रही थी। ऐसे स्कूलों का कहना था कि स्कूल खुलने के बाद वह अपने यहां आवंटित सभी बच्चों के प्रवेश हर हाल में ले लेंगे। इस पर बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों से यह बात लिखकर देने की बात कही थी। अब 17 स्कूलों ने विभाग को लिखकर दिया है कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के तुरंत बाद आवंटित सभी बच्चों के प्रवेश लेंगे। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि प्रवेश के लिए स्कूलों ने विभाग को लिखित दिया है। योजना में शामिल सभी बच्चों के प्रवेश कराए जाएंगे।

समाधा आश्रम मार्ग को दुरुस्त कराएं

कानपुर। नगर के सिंधी तीर्थ स्थान समाधा आश्रम की 21 वर्षों से टूटी रोड बनाने के लिए विधायक सुरेन्द्र मैथानी को ज्ञापन दिया गया कि मुख्यमंत्री ने सड़क योजना के तहत इस मार्ग को बनाने की स्वीकृत दे दी है, लिहाजा इस मार्ग पर जल्द कार्य शुरु कराएं। विधायक ने कहा कि वे 60 प्रतिशत कार्य पूरा कर चुके हैं। भगवान झूलेलाल का चालीहा महोत्सव 16 जुलाई को है, उससे पहले सड़क बन जाएगी।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष एवं समाधा आश्रम के संयोजक मनीष वसंदानी ने गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि गुजैनी क्षेत्र के रविदास पुरम, छठ पूजा घाट, समाधा घाट, भगवान झूलेलाल घाट नहर से होकर मर्दनपुर समाधा आश्रम से होकर गोपालपुर पुल तक सड़क विगत 22 वर्षों से जर्जर है। इस पर आवागमन अधिक है।

सियासी तर्क

लोकसभा चुनाव के बाद कानपुर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, शहर में कई निजी कार्यक्रमों में हुए शामिल

विपक्ष के झूठ से हमारी सीटें कम हुईं : भूपेंद्र चौधरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव होने के बाद पहली बार शहर पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष के झूठे प्रचार की वजह से हमारी सीटें कम हुई हैं। इंडिया गठबंधन ने पूरे देश में नेरेटिव सेट किया कि यदि भाजपा की 400 सीटें आ गई तो संविधान बदल जाएगा। इसके जरिये देश की भोली-भाली जनता को भ्रमित कर ठगने का काम किया गया। इसी वजह से जैसे चुनाव परिणाम आने चाहिए थे, वैसे नहीं आए। अब जो जनादेश है, उसे स्वीकारते हुए हम एक बार फिर जनता के बीच प्रभावशाली ढंग से जाएंगे।

दोपहर में कानपुर गंगा बैराज पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पूर्व विधायक राकेश सोनकर का हालचाल लिया।

का भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, नव निर्वाचित सांसद रमेश अवस्थी, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाहा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व विधायक केके सचान के आवास पर पहुंचकर उनकी दिवंगत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक व्यक्त किया। पिछले दिनों घायल हुए पूर्व विधायक राकेश सोनकर का हालचाल लेने के लिए मधुराज नर्सिंग होम पहुंचे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

वह जालौन में पुलिस उत्पीड़न में घायल हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए हैलट अस्पताल पहुंचे और उनके इलाज के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वह कैंट पहुंचे और मंडल अध्यक्ष सुमित तिवारी के बेटे की पिछले हफ्ते गंगा में डूबने से हुई मृत्यु पर दुख जताया। उन्होंने आवास पर परिजनों से भेंट कर अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी भी उनके साथ मौजूद रहे।

हारी हुई सीटों पर प्रवास करेंगे वरिष्ठ पदाधिकारी

कानपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सांसद रमेश अवस्थी से भी उनके आवास पर मुलाकात की। सांसद से कहा कि जल्द से जल्द कानपुर के विकास को लेकर अपने स्तर से काम शुरू कर दीजिए। बोले, हर काम में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मदद भी लीजिए। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि जो पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी हैं, वह हारी हुई सीटों पर जाकर प्रवास करेंगे। वहां बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और उनसे संवाद स्थापित कर हार के कारण तलाशेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकर्ता हमारी ताकत है। इसी ताकत के दम पर पार्टी एक बार फिर से संगठन को सशक्त करेगी और जो कमियां रह गईं, उन्हें दूर करेगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं **रामकिशोर पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल, निवासी–सरसौली, अकोहरा, थाना–सिधौली, जनपद सीतापुर** का निवासी हूं। मैं अपने बड़े पुत्र सूरज कुमार व उसकी पत्नी आरती से अपना संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद से सूरज कुमार व उसकी पत्नी आरती के किसी भी कृत्य के लिए मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना

सूचित किया जाता है कि अभि0 शिवा पुत्र बच्चू कनौजिया, निवासी–माधोगंज, सीपेट चौराहा थाना सरोजनीनगर, लखनऊ, मा0 न्याया0 में मु0सं0–943/18 धारा–395,412 भादवि0 थाना–पीजीआई लखनऊ मे उपस्थित नहीं हो रहा है। जिसके विरुद्ध मा0 न्यायालय से गिरफ्तारी वारन्ट व धारा– 82 सीआरपीसी की नोटीस जारी हुआ है।,

सूचना

सूचित हो कि मै **रामेश्वरी पत्नी राजाराम, निवासी– भखारौली कनपुरवा, पोस्ट– कुंडासर कैसरगंज बहराइच** मेरा नाम कुछ अभिलेखों में त्रुटिवश रामश्री देवी अंकित हो गया था जबकि सही नाम रामेश्वरी है और दोनो नाम मेरे ही है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में SUFAL BISWAS लिखा है जो सही है, जबकि पासपोर्ट में SUFAL VISHWAS दर्ज है जो गलत है अतः SUFAL BISWAS लिखकर सही किया जाए और यही समझा जाए। **सुफल बिस्वास, निवासी–भिखारीपुर खुर्द सेमरी कलां गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHD FAISAL था से बदलकर MOHAMMAD FAISAL रख लिया है। अब मुझे MOHAMMAD FAISAL के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0 RIYAZ AHMAD H.NO- 16, MOHALLA VAIRA KAJI JARWAL TOWN BAHRAICH-271904

नहीं गिरा पारा, गर्मी से हर कोई हारा

■ सूरज के तेवरों से झुलस उठा शहर ■ तीखी उमस और गर्मी से बेहाल दिखे लोग

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। सुबह से तीखी धूप, दोपहर में झुलसाता सूरज, हीट वेव से सड़क, बाजार, चौक-चौराहों पर सन्नाटा और न ही चली राहत की हवा और न ही पसीजे बादल। शनिवार मौसम का सूरत-ए-हाल कुछ ऐसा ही रहा। अधिकतम तापपान 44 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं रात का पारा 34 डिग्री रहा।

शनिवार को 34 डिग्री के साए में सुबह 5.25 बजे सूर्योदय हुआ। 8.30 बजे से गर्म हवाएं महसूस होने लगीं। 10.30 बजे से हीट वेव चलने लगी। जिससे लोग घरों में कैद होने लगे। 11.30 बजे से बाजार, चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों में सन्नाटा खिंचने लगा। हर तरफ धूप का राज नजर आया। इसके बाद मौसम लगातार तीखा होता गया। दोपहर 2.30 बजते ही पारा 44 डिग्री पर टिक गया। जो 4.30 बजे तक एक ही ठिए पर बैठा रहा। इसके बाद बादलों ने झपकी ली। लेकिन, हीट वेव का कहर बरकरार रहा, जिससे शहर में तीखी उमस महसूस हुई। घर, दुकान-मकान, भभक उठे। शाम 7.07 बजे सूरज ने शहर से विदाई ली। लेकिन, रात आठ बजे तक गर्म हवाएं चलती रहीं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो एकाध दिन बाद हल्के-मध्यम बादल छाएंगे। लेकिन, गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

भीषण गर्मी में नल पर लगी लोगों की भीड़ अमृत विचार

पंखे कूलर के सामने से नहीं हटे लोग

■ शनिवार को अधिकतम ताप 44 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं रात का पारा 33 डिग्री दर्ज किया गया। जिससे लोग पूरी रात परेशान रहे। लोग कूलर, पंखों के सामने से हटने की हिम्मत नहीं जुटा सके। वहीं शनिवार का अधिकतम पारा 44 डिग्री तक पहुंचा। जबकि रात में 34 डिग्री दर्ज किया गया। गुजरे कई सालों में गौर करें तो कभी भी रात का पारा इतना नहीं पहुंचा।

लू से बचाव के उपाय

- दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक विशेष ध्यान रखें। यदि कोई जरूरी काम हो तो ही बाहर निकलें अगर निकालना भी हुआ तो गमछा, चस्मा, टोपी या छाते का उपयोग करें।
- पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ जैसे छाछ, लस्सी, नींबू पानी, आम के पना का सेवन करें।
- यात्रा करते समय पानी तथा ओआरएस जरूर अपने साथ रखें।
- हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनें।
- घर की छत पर चूना, सफेद रंग का पेंट करने से तापमान में गिरावट आ सकती है।
- धूप में खड़े वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को छोड़कर न जाएं।

दिन काटना हुआ मुश्किल

■ प्रचंड गर्मी के बीच लगातार गुल हो रही बत्ती ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। शुक्रवार की आधी रात को आवास विकास, आबू नगर, हरिहरगंज समेत कई अन्य इलाकों की बत्ती गुल हुई। जिससे लोग नींद से जाग उठे। शनिवार के दिन भी यही क्रम रहा। देवीगंज बाजार क्षेत्र में आधे इलाके में बत्ती आई तो आधे की गुल रही।

अभी तीन दिन और चलेगी लू

■ दिन की शुरुआत के साथ ही मौसम के तेवर तल्ख होने लगते हैं। सूरज की तपिश लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर रही है। दोपहर में तो हालत और भी बदतर हो रही है। इस समय सूरज की तपिश चरम पर होती है और लू के थपेड़े लोगों को बाहर निकलने में परेशानी का सबब बन जाते हैं। मजबूरी में बाहर निकलने वाले लोग सिर से लेकर पूरे शरीर को ढककर निकल रहे हैं। मौसम विभाग ने 17 जून तक लू चलने की संभावना व्यक्त की है।

गर्मी में बढ़ीं बीमारियां मरीजों की लगीं लाइनें

■ शनिवार को 12 बजे तक की ओपीडी में पहुंचे 650 मरीज

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी ने बीमारियों का ग्राफ तेजी से बढ़ाया है। अस्पतालों में ओपीडी से लेकर वार्ड तक मरीजों से खचाखच भरे चल रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी शनिवार को 12 बजे तक चली। इस दौरान 650 मरीजों के पर्चे बनाए गए। वार्ड में करीब ढाई दर्जन मरीज भर्ती हुए। टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से 25 मरीजों का ऑनलाइन उपचार किया गया। बीमारियों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों को बीमारियां अपनी चपेट में ले रही हैं। कोई उल्टी-दस्त व कमजोरी से परेशान है। तो किसी को बुखार आ रहा है। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पताल मरीजों से खचाखच भरे चल रहे हैं। जिला अस्पताल में शनिवार को करीब 650 पर्चे बनाए गए। ओपीडी में डॉ एनके सक्सेना, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मूलचन्द्रा, ईएनटी सर्जन, मुख्य नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ आदर्श मरीजों को देख रहे थे। डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीज अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। पर्चा बनवाने से लेकर दवा लेने तक मरीजों को लाइन में खड़े होकर इंतजार करना पड़ा। वहीं गर्मी से लोगों के साथ ही पशु पक्षी बेहाल हैं। शनिवार को मवेशियों को पानी पिलाने नहरों व रजबहों किनारे पहुंचे युवाओं ने डुबकियां लगाईं।

वार्ड में भर्ती हुए करीब ढाई दर्जन मरीज

ओपीडी के मरीजों के अलावा वार्ड में भर्ती मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब ढाई दर्जन मरीज भर्ती हुए। जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक रही। वार्ड में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि उल्टी दस्त व बुखार के मरीज भर्ती रहे। पैथोलॉजी में करीब 120 मरीजों की जांच हुई।

ऑनलाइन 25 मरीजों का उपचार किया गया

जिला अस्पताल में शुरू हुई टेलीमेडिसिन सेवा के तहत विभिन्न क्षेत्रों के ऑनलाइन 25 मरीजो का उपचार किया गया। सीएमएस डॉ पीके सिंह ने बताया कि एक डॉक्टर की आईडी पर पांच मरीज ऑनलाइन देखे गए।

सार-संक्षेप

संपत्ति विवाद में हुई चाकूबाजी

फतेहपुर। पीएसी गेट नंबर तीन के पास संपत्ति विवाद में चाकू से भतीजों पर हमले के मामले में चाचा समेत दो के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। राधानगर थाने के विष्णुपुरी निवासी कामता प्रसाद साहू के दो छोटे भाई गोविंद प्रसाद साहू, राजन उर्फ श्याम बाबू हैं। थरियांव में पिता राजाराम साहू छोटे भाइयों के परिवार संग रहते हैं। मकान को लेकर दोनों छोटे भाइयों के बीच विवाद चला आ रहा है। पीएसी गेट के पास कुछ लोगों के सामने विवाद पर समझौते में गोविंद ने अपने साले अशोक साहू को बुलाया था। समझौते में उसके बेटे शिवशंकर साहू व सोनू कुमार भी पहुंचे थे। जहां अशोक व गोविंद ने बेटों पर गाली गलौज कर चाकू से हमला किया। बीच बचाव में भाई श्याम बाबू पर चाकू से हमला किया। इसके बाद गोविंद ने तमंचा लहराकर परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक आरके पटेल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही दोषियों को पकड़कर कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस ने 20 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

फतेहपुर। तीन साल से फरार चल रहे 20 हजार के इनामी गांजा तस्कर को झारखंड से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए इनामी का एक साथी पहले से जेल में बन्द है। पुलिस के अनुसार वाहन चेकिंग दौरान ट्रक में गांजा लेकर जा रहा था तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया था लेकिन वह भाग गया था। सदर कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह, हरिहरगंज चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह और कचहरी चौकी प्रभारी राम नरेश यादव ने झारखंड राज्य के राजगढ़ी गांव से 20 हजार रुपये का इनामिया अपराधी विश्वनाथ तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। डीएसपी सदर वीर सिंह ने बताया कि 2021 में हाईवे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी लेने पर छिपाकर रखे गए 40 बोरी में करीब 12 कुंतल गांजा बरामद किया गया था। जिसकी कीमत लाखों की रही है। उस समय ट्रक पर उज्ज्वल और विश्वनाथ तिवारी गांजा तस्करी कर झारखंड ले जा रहे थे। मौके से उज्ज्वल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और विश्वनाथ चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक ने विश्वनाथ पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जिसको सदर कोतवाली पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी विश्वनाथ को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

बालिकाओं को किया गया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

खेत में जिंदा जलकर गई किसान की जान

संवाददाता,गाजीपुर फतेहपुर

■ खरपतवार जलाने के दौरान घटी घटना
■ सुबह खेत पहुंचने पर हुई जानकारी

रामकृपाल।

अमृत विचार। खेत में खरपतवार जलाकर दूर जा रहा एक किसान कटीले तार में फंसकर वहीं गिर गया और बेहोश हो गया। इसी दौरान फैलती हुई आग ने बेहोश पड़े किसान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी खेत में ही जलकर मौत हो गई और उसका शव रात भर वहीं पर पड़ा रहा। परिजनों को इसकी जानकारी भी नहीं हो पायी।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के बवारा गांव निवासी रामकृपाल (65) गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर गांव से दो किलोमीटर दूर मोहनी तलवा नाम के जंगल में अपने खेतों में गया था। जहां खेत में खड़े खरपतवार को देख आग लगा दिया। देखते देखते आग ने इतना विकराल रूप ले लिया। किसान खेत से बाहर जा रहा था तभी किनारे बंधे कटीले तार में फंस कर गिर गया। वह वहीं पर बेहोश हो गया और खेत पर ही जल कर मौके पर ही मौत हो गई।

किसान के बेटे सुधीर ने बताया कि पिता रामकृपाल शुक्रवार को बिना बताए घर से निकल गए थे देर सायं तक घर न पहुंचने पर काफी खोज बीन किया न मिलने पर सुबह खेतों की तरफ गये तो देखा कि खेत पर पिता की जली हुई लाश पड़ी थी। हम लोगों को इसकी जानकारी सुबह हो पाई।

अधिक शराब पीने से युवक की हुई मौत

फतेहपुर। अधिक शराब पी लेने से एक युवक की हालत बिगड़ गई, जिससे वह मौरंग के ढेर में लेट गया था। शाम को ग्रामीणों ने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के पहुर गांव निवासी संदीप सिंह पुत्र स्व. भल्लू सिंह गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। शुक्रवार की शाम वह शराब के नशे में गांव के बाहर घूम रहा था। बताया कि उसने अधिक शराब पी रखी थी। जिससे वह गांव के बाहार मौरंग के एक ढेर पर वह लेट गया था। काफी देर बार परिजन उसकी तलाश करते हुए गांव के बाहर पहुंचे जहां संदीप को मौरंग के ढेर में लेटा देखा। उसे परिजनों ने उठाने का प्रयास किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि उसकी अधिक शराब पीने से मौत हो गई है।

नगर पंचायत में ठंडे पानी के लिए तरस रहे राहगीर

संवाददाता असोथर

44 डिग्री तापमान में सूख रहा लोगों का गला

● भीषण गर्मी में भी नहीं है प्याऊ की व्यवस्था, डीएम से होगी शिकायत

बिना प्याऊ के झाल तिराहा। अमृत विचार

अमृत विचार। बीते एक माह से बढ़े तापमान के कारण भीषण गर्मी का कहर जोरों पर है। 44 डिग्री तापमान के चलते राहगीरों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। विभिन्न जगहों से आने जाने वाले लोगों का बुरा हाल हो रहा है।

प्रशासन की बात करें तो किसी भी रास्ते में न तो हैंडपंप लगाए गए हैं और न ही टंकियों का प्रबंध किया गया है। जो टंकिया बनी भी हुई हैं वह बेमकसद साबित हो रही हैं और जो हैंडपंप लगे भी हुए हैं वह खुद प्यासे खड़े हुए हैं। ऐसा होने से दूसरे शहरों व गांवों से आने वाले लोगों को पानी की तलाश के लिए परेशान होना पड़ रहा है। नगर व ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाली रामनगर कौहन व असोथर से थरियांव रोड एक ऐसी सड़क है जहां से हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन इस रोड पर न तो किसी संस्था की तरफ से पानी का प्रबंध किया गया है और न ही प्रशासन अधिकारियों की तरफ से। आलम यह है कि लोगों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम, रविदेव सिंह गौतम, महामंत्री दिनेश सिंह ने मांग करते हुए कहा कि राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए पानी का प्रबंध किया जाए। अगर राहगीरों के लिए ठंडे पानी पीने की व्यवस्था नगर पंचायत प्रशासन द्वारा जल्द नहीं किया जाता है तो जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा जाएगा। मामले में अधिशाषी अधिकारी एचपी सिंह ने कहा कि सब्जी मंडी, झाल तिराहा में पानी टंकियों की व्यवस्था कराई गई है।

मैं कस्बे में ई-रिक्शा चलाकर परिवार को भरण पोषण करता हूं। सुबह घर से निकलने से पहले बोतल में पानी भर लेता हूं। लेकिन भीषण गर्मी के चलते वह भी गर्म हो जाता है। बस स्टॉप में प्याऊ की कोई व्यवस्था नहीं है। मजबूरी में पानी खरीदकर पीना पड़ता है।

कंधई, ई-रिक्शा चालक

इतनी भीषण गर्मी में गला सूख जाता है। बस स्टॉप, टैंपो स्टैंड पर राहगीरों, क्षेत्रीय ग्रामीणों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा कराई जानी चाहिए थी। सर्दियों में समाजसेवी घर से निकलकर कम्बल बांटते हैं लेकिन यहां गर्मी में पानी की व्यवस्था करने वाला कोई नहीं है।

पप्पू, राहगीर

नगर पंचायत द्वारा इस भीषण गर्मी में प्याऊ की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई है। राहगीर और बाजार आने जाने वाले लोगों को ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। अधिशाषी अधिकारी द्वारा जल्द ही प्याऊ की व्यवस्था नहीं कराई गई तो जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा जाएगा।

सोनू सिंह गौतम, ब्लाक अध्यक्ष भाकियू

चौराहों, बाजारों, सब्जी मंडी, बस स्टॉप और टैंपो स्टैंडों में अधिशाषी अधिकारी को इतनी भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था करानी चाहिए थी। साथ ही सभी वार्डों के सभासदों को अपने ज्यादा चलने वाले रास्ते या जरूरत वाली जगहों पर ठंडे पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था करानी चाहिए थी।

सूरजभान पाल, समाजसेवी

फर्जी सिंचाई करा रहे अधिकारी

औंग। कहते हैं कि सरकार की निःशुल्क योजना जितनी सुनने में अच्छी है उससे कहीं ज्यादा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। इसी से सम्बन्धित राज्य सरकार की निःशुल्क सिंचाई योजना सुनने में किसानों का भला करने वाली योजना लगती है लेकिन सच्चाई कुछ और है। सिंचाई की वसूली न होने का लाभ उठाते हुए मलवां सींच पर्यवेक्षक फर्जी सिंचाई के सहारे अपनी नौकरी कर रहे हैं और अब इनका दिसम्बर में रिटायरमेंट है। यानी कि अभी छह महीने मलवां ब्लॉक की फर्जी सिंचाई और दर्ज की जायेगी। दबी जुबान सुनने में आ रहा है कि इस फर्जी सिंचाई से किसानों का कुछ भला नहीं हुआ है ।

युवक को मवेशी चोर समझकर पीटा, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

● खेत में गया था युवक, लोगों ने पकड़कर हाथ-पैर रस्सी से बांधे

अमृत विचार। खेत में गए एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर हाथ पैर बांधकर पिटाई कर दी। किसी ग्रामीण ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

युवक का हाथ पैर बांधकर पिटाई करने का वीडियो कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा के नरसिंहपुर गांव का है। यहां रात में युवक को ग्रामीणों ने मवेशी चोर समझकर पकड़ लिया और रस्सी से हाथ पैर बांधकर पिटाई कर दी। किसी ग्रामीण ने युवक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो में युवक अपने को पड़ोस के गांव का बता रहा है लेकिन गांव के लोग पिटाई करने के बाद पुलिस को बुलाने की बात कह रहे हैं। युवक किसी पंकज नाम के व्यक्ति को बुलाने की बात गांव के लोगों से कह रहा है। उसके बाद भी गांव के लोग कुछ मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि जिस युवक को मवेशी चोर समझकर पिटाई की गई है वह मौहर गांव का रहना वाला रजोली है और शराब के नशे में रात में अपने खेत गया था। वहां पर गांव के लोगों ने गलतफहमी में पकड़कर पिटाई की थी। इस मामले में किसी ने कोई तहरीर नहीं दी गई है। अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई होगी।

बबूल की डाल काटने पर मां-बेटे को जमकर पीटा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। एक युवक पेड़ से लकड़ी काट रहा था, तभी गांव के कुछ दबंग लोगों ने आकर लाठी से पिटाई शुरू कर दिया। बचाने आयी मां और बाबा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला जब थाना गई तो पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की।

ललौली थाना क्षेत्र के शंकर पुरवा मजरे जमेनी गांव के रहने वाले मिथुन पुत्र राम मिलन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि 13 जून की सुबह 9 बजे वह अपने खेत पर लगे बबूल के पेड़ से लकड़ी काट रहा था। तभी गांव के कुछ दबंग लोगों ने आकर लाठी से मारपीट शुरू कर दिया। जब मेरी मां फूलवती देवी और बाबा मइयादीन बचाने आये तो दबंग लोगों ने हम तीनों लोगों को लाठी डंडे से पीट दिया। पिटाई के कारण मुझे चोट आई है। चौकी गए तो थाना भेज दिया गया। वहां पर कोई सुनवाई नहीं की गई।

छेड़खानी के दोषी को तीन साल की कैद

फतेहपुर। अपर सत्र न्यायाधीश स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने अनुसूचित जाति की युवती से छेड़खानी में युवक को दोषी करार दिया। कोर्ट ने तीन साल कैद और 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

किशनपुर थाना क्षेत्र की एक युवती से चार साल पहले अहमदगंज तिहार निवासी मिथलेश कुमार ने छेड़खानी की थी। जानकारी के मुताबिक कोर्ट ने मामले की शुक्रवार को अंतिम सुनवाई की। कोर्ट ने मिथलेश कुमार को दोषी करार देकर सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

पेंशन के लिए लाभार्थी अपडेट करा लें केवाईसी

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मौत के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही का भुगतान आधार बेस पेमेन्ट किये जाने के निर्देश निदेशालय महिला कल्याण विभाग से मिले हैं। बताया कि पति की मौत के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थी जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार लिंक (केवाईसी) अपडेट नहीं है। वह अपनी बैंक शाखा में जाकर आधार केवाईसी अपडेट करायें।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

तैयारी | बकरों की कीमत 20 हजार रुपये से हो रही शुरू, गर्मी में भी लोग पहुंच रहे बाजार

ईद-उल-अजहा को लेकर सज गए बाजार

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

बाजार में मौजूद बकरे। अमृत विचार

अमृत विचार। ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार के मद्देनजर बाजार पूरी तरह से सज गये हैं। बकरा बाजार ही नहीं, कपड़ा, जूता, चप्पल, चूड़ी-कंगन की दुकानें भी सज-संवर उठी हैं। वहीं वजन, दांत, कद-काठी और साफ-सुथरे बकरों को देखकर सौदे किये जा रहे हैं। किसी की निगाहें राजस्थानी, देशी, जमुनापानी बकरों पर टिकीं हैं तो किसी की बरबरे बकरे पर। काले चित्तेदार और सफेद धब्बे वाले बकरे पसंद पर हावी हैं। अबकी बकरों की कीमतें काफी हैं। वहीं शहर के अन्य बाजारों में बकरीद की खरीदारी तेज हो गई है।

17 जून को बकरीद मनाई जाएगी। इस्लाम धर्म में बकरीद पर कुर्बानी का खास महत्व है। इसको लेकर बकरा मंडी सज गई है। बकरा मंडी सहित जनपद के अन्य स्थानों पर बकरों की खरीदारी तेज है। तंदुरुस्त और बड़े बकरों पर लोगों की निगाहें लगी हुई हैं। व्यापारी भी बकरों को आकर्षक अंदाज में सजाकर दाम बता रहे हैं। बाजार में राजस्थानी, जमुनापानी, बरबरे बकरों की नस्ल लोगों की पसंद पर हावी है। हालांकि बकरों के दाम 20 हजार रुपये से शुरू होकर डेढ़ लाख रुपये तक हैं।

कपड़ों की भी हो रही है खरीदारी

ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर लोग जबरदस्त खरीदारी कर रहे हैं। कपड़ा, जूता-चप्पल, कॉस्मेस्टिक, चूड़ी-कंगन की दुकानें खासी गुलजार रहीं। परदानशीनें भी बाजारों का रुख कर रही हैं। वहीं युवा जींस-टी-शर्ट पर नजरें लगाए बैठे हैं। बुजुर्गवार की पसंद पर कुर्ता-पायजामा हावी है। सफेद जालीदार टोपियां खूब बिक रही हैं। वहीं घरों में पकवान बनाने के लिए शहर के चौक बाजार के सहित अन्य बाजारों में जमकर खरीददारी की गई।

महंगे हुए बकरे

बकरों के व्यापारी बताते हैं कि बकरों की कीमतें बढ़ीं है। माल-भाड़ा, चारा, पानी सभी में बढ़ोतरी हुई है। बताया, बकरों पालने में भी काफी खर्च होता है। अच्छे वजन वाले बकरों की कीमती 35 हजार से शुरू होकर 80 हजार तक है। बकरा मंडी में पहुंचे अखलाक कहते हैं कि जमनापारी, बरबरे बकरों की डिमांड ज्यादा है। व्यापारी कहते हैं कि तंदरुस्त बकरों की डिमांड है। 25 हजार से शुरू होकर बकरे 50 हजार तक मौजूद हैं।

बकरीद में खुले मैदान में कुर्बानी न दें : शहर काजी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

● शहर काजी ने मुस्लिम भाइयों से किया आह्वान
● मलबा खुले में न फेंकने की दी हिदायत

अमृत विचार। शहर काजी कारी फरीदउद्दीन कादरी ने जनपद के मुस्लिम भाइयों से अह्वान किया कि ईदु उल अज़हा का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देने का त्यौहार है। लिहाजा कुर्बानी के अवसर पर अपने पड़ोसी व शहरी दीगर बिरादराने वतन यानी बहुसंख्यक भाइयों की श्रद्धा का पूरा-पूरा ध्यान रखें कुर्बानी के लिए प्रतिबन्धित पशुओं की ओर ध्यान न लगाकर गैर प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी भी खुलेआम न करें।

गोश्त के आदान-प्रदान में भी पर्दे का ध्यान रखें। काजी शहर कारी फरीदउद्दीन कादरी ने यह भी सख्ती के साथ मना किया कि कुर्बानी करते समय जानवर की फोटो लेकर मोबाइलों के जरिए उसे वाट्सअप या सोशल मीडिया पर शेयर न करें। जिससे दूसरे बिरादरे वतन के जज्बात को ठेस पहुंचे और अपनी बस्ती व शहर का अमन चैन खराब हो घरों पर की जानेवाली कुर्बानी का मलवा रोड पर घरों से बाहर न फेंके बल्कि दफना दें या नगर पालिका के इन्तजाम का इन्तजार करें उन्होंने कहा कि अपने आस-पास व शहर देहात में आपसी भाईचारा बनाए रखे।

जरूरत पड़ने पर स्थानीय प्रशासन का साथ दें। ईदुलअजहा के तीन दिनों में अल्लाह के नजदीक बुर्किनी से बहतर कोई अमल नहीं है।

134 शिकायतों में मात्र 3 निस्तारित

आचार संहिता खत्म होने के बाद सदर तहसील में आयोजित हुआ कार्यक्रम

सम्पूर्ण समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। माह के तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर के सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जन शिकायतों को सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गए।

इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशानुरूप प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। भूमि से सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर टीम भावना से मौके पर जाकर भूमि विवाद के प्रकरणों का हल कराया जाये। उन्होंने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ पोर्टल आदि पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, समयबद्धता से संतुष्टि के आधार पर करे। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाए। निस्तारण किए गए शिकायतों का मोबाइल फोन से संपर्क कर फीडबैक जरूर लिया जाए। शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा समय-समय पर भी करे। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील-सदर में राजस्व, पुलिस, विकास, पेंशन, स्वास्थ्य, कृषि आदि विभागों के कुल 134 शिकायती पत्र शिकायतकर्ताओ से प्राप्त हुए के सापेक्ष तीन का निस्तारण अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। इस मौके पर एसडीएम प्रभाकर त्रिपाठी, तहसीलदार सदर, सीएमओ, जिला विकास अधिकारी, एसओसी चकबन्दी, उपायुक्त मनरेगा, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी समेत संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

शिकायतों का निस्तारण करतीं डीएम सी. इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह। अमृत विचार

सड़क हादसों में चार लोग घायल

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान किशोर समेत चार लोग घायल हो गए।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी सईद का पुत्र हसीन, रसूल का पुत्र सहरून व मलवां थाना क्षेत्र के उमरगहना गांव निवासी आशाराम का पुत्र गोलू ट्रैक्टर में बैठकर बिलंदा किसी काम से गए थे। वापस लौटते समय जैसे ही वाहन आंबी के समीप पहुंचा तभी सड़क पार कर रही भैंस को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर बिजली के पोल से टकरा गया। जिससे तीनों ट्रैक्टर से नीचे गिरकर घायल हो गए। इसी तरह राधानगर थाना क्षेत्र के रारा मंगतपुर गांव निवासी दिलीप का पुत्र कुलदीप शनिवार की सुबह गांव के बाहर साइकिल चला रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

रिक्त पदों पर उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) सी इन्दुमती ने बताया कि फतेहपुर के नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-32 पनी एवं नगर पंचायत कारीकान धाता के वार्ड संख्या-02 ज्योतिबाफुले नगर के सदस्य के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन की समस्त कार्यवाहियां आयोग द्वारा नियत समय सारणी के अनुसार सम्पन्न कराये जाने के लिए रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है।

तहसील सदर नगर पालिका परिषद फतेहपुर रिक्त वार्ड संख्या–32–पनी के रिटर्निंग अधिकारी अजय बाबू गुप्ता, सहायक अभियंता ड्रेनेज खंड, मोबाइल नंबर-9411465340 एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अनुराग प्रताप, अवर अभियंता, निचली गंगा नहर फतेहपुर मोबाइल नंबर-9161665310 है। तहसील खागा नगर पंचायत कारीकान धाता रिक्त वार्ड संख्या-02 ज्योतिबाफूले नगर के रिटर्निंग अधिकारी डा प्रवीण सचान, पशु चिकित्साधिकारी, धाता, मोबाइल नंम्बर-9450496698 एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अनुपम कुमार गुप्ता, अवर अभियन्ता, निचली गंगा नहर मोबाइल नंबर-8299716682 है। आरक्षित रिटर्निंग अधिकारी विवेक सिंह, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग मोबाइल नंबर 9455220185, मनोज कुमार सहायक अभियंता सिंचाई खंड फतेहपुर मोबाइल नंबर 8318226703 एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी गरुड़ देव, अवर अभियंता, निचली गंगा नहर फतेहपुर मोबाइल नंबर 9450988004, प्रशांत कुमार, अवर अभियंत्रण विभाग विकास खंड भिटौरा मोबाइल नंबर 9721018796 है।

बुखार पीड़ित छात्रा की मौत

हुसेनगंज। दो दिन से बुखार से पीड़ित एक छात्रा की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां ले जाने से पहले ही उसकी सांसें थम गईं।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के बरौहां गांव निवासी जगदीश चौहान की आठ वर्षीय पुत्री मोहिनी शुक्रवार से बुखार से पीड़ित थी। परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब नौ बजे परिजन निजी साधन से मोहिनी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हुसेनगंज लेकर पहुंचे। मृतका के चचेरे भाई नरेन्द्र सिंह का आरोप है कि सीएचसी में बुखार से पीड़ित बहन को डॉक्टरों ने करीब दो घंटे तक बेडपर लिटाये रखे और कोई इलाज नहीं किया। करीब साढ़े ग्यारह बजे डॉक्टरों ने सीएचसी से सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। छात्रा को अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

सियार ने आधा दर्जन किसानों किया घायल

फतेहपुर चौरासी। फसलों की रखवाली कर रहे आधा दर्जन से अधिक किसानों को सियार ने हमला कर घायल कर दिया।

बता दें कि थानाक्षेत्र के गांव मक्का खेड़ा में शुक्रवार देररात खेतों में फसल की रखवाली कर रहे आधा दर्जन से अधिक किसानों को जंगली सियार ने हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद कई किसानों ने निजी अस्पतालों में इलाज कराया। वहीं कई किसानों ने सीएचसी पहुंचकर इलाज कराया और वैक्सीन लगवाई। सियार के हमले से घायल हुए किसानों में अवधेश पुत्र विश्वनाथ, आशीष पुत्र रामबाबू, नन्हेलाल पुत्र जशोदानन्दन, रजेपाल, राजकुमार, जय कुमार, जगजीवन लाल, राम व रहीश शामिल रहे।

छप्पर में लगी आग से गृहस्थी व मवेशी जले

संवाददाता खागा फतेहपुर

- छह मवेशियों की जलकर मौके पर ही हुई मौत

अमृत विचार। खखरेरु थाना क्षेत्र के अढ़ाईया गांव में शनिवार की दोपहर अज्ञात कारणों से घर के बाहर बने छप्पर में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से छप्पर के नीचे बंधे आधा दर्जन से ज्यादा भेड़ बकरियां जलकर राख हो गईं। साथ ही पीड़ित परिवार के खाने पीने की सामग्री भी आग में जलकर राख हो गई।

खखरेरू थाना क्षेत्र के अढ़ाईया गांव निवासी सरोज देवी पत्नी इंद्रपाल के घर बाहर बने छप्पर में शनिवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पहुंची परवेजपुर चौकी पुलिस ने ग्रामीणों संग कड़ी मेहनत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इस दौरान छप्पर के नीचे बंधे तीन भेड़ व तीन बकरियां जलकर राख हो चुकी थी। हालांकि कड़ी मशक्क्त के बाद दो अधजली भेड़ों को किसी तरह बचा लिया गया।

पीड़ित सरोज देवी ने बताया की ज्यादा गर्मी होने के कारण सारे भेड़ बकरियों को छप्पर के नीचे दोपहर के समय बांध दिया गया था। किसी अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई जिसमे ग्रामीणों द्वारा कुछ को बचा लिया गया है तथा तीन भेड़ा व तीन बकरियां आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गई। वहीं सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल मिथुन शुक्ला ने बताया की अग्निकांड के कारण पीड़ित परिवार का काफी नुकसान पहुंचा है।

गुमटी में लगी आग से गैस सिलेंडर फटा, दुकानें जलीं

मियागंज, उन्नाव। आसीवन थानांतर्गत रात 11 बजे सड़क किनारे लकड़ी की गुमटी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे दुकान में रखा गैस सिलेंडर फट गया। इससे आसपास की अन्य गुमटियों में भी आग लग गई और उनमें रखा लाखों का समान जलकर राख हो गया। थानाक्षेत्र के चकलवंशी-संडीला मार्ग स्थित कस्बा रसूलाबाद के मंदिर चौराहे पर दीपक राठौर निवासी रसूलाबाद की लकड़ी की गुमटी में दुकान रखे था। जिसमें शुक्रवार देररात अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें दुकान में रखा गैस सिलेंडर फट गया। जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते चौराहे पर अन्य गुमटियों में भी आग लग गई। इसमें सभी दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ।

गांधी पार्क में योग सप्ताह की हुई शुरुआत

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन एवं जिला विकास अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुधीर रंजन व जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी डॉ अमरीश चंद्रा के नेतृत्व में दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को योग सप्ताह का उद्घाटन विधायक खागा कृष्णा पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने गांधी पार्क में फीता काटकर और भगवान धनवंतरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम में माननीय अतिथि गणों के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अंगद सिंह व कमल सिंह पटेल योगाचार्य द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया।

सभी प्रतिभागियों क़ो आयुष विभाग द्वारा सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई। डॉ पूजा चिकित्सा अधीक्षक, डॉ आयुष पटेल व विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा जनपद के सभी तहसील, ब्लॉक व नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत मुख्यालयों व चिकित्सा महाविद्यालय व सरकारी कार्यालयों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गांधी पार्क में योगासन करते लोग। अमृत विचार

सांड़ के हमले से किसान की गई जान

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। मवेशियों को चारा डालने निकले किसान को सांड़ ने दौड़ा लिया। सींग से उठाकर फेंकने के बाद अन्ना सांड़ ने पेड़ से दबाकर मार डाला।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के खिदिरपुर निवासी विद्या सागर उर्फ तिवारी पटेल (48) किसान थे। उन्हें मामा राम सिंह की संपत्ति मिली थी। वह परिवार समेत मामा के गांव मलवां थाना क्षेत्र के सहिली में रहते थे। वह भोर करीब तीन बजे भैंस को चारा डालने जा रहे थे। रास्ते से अन्ना साड़ को हटाने लगे। सांड़ ने किसान को दौड़ा लिया। भागते समय किसान ईंट की ठोकर लगने से गिर पड़ा। पीछे से पहुंचे सांड़ ने सींग से उठाकर किसान को बबूल के पेड़ के पास फेंका। बबूल के पेड़ पर किसान को दबाकर सांड़ ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर मामा राम सिंह व अन्य लोग पहुंचे। जानलेवा हमले से किसान की हालत गंभीर हो चुकी थी। परिजन कार से किसान को अस्पताल ले जाने लगे, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मामा रामसिंह ने बताया कि बच्चे न होने के कारण भांजे को गोद लिया था। बचपन से भांजे को पाला और ब्याह किया था। सारी संपत्ति भी बातौर पुत्र दे रखी थी। किसान की मौत से पत्नी रिंकी देवी का हाल बेहाल है।

यासीन शाह कादरी का उर्स मनाया गया

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित मशहूर दरगाह खानकाहे आलिया कादरिया यासीनिया में हजरत सैयद मखदूम यासीन शाह कादरी का 264वां उर्स मुबारक अक़ीदत के साथ मनाया गया। दरगाह के सज्जादानशीं हज़रत सैय्यद अतहर शाह कादरी उर्फ अत्तु मियां की सरपरस्ती व हजरत सैय्यद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां की ज़ेरे निगरानी में गुरुवार रात जलसा ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। जिसमें नगर व क्षेत्र के अलावा दूर-दूर से आये अकीदतमंदों ने शिरकत की। शुक्रवार को बाद नमाज इशा दरगाह में गागर उठाई गई। गागर के बाद महफिले शमां का प्रोग्राम हुआ। जिसमें मशहूर कव्वाल अब्दुल कादिर रहमती व नाजिर रहमती ने अपने बेहतरीन कलाम पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद कुल शरीफ की फ़ातिहा हुई।

प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते कांग्रेसी। अमृत विचार

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

अमृत विचार। खागा कस्बे में बनारस से कानपुर जाते समय प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अजय राय का पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को धूप में दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

उन्हें माला फूल भी पहनाए, अजय राय ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं को अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरी तरीके जुट जाने को कहा है। प्रमुख रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निर्मल तिवारी पूर्व अध्यक्ष महेश द्विवेदी शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की बात कही है।

गंगा दशहरा स्नान आज, घाट कराए गये चमाचम

शुक्लागंज उन्नाव। गंगा दशहरा स्नान पर नगर व दूर दराज से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं। जिसको देखते हुए पालिका ने सभी घाटों की साफ सफाई करवाई है। सुरक्षा को देखते हुए नावें और गोताखोर भी तैनात किये गये हैं। जो गहरे पानी में स्नान करने वाले लोगों पर नजर रखेंगे।

हालांकि गंगा में इस वक्त पानी कम है लेकिन कहीं कहीं बहुत गहरा पानी है। गंगा दशहरा के एक दिन पहले शनिवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर बालूघाट, नमामि गंगे घाटा, गंगा विशुन घाट, शिव घाट, मोनू घाट के अलावा अन्य शुक्लागंज के घाटों की साफ सफाई कराई गई।

सार-संक्षेप

चौकी प्रभारी को विदाई देते ग्रामीण अमृत विचार

छिवलहा चौकी प्रभारी को दी गई विदाई

हथगाम। छिवलहा चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह के स्थानांतरण होने पर शनिवार को चौकी परिसर में नवायुक्त चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार सिंह के साथ सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने चौकी इंचार्ज विनोद कुमार सिंह को फूलमाला पहनाकर विदाई दी। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखा। इस मौके पर हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह, कांस्टेबल उपेंद्र, विजय कुमार, राजेश लोधी, धर्मेंद्र दुबे, देवेंद्र, डा. पुष्पेन्द्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे

दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

असोथर। स्थानीय पुलिस ने कंधिया गांव निवास मोनू सिंह उर्फ रावेन्द्र सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

छत से गिरकर युवक घायल

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के कबरियास गांव निवासी शिवशंकर पाल का पुत्र महेंद्र पाल खाना खाकर छत पर सो रहा था। रात में लघुशंका के लिए उठा और नींद के झोंके में नीचे गिरकर घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

68 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस 68 वाहनों का चालान कर दो वाहनों से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं आठ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। सदर कोतवाली पुलिस ने बिन्दकी के खंझालपुर शहबाजपुर जोनिहां निवासी राजकुमार और सदर कोतवाली के चकबिसौली निवासी रामचन्द्र के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

औंग बाजार में आठ घंटे पसरा रहा सन्नाटा

औंग। कस्बे स्थित सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को लगने वाली बाजार में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कोई खरीददार न आने के कारण करीब आठ घंटे तक बाजार खामोश रही। पड़ रही प्रचण्ड गर्मी ने लोगों को बाहर निकलने नहीं दिया। हालात यह रहे कि हरी सब्जियां झुलसकर मुरझा गईं। दुकानदार पानी के छींटे मार मारकर सारा दिन उन्हें हरा रखने का प्रयास करते रहे। टमाटर लाल से पीला हो गया, गुड़ धूप में पिघलकर दुकान में ही बह चला। आधी से ज्यादा दुकानों में दिन भर दुकानदार नहीं रहे। हालांकि कस्बे की ग्राम प्रधान ममता शुक्ला ने बाजार में पेयजल और प्रकाश की बेहतरीन सुविधा दे रखी है। लेकिन सड़क किनारे के हरे पेड़ कट जाने के कारण छाया की व्यवस्था शून्य है। ग्राम पंचायत की ओर से कई बार बाजार के निकट सरकारी भूमि आबादी में हरे वृक्ष रोपने का प्रयास किया गया ताकि बाजार में घनी छाया बहाल हो सके लेकिन कुछ अवैध कब्जेदारों के कारण वृक्षारोपण नहीं हो सका। हलका लेखपाल ने बाजार के पास सरकारी भूमि निकाल कर देने से मना कर दिया है। दुकानदारों का कहना है कि अगर बगल की सरकारी जमीन में वृक्षारोपण हो जाए तो काफी हद तक गर्मियों में दुकानदारों व खरीददारों को राहत मिल सकती है।

जबरिया बिजली विभाग की लापरवाही ग्रामीणों को पड़ रही भारी, परेशान हो रहे ग्रामीण

किसान की ट्राली में रख दिया ट्रांसफार्मर

संवाददाता असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। असोथर ब्लॉक के जेई और लाइन मैन की लापरवाही ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। बिजली न मिलने से ग्रामीणों का भीषण गर्मी में जीना दूभर हुआ। जेई और लाइनमैन पर जबरन ट्रॉली में महीनों से ट्रांसफार्मर रख ट्राली फंसा रखा है। सूत्रों की मानें तो प्लाट के सामने से ट्रांसफार्मर हटाने के एवज में दो ग्रामीणों से सात-सात हजार हड़पने का मामला सामने आया है।

असोथर थाना क्षेत्र के प्रताप नगर में 13 मई को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लोड अधिक होने से जल गया था। जिस पर 18 मई को 250 केवीए का ट्रांसफार्मर पास हुआ और उसे एक किसान के ट्रैक्टर ट्राली से जेई कमल कुमार ने लादकर लाइन चालू करवा दिया।

ट्रैक्टर–ट्राली में ट्रांसफार्मर रखकर जुगाड़ से की जा रही बिजली आपूर्ति अमृत विचार

- जुगाड़ से लगाया गया ट्रांसफार्मर चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट
- पीड़ित ट्रैक्टर मालिक जेई व लाइनमैन से परेशान

ग्रामीणों ने बताया कि 250 केवीए के ट्रांसफार्मर के लिए पक्के चबूतरे की आवश्यकता होती है। बताया कि जेई ने दो प्लॉट मालिक जगदीश व गौरी शंकर दुबे से सात-सात हजार रुपये लेकर ट्रांसफार्मर दूसरी जगह लगाने की बात की लेकिन प्लाट मालिकों के सामने से न अभी तक ट्रांसफार्मर हटा और न ही ट्रैक्टर ट्रॉली मालिक की अभी तक ट्राली खाली हुई। जिससे गुस्साए ट्राली मालिक ने इंसुलेटर काट दिया। जिससे सैकड़ों घरों की लाइट गुम हो गई और दो दिनों से लाइट न मिल पाने से ग्रामीणों ने भ्रष्ट जेई पर कार्यवाही की मांग कर लाइन चालू करने की शिकायत की। वहीं गुस्साए ट्रैक्टर ट्राली मालिक द्वारा शाम चार बजे के करीब ट्राली में ट्रांसफार्मर लदा लेकर जाने की सूचना पर जेई ने कर्मचारियों को भेजकर ट्रैक्टर मालिक से कहकर पॉवर हाउस उपकेंद्र असोथर में ट्राली से ट्रांसफार्मर उतरवाकर ट्राली खाली करवा कर मालिक ध्यान सिंह के सुपुर्द कर दिया। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों को अभी तक बिजली के समस्या से छुटकारा नहीं मिल सका। मामले में जेई कमल कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा चबूतरा बनाने को लेकर विरोध किया गया था। जल्द ही चबूतरे का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

यूकेलिप्टस के बाग में आग लगाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- हजारों की संख्या में पक्षी-कीट मरे, पांच लाख का नुकसान

अमृत विचार। औंग थाना क्षेत्र के मिराई गांव के धर्मेंद्र सिंह उर्फ रामू का पांच बीघे का यूकेलिप्टस का बाग है। खुन्नस में गांव के ही दो लोगों ने आग लगा दी है, जिससे पूरा बाग जलकर बर्बाद हो गया है। बाग मालिक ने दोनों व्यक्तियों के नाम थाने में नामजद तहरीर दी थी।

हल्का इंचार्ज एसआई दिवाकर पांडे मौके पर जांच करने गए थे। अभी तक कोई कार्रवाई न कर तहरीर को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। पुलिस के रवैया से दुखी होकर बाग मालिक ने शनिवार तहसील दिवस पर शिकायती पत्र दिया है। शिकायती पत्र में बाग मलिक ने हलका इंचार्ज द्वारा आगजनी करने वालों से मिली भगत का हवाला भी दिया है। एसडीएम बिंदकी ने रिपोर्ट दर्ज कर करवाई करने को मौके पर मौजूद औंग इंस्पेक्टर को आदेशित किया है।

धर्मेंद्र सिंह ने बताया सोमवार को मुख्यमंत्री दरबार में लखनऊ जाकर आगजनी के मामले के साथ हल्का इंचार्ज की करतूत की शिकायत करेंगे। पर्यावरण के संरक्षक किसान ने बताया कि कीट सांप, नेवले, खरगोश तथा पक्षी घोसलों के साथ आग से जलकर मर गए। आग से मरे पक्षियों सांप व कीट से पर्यावरण संतुलन खराब हो सकता है। आगजनी से हजारों की संख्या में पेड़-पौधे जलकर राख हो गए हैं। धर्मेंद्र सिंह ने बताया लगभग पांच लाख कीमत के पौधे जल गए हैं।

एक नजर

तीन लोगों ने युवक से की हजारों रुपये की ठगी

गुरसहायगंज, कन्नौज। तीन लोगों ने धोखाधड़ी कर युवक को अपने जाल में फंसा लिया और हजारों रुपये ठग लिए। थाना विशुनगढ़ के ग्राम रैपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को वह छिबरामऊ से टेंपो पर सवार होकर गुरसहायगंज आया था। तिराहा पर उतर गया। इसके बाद तीन अज्ञात लोगों ने बातचीत शुरू कर दी। इस दौरान उसे जाल में फसा कर उसका मोबाइल ले लिया और फोन-पे से 8400 रुपये अलग-अलग नंबरों पर ट्रांसफर कर मौके से फरार हो गए। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि अंजान लोगों की बातों में आकर ठगी का शिकार होने का मामला लग रहा है। जांच की जा रही है।

नशे में किशोर को पीटा, मां को किया निर्वस्त्र

कन्नौज। शराबी ने मकान के सामने रहने वाले किशोर से गालीगलौज किया। मना करने पर घर में घुस कर पीटा। बचाने पहुंची उसकी मां को निर्वस्त्र कर दिया। किशोर का एक पैर टूट गया। कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज की गई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के निवासी शराबी ने गांव के ही किशोर को नशे में गाली दी। मना करने पर पीटने दौड़ा। वह भाग कर अपने मकान में घुस गया। पीछा करते हुए अंदर पहुंचे शराबी ने मकान के आंगन में उसे गिरा कर डंडे से पीटा। मां पुत्र को बचाने पहुंची तो उसे पकड़ कर कपड़े फाड़ दिये। मारपीट में किशोर का एक पैर टूट गया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अज्ञात युवक नाबालिग को ले गया

कन्नौज। सदर कोतवाली के मानीमऊ चौकी क्षेत्र के एक गांव की निवासी किशोरी के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 वर्षीय बहन को 13 जून को सुबह नौ बजे अज्ञात व्यक्ति भगा ले गया। बहन के बैग में एक मोबाइल मिला। इसमें कुछ नंबर मिले जिनसे फोन आते रहे। आशंका है कि उक्त नंबरों से अधिक बात होने के बाद संबंधित भगा ले गया।

किशोरी को ले गया युवक

सौरिख, कन्नौज। क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जनपद औरैया के थाना फफूंद के गांव मिरगांव निवासी रोहित उर्फ भोले पुत्र कमलेश 12 जून की रात पुत्री को फुसला कर भगा ले गया। सुबह जागे तो पाया कि पुत्री घर पर नहीं थी। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

पारा 46.5 पर, तापमान ने तोड़ा 48 साल का रिकॉर्ड

18 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं गर्म हवाएं, 1976 में इसी माह अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री था

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पश्चिमी विक्षोभ का असर अब मैदानी इलाके में कहर बरपा रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान से पारा अब सातवें आसमान में पहुंच गया है। शनिवार को दोपहर में पारा 46.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो जून में पिछले 48 सालों में सबसे अधिक तापमान है। हालांकि गर्मी 47 डिग्री से अधिक महसूस हुई। मौसम विभाग के मुताबिक वर्ष 1976 में जून में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था।

शनिवार को सुबह से ही सूर्यदेव ने अपना रौद्र रूप दिखाया। इससे पहले रात में बादल छाए रहे और तेज हवाएं चलतीं रहीं। कहीं-कहीं पर बादलों की गर्जना भी सुनाई दी। दोपहर में धूप की चमक और तेज हो गई तो 18 किमी प्रतिघंटा के वेग से चली गर्म हवाओं ने झकझोर कर रख दिया। ऐसे में लोग घरों से बाहर नहीं निकले।

दोपहर में जीटी रोड पर इस तरह निकला ट्रैक्टर चालक। अमृत विचार

जिले में सबसे अधिक तापमान (डिग्री सेल्सियस में)

वर्ष	अधिकतम	न्यूनतम
मई 1967	47.0	29.6
जून 1971	45.6	29.0
मई 1975	45.2	28.6
जून 1976	46.2	30.0
मई 1982	45.2	29.4
जून 1991	45.2	29.5
मई 1998	45.1	28.7
जून 2005	45.3	29.6
मई 2016	45.2	28.4
जून 2024	46.5	29.7

(स्रोत : कृषि मौसम विज्ञान विभाग)

- **पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से नौतपा से अधिक तप रहा चालू माह**

बाजार में और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। दोपहर में बाइक सवार लोग और ट्रैक्टर सवार लोग चेहरा बांधकर निकले तो लोग डिहाइड्रेशन से बचने के लिए पानी से गला तर करते रहे। मौसम विभाग का कहना है कि हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम होने से विक्षोभ लगातार प्रभावी होता जा रहा है। राजस्थान के थार मरुस्थल की तरफ से आने वाली गर्म हवाएं उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में हीटवेव उत्पन्न कर रहीं हैं, जिससे तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।

हीटवेव के प्रभाव से कानपुर मंडल के सभी जिलों में अभी दो दिन तक भीषण लू चलने की संभावना है और पारा 48 डिग्री तक पहुंच सकता है। यदि ऐसा हुआ तो यह जिले के लिए यह नया रिकॉर्ड होगा, क्योंकि अभी तक इतना अधिक तापमान रिकॉर्ड नहीं किया जा सका है। गर्मी से लोग तिलमिला रहे हैं। राहत का पता नहीं है।

> जिले का तापमान शनिवार को पिछले 48 सालों में सबसे अधिक रहा है। आगामी तीन दिनों तक हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी, उसके बाद कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। 19 से 21 जून के मध्य कहीं-कहीं पर तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। मॉनसून 25 जून के बाद आ सकता है।
>
> -डॉ. अमरेंद्र कुमार, मौसम वैज्ञानिक (कृषि विज्ञान केंद्र)

हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा, फसल जली

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। विद्युत विभाग की लापरवाही से हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से मक्का की फसल जल गई। वहीं खेतों में काम कर रहे किसान बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों ने जब बहबलपुर उपकेंद्र के जेई को फोन लगाया, तो उन्होंने रिसीव नहीं किया। इससे काफी देर तक फसल जलती रही। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी अमित मिश्रा उर्फ पिंटू पुत्र जगदीश चंद्र मिश्रा के खेत में शनिवार सुबह 11 हजार वोल्टेज की हाईटेंशन लाइन का तार अचानक स्पार्किंग के साथ टूटकर गिर गया, जिससे नीचे खड़ी करीब एक बीघा मक्का की फसल जल गई। उस समय अमित व उनका साझीदार बृजेश खेत में ही थे। अमित ने बहबलपुर उपकेंद्र के अवर अभियंता विद्यासागर को आठ बार फोन मिलाया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद ग्रामीणों ने लाइनमैन वीरेश शाक्य को बताया, तब जाकर आपूर्ति काटी गई। तब तक काफी फसल जल चुकी थी।

हाईटेंशन लाइन से जली मक्का की फसल। अमृत विचार

- **विद्युत विभाग की लापरवाही से बाल-बाल बचे किसान**
- **बहबलपुर उपकेंद्र के अवर अभियंता ने नहीं उठाया फोन**

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। किसानों ने बताया कि यह काफी पुरानी जर्जर लाइन हैं, जिसके तार इतने नीचाई पर हैं कि उनमें मक्का के पौधे छू जाते हैं। अधिशासी अभियंता रवींद्र कुमार ने बताया कि एसडीओ को घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। यदि जर्जर लाइन है तो उसे बदलवाया जाएगा।

आरती कर गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने का लिया गया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा महादेवी घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें पतित पावनी गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया।

शनिवार को कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं के साथ महादेवी घाट पर गंगा आरती की। अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं को बताया कि गंगा में जिस तरह प्रदूषण बढ़ रहा है और गंगा में पानी कम हो रहा है, वह अत्यंत चिंतनीय विषय है। गंगा के जल से हमारे पाप धुल जाते है तो ऐसी मां गंगा को स्वच्छ रखने की हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। हम सब आज संकल्प लें कि मां गंगा मे किसी तरह के अपशिष्ट वस्तुएं को प्रवाहित नही करेंगे। इससे पहले समिति के द्वारा मां गंगा के इतिहास के बारे में श्रद्धालुओं को अवगत कराया गया और मां गंगा के गीतों का गुणगान किया गया। इस मौके कवि सुशील राकेश शर्मा, संजय दुबे, कुट्टू पांडेय, रवितोष पांडेय, राकेश कटियार, राम चंद्र कश्यप, फूल सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र कुशवाहा, वीर पाल, मनोज कठेरिया, धर्मवीर पाल, रमेश यादव, गुड्डू प्रधान, सुरजीत यादव, बलवीर सिंह सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

महादेवी घाट पर गंगा आरती करते पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव व अन्य।

- **कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने किया था आयोजन**

जानलेवा हमले में दोषी को पांच साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा, लगाया 5500 रुपये का अर्थदंड
- सौरिख थाना क्षेत्र के डडुअन नगला गांव में 2014 में हुआ था झगड़ा

अमृत विचार। कुल्हाड़ी से हमला कर जान लेने की कोशिश करने वाले आरोपी को न्यायालय ने दोष सिद्ध करते हुए पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 5500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोष सिद्ध अपराधी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता संतकुमार दुबे ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम नगला डडुअन निवासी रामशरन को पांच जुलाई 2014 को गांव के ही संतराम पुत्र नेतराम ने कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर जान लेने का प्रयास किया था। रामशरन ने बताया था कि सुबह छह बजे के करीब संतराम ने उनके दरवाजे के सामने कूड़ा फेंक दिया था, जिसका उन्होंने विरोध किया था। इससे आक्रोशित संतराम घर से कुल्हाड़ी ले आया और भद्दी गालियां देते हुए उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। विवेचना कर रहे तत्कालीन उपनिरीक्षक अनोखे पुरी ने संतराम के खिलाफ चार मई 2015 को आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से आठ गवाह न्यायालय में पेश किए गए। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-द्वितीय) हरेंद्रनाथ ने संतराम को दोष सिद्ध करते हुए गाली देने पर एक साल का सश्रम कारावास व 500 रुपये अर्थदंड तथा जानलेवा हमले में पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

सार-संक्षेप

रिकॉर्डिंग के दौरान मौजूद कवि अरुण चक्रवर्ती व टीम।

एफएम रेडियो में सामुदायिक वक्त की आवाज का 21 को प्रसारण

गुरसहायगंज, कन्नौज। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर युवा कवि अरुण चक्रवर्ती के कार्यक्रम का प्रसारण सामुदायिक वक्त की आवाज रेडियो स्टेशन 91.2 पर किया जाएगा। रेडियो टीम ने उनकी आवाज को रिकार्ड कर लिया है। नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी कवि ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कानपुर शिवली स्थित रेडियो स्टेशन पर उन्हें आमंत्रित किया गया था। यहां रेडियो स्टेशन मैनेजर हरेंद्र कोठियाल, राधा शुक्ला, करिश्मा, अंशिका और हरी से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर वार्ता हुई। इसमें कविताओं और प्रेरक प्रसंग के द्वारा श्रोताओं को योग करने के लिए जागरूक किया है।

भाकियू अवधेश ने दी महिलाओं को जिम्मेदारी

छिबरामऊ, कन्नौज। तहसील रोड स्थित भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित पंचायत में संगठन का विस्तार करके महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने रिंकी पाल को जिलाध्यक्ष, उर्मिला देवी को जिला उपाध्यक्ष, अंजू गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष छिबरामऊ मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 15 दिन के अंदर सभी कमेटियां गठित करने का निर्देश दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष लालू यादव, नगर अध्यक्ष नेहा गुप्ता, अनुज दुबे जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सक्षम वर्मा जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी और शुभम वर्मा जिला महासचिव मैनपुरी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

एसओजी के हाथ लगे चोरियों के सुराग

तिर्वा-कन्नौज पिछले कुछ दिन से क्षेत्र में हो रही चोरियों ने पुलिस प्रशासन की नाक में दम कर रखा है। इनका खुलासा करने में जुटी एसओजी की टीम को घटनाओं के अहम सुराग मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि जल्द खुलासा किया जा सकता है। शनिवार को एसओजी प्रभारी कमल भाटी की अगुवाई वाली टीम के हत्थे चढ़े चोरों की निशानदेही पर कस्बा की सराफा बाजार में बिके चोरी के माल की बरामदगी को लेकर छापेमारी की गई। इस अतिरिक्त सदर सीओ प्रभारी कपूर कुमार, सदर कोतवाल दिग्विजय सिंह मौजूद रहे। पता चला है कि सराफा दुकान पर पहुंची पुलिस व व्यापारी के बीच चोरी के माल की खरीद फरोख्त को लेकर बहस हुई। व्यापारी का कहना था कि कैसे पता चलेगा कि यह चोरी का माल है। इसको लेकर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ये उनकी जिम्मेदारी है यह देखने कि जिस माल को खरीद रहे हैं वह चोरी का तो नहीं। इस पर सराफा व्यापारी ने ख़रीदा हुआ चोरी का माल वापस करने की बात कही। इस बारे में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले दिनों हुई तीन से चार चोरी का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

दहेज की खातिर महिला का सिर मूंडकर घर से निकाला

तिर्वा-कन्नौज। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता का उत्पीड़न करने की ससुराल वालों ने पराकाष्ठा कर दी। उसका सिर मुंडवा कर घर से निकाल दिया। मामला एसपी के सामने पहुंचा तो पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सदर कोतवाली के नसरापुर गांव निवासी लक्ष्मी पत्नी सुंदरलाल ने एसपी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज देकर उसकी शादी 2018 में कोतवाली के बछज्जापुर गांव निवासी संदीप के साथ की थी। शादी के कुछ दिनो बाद पति संदीप, ससुर रामसेवक, सास रामलक्ष्मी, जेठानी कुसुमा देवी, देवर कुलदीप दहेज में दो लाख रुपया और एक बाइक की मांग करने लगे। उसने अपने पिता से यह बात कही। पिता ने असमर्थता जताई तो ससुरालीजन उत्पीड़न करने लगे। मांग पूरी न हुई तो 8 जून को मारपीट करने के साथ उसके बाल मुंडवाकर उसे घर से निकाल दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

विशेष स्वच्छता अभियान 22 तक चलाने का फरमान

कन्नौज। जिलेभर की 499 ग्राम पंचायतों में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलेगा। इसका फरमान अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह ने भेज दिया है। पत्र का हवाला देते हुए डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने भी सभी एडीओ पंचायत को निर्देश दिए हैं। कहा है कि बारिश में तरह-तरह के रोग फैलते हैं, इस वजह से स्वच्छता जरूरी है। प्रधान व सचिवों को ग्राम पंचायत क्षेत्र में सफाई अभियान के लिए उत्तरदायी माना गया है। डीपीआरओ ने कहा है कि सफाईकर्मियों के अलावा जरूरत पड़ने पर श्रमिकों को लगाकर रोस्टर के तहत सफाई कराई जाएगी। पंचायत सहायक हर रोज सफाईकर्मियों व श्रमिकों की हाजिरी दर्ज करेंगे। ब्लीचिंग पाउडर, सोडियम हाइपोक्लोराइड व फागिंग और लार्विसाइडल की व्यवस्था पहले ही करने के निर्देश दिए गए हैं। कूड़ा, घूरा हटाने के लिए ट्रैक्टर या जेसीबी की व्यवस्था रहेगी।

कथा का श्रवण करते श्रोता व इनसेट में कथावाचक पं. मिथलेश द्विवेदी। अमृत विचार

मन के दानव को हराएं, जीवन सुखमय

गुरसहायगंज-कन्नौज। ग्राम तेरारब्बू स्थित रामजानकी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथावाचक पं. मिथलेश द्विवेदी व विनय तिवारी ने कहा कि मानव हृदय का दानव जीत गया तो उसका जीवन दुखी, परेशान और कष्ट से भरा होगा और जिसके अंदर का देवता जीत गया उसका जीवन सुखी, संतुष्ट और भगवत प्रेम से भरा होगा।

ध्रुव चरित्र, जड़भरत, राजा पृथु, अजामिल, भगवान के चौबीस अवतार की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाई।

आचार्य ने कहा कि जब कोई अपने गलत कर्मों से इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है। तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सज्जनों का उद्धार और दुर्जनों का संहार करते हैं। कथा के प्रारंभ में आरती उतारी गई। इस दौरान अभिषेक चतुर्वेदी, प्रवीन, राजेश, विनय तिवारी, किशन रहे।

गंगा तट पर होगा खोया-पाया केंद्र

कन्नौज/ गुरसहायगंज। गंगा दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। स्नान के लिए गंगा तटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। गंगा तट पर खोया-पाया केंद्र स्थापित कर क्षेत्र को सेक्टर में बांटा गया है।

शनिवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने गंगा दशहरा पर्व को लेकर महादेवी गंगा तट व जलेसर स्थित गंगा घाट का स्थलीय निरीक्षण किया।

श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए रूट डायवर्जन, पार्किंग स्थलों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस बल, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की तैनाती भी गंगा तट पर की गई है।

पंचकुंडीय यज्ञ में लोक कल्याण के लिए डाली गईं आहुतियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। हे! यज्ञ रूप प्रभो हमारे भाव उज्जवल कीजिए, छोड़ देवें छल-कपट को मानसिक बल दीजिए की प्रार्थना के साथ साधकों ने यज्ञ भगवान को लोककल्याण की आहुतियां अर्पित कीं। इसके बाद गायत्री जयंती व गंगा दशहरा समारोह के दूसरे दिन संस्कारशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के संस्कार कराए गए।

शनिवार को शहर के सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज में गायत्री जयंती महोत्सव के दूसरे दिन पंचकुंडीय यज्ञ में अखिल विश्व गायत्री परिवार के साधकों ने आहुतियां दीं। इससे पहले गायत्री मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधियों ने पुखरायां कानपुर देहात से आए सोनू शर्मा का यज्ञोपवीत संस्कार कराया। हरिद्वार से आए डीपी सिंह, शिवांबदा सिंह, पूनम अरोड़ा व सोनल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचकुंडीय महायज्ञ संपन्न कराया। डीपी सिंह ने साधकों को संकल्प सूत्र के अर्थ व महत्व के बारे में बताया और पंचसूत्रीय संकल्प के लिए लोगों को जागरूक किया। द्वितीय दिवस पर विद्यारंभ, यज्ञोपवीत व दीक्षा संस्कार आयोजित किए गए। इस दौरान कई साधक उपस्थित रहे।

एसबीएस इंटर कॉलेज में चल रहे यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु।

मारपीट में महिला सहित दो घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। अलग-अलग स्थानों पर उधारी के रुपये मांगने व वे वजह गाली गलौज को लेकर मारपीट हुई। इसमें महिला सहित दो लोग घायल हो गए।

नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सुमित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 10 जून की सुबह लगभग 08:30 बजे मोहल्ले के अमरजीत से उधार दिए गए रुपये वापस लेने गया था। तभी अमरजीत, समरजीत, लालजीत ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर धमकी दी। ग्राम मौरा निवासी देवेन्द्र सिंह ठाकुर की पत्नी लक्ष्मी देवी ने बताया कि 12 जून की सुबह 8 बजे परिवार के पुतन्नी, शिवम, सौरभ, रंजीत उसके दरवाजे पर गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

ऑनलाइन सुविधा शहर के लोग घर बैठे कर सकेंगे शिकायत, त्वरित निस्तारण का संकल्प

नगर पालिका ने लांच किया नगर सेवा मोबाइल एप

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद के बोर्ड गठन का एक साल पूरा होने पर नगर सेवा मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया गया, जिससे नागरिक एक क्लिक में अपनी समस्या का समाधान घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा 20 जून से प्रारंभ होगी। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने नगर पालिका बोर्ड की बैठक में यह जानकारी सभासदों को दी।

शनिवार को नगर पालिका बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि एक वर्ष में नगर पालिका के द्वारा सफाई, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति क्षेत्रों में व्यापक कार्यों के अलावा नगर के सुंदरीकरण के लिए कार्य किए गए है। नागरिकों की सुविधाओं के लिए पालिका के द्वारा संसाधन जुटाए गए है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए नगर सेवा एप को शुरू किया गया है। इससे लोग घर बैठे वाटर टैंकर बुक कर सकेंगे और हाउस टैक्स, वाटर टैक्स जमा कर सकेंगे। पालिका के द्वारा बीते वर्ष में किए गए कार्यों का ब्योरा भी इस एप पर उपलब्ध है। सभासदों को प्रशिक्षण देते हुए नगर पालिका के तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि नागरिकों को एप में ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर पंजीकृत कराना होगा। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण के बाद 20 जून से नगर पालिका कार्यालय स्मार्ट ऑफिस के रूप में काम करेगा। जहां नागरिकों एवं सभासदों के द्वारा घर बैठे की जाने वाली शिकायतों की रीयल टाइम मॉनिटरिंग होगी। शिकायत के सापेक्ष नागरिक कर्मचारी को रेटिंग भी दे सकते है। उन्होंने बताया कि जल्द ही टैक्स व्यवस्था भी ऑनलाइन हो जाएगी। इस दौरान सभी सभासद व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में सभासदों को जानकारी देते चेयरमैन मनोज दुबे व ईओ सुनील सिंह।

नगर पालिका में मनाया गया योग सप्ताह

- **छिबरामऊ।** नगर पालिका परिषद में 21 जून तक कार्यालय परिसर के पार्क में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जो आज से शुरू हो गया है। प्रथम दिन अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह व सभी कर्मचारियों ने योग प्रशिक्षण में भाग लिया। योगाभ्यास सर्वेश कुमार व रंजीत राठौर द्वारा कराया गया। इस दौरान संजय सिंह, अमरदीप, नीरज मिश्रा, प्रदीप कश्यप, आशुतोष, रमेशचद्र, रामेंद्र, विनोद पांडेय, सरिता सैनी, निर्मला, सुषमा, गौरव सैनी, नंद लाल सैनी, नरेश चंद्र, रामवीर उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पंचायत तिर्वागंज - कन्नौज

पत्रांकः मेमों / न0प0ति0 / (2024-25) दिनांक-12.6.2024

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0 एक्ट 1916 सूचना पत्र

1. आवेदक का नाम- **श्री मो0 सलमान**, 2. पिता/पति का नाम- **श्री साबिर खान**, 3. भवन संख्या/सम्पत्ति संख्या-, 4. मोहल्ला का नाम- **बौद्ध नगर तिर्वागंज, कन्नौज**, 5. वर्तमान में पंचायत अभिलेख में उक्त-, **भवन पर अकित अध्यासी का नाम**, 6. नामान्तर का आधार **-बैनामा**, कय-विक्रय पत्र **-बैनामा**, विरासत- , आदेश न्यायालय-, पंजीकृत वसीयत..अन्य-

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि 30 दिवस के अन्दर उक्त के सम्बन्ध में यदि आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य सहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दे, निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के पश्चात् नामान्तरण/नाम संशोधन की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका विवरण वर्तमान अभिलेखो में अंकित / विवरण की प्रवष्टि के स्थात पर नगर पंचायत को प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण प्रविष्टि कर दी जायेगी।

2. वर्तमान में नगर नगर पंचायत में पंचायत अभिलेखों में अंकित श्री शिव ओम सिंह यादव पुत्र/पुत्री/पत्नी पुत्री श्री ओमप्रकाश यादव मोहल्ला / ग्राम मंडी बाजार के सूचनार्थ जिसका नाम पृथक होना है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज

आयुक्त के चालक ने की तहसील में हो रही वसूली की पुष्टि

बार-बार आ रहे फरियादी, शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता नहीं, एसडीएम व तहसीलदार पर कार्रवाई की बात कह गए कमिश्नर

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

अमृत विचार। तहसील के कई कर्मी वसूली में लिप्त हैं। जिले स्तर पर कार्रवाई न होने से इसकी शिकायतें शासन तक पहुंचीं हैं। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में कानपुर से आए मंडलायुक्त अमित गुप्त ने शिकायत की जांच के लिए चालक को मौके पर भेजा। यहां पर वसूली होने की पुष्टि हुई। इस पर उन्होंने एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश सिंह व भूलेख कर्मी पर कार्रवाई करने की बात कही।

मंडलायुक्त ने कई फरियादियों की शिकायतें सुनीं और पूछा कि इससे पहले भी समस्या रखी है? ज्यादातर पीड़ितों ने पूर्व में कई बार फरियाद लगाने और सुनवाई नहीं होने या फर्जी निस्तारण की शिकायत की। यह सुन मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। ठठिया के प्रधान ने नाली निर्माण कराने, सुनीता ने राशनकार्ड के नाम पर पैसा मांगने, बंगरियापुर गांव निवासी अवधेश ने पैमाइश कराने, त्रिमुखा गांव निवासी मंजू ने रिपोर्ट दर्ज कराने, अहेर निवासी देवेंद्र ने कब्जा दिलाने, सूरजपुर निवासी अखिलेश ने कब्जा दिलाने, सरसई निवासी जगजीवन ने चकमार्ग खुलवाने, बरुआहार निवासी शकुंतला ने बिजली तार हटवाने की मांग रखी। करीब 90 लोगों ने शिकायती पत्र देकर समस्या निस्तारण की मांग की। मंडलायुक्त ने बताया कि शिकायत निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। साथ ही वसूली होने की भी पुष्टि हुई है। इस पर एसडीएम, तहसीलदार व दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी लेखपाल का निलंबन व गैर जनपद तबादला किया जाएगा।

खतौनी कक्ष के बाहर रुपये लेने की जानकारी करते मंडलायुक्त अमित गुप्त।

जब चालक से मांगे गए 200 रुपये

- रिहुआ गांव निवासी बृजेश ने मंडलायुक्त से कहा कि ग्राम समाज की खतौनी लेने भूलेख दफ्तर पहुंचा। वहां काम कर रहे एक कर्मी ने 15 रुपये की बजाय 200 रुपये मांगे। शिकायत की हकीकत जानने के लिए मंडलायुक्त ने अपने चालक को भेजा। अपने साहब के पास लौटे चालक ने 200 रुपये लेने की पुष्टि कर दी। इसके बाद मंडलायुक्त ने भी वहां तैनात लेखपाल अंकुर को फटकार लगाई और कार्रवाई की चेतावनी दी।

प्राइवेट कर्मी ने मांगे रुपये सरकारी को मिली सजा

- भूलेख कार्यालय में तहसील प्रशासन ने प्राइवेट कर्मचारी अनुज को खतौनी निकालने के लिए रखा है। खतौनी का तय शुल्क 15 रुपये है लेकिन इससे अधिक वसूला जाता है। किसान से प्राइवेट कर्मचारी ने तो 200 रुपये मांग दिए थे। मामले की नजाकत भांपते हुए वह मौके से फरार हो गया। शिकायत के बाद लेखपाल अंकुर मिल गया जिसे देखकर मंडलायुक्त ने कार्रवाई की चेतावनी दी। दूसरी ओर कुछ किसानों ने पांच रुपये वापस करने की सफाई जब मंडलायुक्त को दी तो उन्होंने वापस किए हुए पांच रुपये दिखाने को कहा, इस पर किसान वह रुपये नहीं दिखा सके। इससे अधिक रुपये लेने की पुष्टि हो गई।

एसडीएम तिर्वा पर नहीं है भरोसा, कोई और करे जांच

- **कन्नौज।** कभी-कभी ऐसे आदेश हो जाते हैं कि फरियादियों को संबंधित अधिकारियों से भरोसा ही उठ जाता है। इतना ही नहीं जब पक्ष या विपक्ष किसी अधिकारी के यहां कार्यरत हो तो भी सवाल उठना लाजिमी हैं। ऐसे ही एक मामले में तीन सगे भाइयों ने आरोप लगाया है कि उनको एसडीएम तिर्वा पर भरोसा नहीं है। इसकी जांच किसी अन्य अधिकारी से कराई जाए। दो बार पड़ताल हो गई है तो तीसरी बार जांच कराना सही नहीं है। सदर तहसील क्षेत्र के परसपुर गांव निवासी श्रीकृष्ण, सूबेदार व होरीलाल पुत्रगण वृंदावन और जितेंद्र कुमार पुत्र अजय पाल ने कन्नौज में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को शिकायती पत्र दिया है। इसमें हवाला दिया है कि अक्टूबर व नवंबर 2023 में जमीन पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिए गए थे। उसके बाद अधिकारियों की संयुक्त कमेटी गठित की गई। इसमें कोतवाली तिर्वा की पुलिस भी शामिल रही। नापजोख के बाद मनरेगा से चकरोड बनवाने का बीडीओ जलालाबाद ने स्टीमेट भी पास कर दिया। उसके बाद मस्टर रोल भी जारी हो गया। तहसील तिर्वा में कार्यरत बाबू विद्याराम व उनके परिजनों ने चकरोड बनने नहीं दिया। 10 मार्च 2024 को भी एसडीएम सदर ने लेखपाल व कर्मचारियों को मौके पर भेजकर चकरोड की पैमाइश कराई और ट्रैक्टर हैरो चलाकर निर्माण कार्य कराने का सीमांकन कराया। आरोप है कि बाबू के एसडीएम तिर्वा से घनिष्ठ संबंध हैं। उसका फायदा उठाकर अब मनमाफिक पैमाइश कराई जा रही है। पीड़ितों ने कहा कि दो बार जब पैमाइश हो गई है तो तीसरी बार उसी चकरोड की पैमाइश कराना गलत है। अगर पैमाइश कराना जरूरी है तो उसी तहसील के अधिकारी से न कराई जाए जहां कर्मी विद्याराम तैनात है। किसी अन्य अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से जांच कराई जाए।

जिससे बचने की फरियाद, वहीं भेजा

- परसपुर गांव के पीड़ितों ने तिर्वा एसडीएम से जांच न कराने की मांग रखी लेकिन समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने पत्र पर डीएम के लिए जो लिखा है उसमें एसडीएम तिर्वा को ही त्वरित निस्तारण कराने के लिए कहा गया है।

इतने लग रहे आरोप, फिर क्यों फिदा हैं आला अफसर

- चर्चा है कि तिर्वा तहसील क्षेत्र में सब कुछ अच्छी तरह से नहीं चल रहा है। आए दिन नए-नए प्रकरण यहां आ रहे हैं। इसके बाद भी आला अफसर एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार व तहसीलदार अवनीश सिंह पर फिदा हैं। उन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। जब मामला बड़ा सुर्खियों में आया तो दो लेखपालों को निलंबित कर दिया, लेकिन पटल पर वह काम कई दिनों तक करते रहे। यह सब तहसील के अधिकारियों की मेहरबानी से हो रहा है। दूसरी ओर मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने शनिवार को अवैध वसूली का मामला पकड़ा है। चर्चा है कि बिना अधिकारियों के संरक्षण में कोई भी कर्मी वसूली नहीं कर सकता है। कस्बे के मोहल्ला दुर्गानगर निवासी शुभा की पुत्री का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का आवेदन गलत रिपोर्ट लगाकर लेखपाल हृदेश पांडेय ने कर दिया। उसकी जब शिकायत हुई तो आईजीआरएस पर निस्तारण भी गलत कर दिया। इसमें तहसीलदार व एसडीएम ने भी गलत रिपोर्ट लगाई, इससे उनकी भी मिलीभगत बनी हुई है। यहां तक की कलक्ट्रेट से भी उसी फर्जी आख्या को आगे बढ़ाते हुए स्पेशल क्लोज कर दिया गया। चर्चा है कि इससे जिले के कुछ अधिकारी तिर्वा तहसील पर मेहरबानी बनाए हुए हैं।

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में अंजलि का चयन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जेवलिन थ्रो में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करेंगी प्रतिभाग

अमृत विचार। इत्रनगरी के बेटियों ने कला और विज्ञान के क्षेत्र में जहां प्रगति की है तो खेलों की दुनिया में अंजलि कटियार ने नाम रोशन किया है। अंजलि का स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) में चयन किया गया है। जिले से चयनित होने वालीं वह पहली महिला एथलीट हैं जो एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगीं। वह दिन दूर नहीं, जब राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर एथलेटिक्स में प्रतिभाग करेंगीं।

जिले के नेरा गांव निवासी किसान मनोज कटियार की बेटी अंजलि ने 16 से 18 फरवरी को गुजरात के अहमदाबाद में नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक मीट में जिला एथलेटिक्स संघ कन्नौज की टीम से प्रतिभाग किया था। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने 19वीं रैंक हासिल की थी। जैवलिन थ्रो में बेहतर प्रदर्शन के कारण उनका चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) के लिए किया गया है। अंजलि के कोच शिवम सिंह ने बताया कि 20 जून से लखनऊ में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) का प्रशिक्षण शुरू होगा, जिसमें वह प्रतिभाग करेंगीं। इसके बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। आलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को आदर्श मानने वाली अंजलि का स्पोर्ट्स अथॉरिटी में चयन होने से जिले में खुशी की लहर है। अंजलि का कहना है कि वह देश के लिए ओलंपिक व अन्य प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए प्रयास कर रहीं हैं और वह अच्छा प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेंगीं।

भाला फेंकती एथलीट अंजलि कटियार।

> जिले में खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अंजलि कटियार ने एथलेटिक्स में एसएआई में चयनित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जो जनपद के लिए गौरव की बात है। निश्चित ही इससे अन्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।
>
> –नूर हसन, जिला क्रीड़ा अधिकारी

मक्का की बढ़ी आवक से मंडी व जीटी रोड जाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मक्का की अवक अधिक होने से मंडी समेत जीटी रोड पर ट्रैक्टर ट्रालियों से जाम लगने लगा है। यातायात पुलिस के न होने से भीषण गर्मी में लोग जाम में फस कर परेशान हो रहे हैं।

जिले में गर्मी के मौसम में सबसे अधिक मक्का बोई जाती है। तीन माह के बाद मक्का पक कर तैयार हो चुकी है। किसान मक्का की मड़ाई करने के बाद सुखा कर सीधे मंडी ला रहे हैं। शनिवार को दोपहर के समय मंडी में जाम की स्थिति हो गई जब एक साथ कई ट्रैक्टर ट्राली पर मक्का लाद कर किसान पहुंच गये। व्यापारियों ने खरीद कर ली। इसके बाद निजी धर्मकांटे पर वजन वाहन समेत कराने के लिये भेजा गया। वजन होने के बाद मंडी में मक्का उतरने के बाद खाली वाहन वजन के लिए पहुंच गए। दो बार तौल के कारण जीटी रोड पर जाम की स्थिति हो गई। यह हालात लगातार हो रहे हैं। सबसे अधिक जाम मंडी के गेट पर लगता है। मंडी सचिव के अनुसार करीब पांच से सात सौ वाहन नियमित मक्का लाद कर पहुंच रहे हैं। खास बात तो यह है कि जिला मुख्यालय का यातायात व्यवस्था सुद्रढ़ रखने के लिये यातायात सिपाहियों के अलावा पीआरडी के जवानों को नियमित लगाया जाता है पर वह धूप के चलते पेड़ की छाया में बैठकर या तो मोबाइल चलाते या आपस में बात करते रहते हैं। उधर, लोग जाम में फस कर परेशान होते हैं। आढ़ती राजू गुप्ता का कहना है कि मंडी के बाहर यातायात पुलिस लगाई जाती है पर वह कोई काम नहीं करता है। इससे पूरे दिन जाम लगता रहता है।

जीटी रोड स्थित धर्मकांटे पर मक्का की तौल कराने के लिए खड़े वाहन।

- प्रतिदिन पांच से सात सौ वाहन लेकर पहुंच रहे मक्का

पाल चौराहे पर लगे चार सीसीटीवी

कन्नौज। यातायात पुलिस ने पाल चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिये हैं। अब यातायात नियमों का पालन नहीं किया तो यातायात पुलिस संबंधित वाहन का चालान काट देगी। यातायात पुलिस ने पाल चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिये हैं।

अब पाल चौराहे पर गुजरते समय नियमों का पालन न किया तो यातायात पुलिस चालान काट देगी। यह कैमरे चारों तरफ के रोड को कवर करेंगे। यह किसी भी वाहन की नंबर प्लेट को सही तरह से कैद कर लेंगे। यातायात कार्यालय में बैठे कर्मचारी वाहन का चालान करेंगे।

नियमित योग रखे निरोगी काया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पुलिस लाइन में साप्ताहिक योग शिविर की शुरुआत डीएम व एसपी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद मौजूद लोगों ने योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर चिल्ड्रेन पार्क पुलिस लाइन में शनिवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने दीप प्रज्वलित कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इसके बाद अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। पुलिसकर्मियों को नियमित योगाभ्यास करने के लिये प्रेरित किया गया। योग शिविर में पुलिसकर्मियों को बताया गया कि योग करने से न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है बल्कि इसे नियमित अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई, आरआई आदि थे।

पुलिस लाइन में योग करते डीएम, एसपी व अन्य। अमृत विचार

- जिलाधिकारी और एसपी ने की योग सप्ताह की शुरुआत

मजदूरी बढ़ाने के लिए पल्लेदारों की हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मक्का की ट्राली एकत्र होने पर व्यापारियों ने बढ़ाई पल्लेदारी
- आढ़तियों के आश्वासन के बाद माने पल्लेदार, काम पर लौटे

अमृत विचार। पल्लेदारी बढ़ाने की मांग को लेकर मंडी समिति के पल्लेदारों ने हड़ताल कर प्रदर्शन किया। उन्होंने पल्लेदारी न करने की चेतावनी आढतियों को दी। करीव दो घंटे तक पल्लेदारी न करने से आढ़तियों के यहां मक्का लदी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी हो गई। इससे परेशान आढतियों ने पल्लेदारी बढ़ाने का अश्वासन दिया। इस के बाद पल्लेदार काम पर लौट आये।

मंडी समिति कन्नौज में करीब दो सौ पल्लेदार लगे हैं। मक्का का सीजन हो या गेहूं का या फिर धान का यह बोरे लादते और उतारते हैं। आढ़ती प्रत्येक बोरी को उतारने पर चार रुपये देते हैं जबकि अन्य स्थानों पर यह राशि पांच रुपये है। कई बार पल्लेदारी बढाने के लिये प्रदर्शन किया पर कोई नतीजा नहीं निकला। थक हार कर पल्लेदार कम रुपये में ही काम करते रहे। मक्का का सीजन देख पल्लेदारों ने शनिवार को हड़ताल कर दी जब मंडी में तेजी से मक्का की आवक हो रही थी। मंडी में मक्का लदी कई ट्राली खड़ी थीं। बोरी उतारने से पल्लेदारों ने इंकार कर हड़ताल पर चले गये। इससे आढ़तियों के हांथ पांव फूल गये। आढ़तों पर मक्का लदी ट्राली से जाम लगने लगा। आढ़तियों ने बैठक कर निर्णय लिया कि वह प्रति पैकेट उतारने पर 50 पैसे बढ़ा कर देंगे जब कि पल्लेदार एक रुपये अधिक देने की मांग कर रहे थे। बाद में पल्लेदारी प्रति पैकेट 4.50 रुपये कर दी गई तो पल्लेदार माने।

वरासत को भटक रहे पीड़ित, लेखपाल हैं नहीं, मंत्री नाराज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र का चुनाव होने के बाद पहली बार आयोजित हुए तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने की। यहां कुछ प्रकरण वरासत दर्ज न होने के भी आए। इस पर बताया गया कि संबंधित लेखपाल हैं नहीं। दूसरी लेखपाल को करीब चार महीने से चार्ज नहीं मिला है। यह सुनकर मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई।

करीब ढाई महीने के इंतजार के बाद संपूर्ण समाधान दिवस में मंत्री ने एसडीएम सदर अविनाश गौतम व तहसीलदार रामशंकर पर तहसील के कार्यों में लापरवाही पर नाराजगी जताई। कहा कि जो भी मामले आएं, उनका निस्तारण पारदर्शी तरीके से किया जाए। दो प्रकरण वरासत वाले भी आए। बताया गया कि लेखपाल बुलबुल तिवारी का क्षेत्र है।

अधिकारियों ने बताया कि लेखपाल मैटरनिटी अवकाश पर हैं। इस वजह से लेखपाल प्रीती गौतम के पास चार्ज है। जब प्रीती को मौके पर बुलाया गया तो उन्होंने बताया कि उनके पास लिखित में चार महीने से चार्ज नहीं दिया गया। इस वजह से वह दूसरे क्षेत्र का काम नहीं कर सकतीं हैं। इसके अलावा मंत्री ने बिजली व पानी की समस्याओं को प्राथमिकता देकर हल करने के निर्देश दिए। भूमि संबंधित प्रकरणों को एक-दूसरे को पत्राचार करने के वजाय मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण करने को कहा।

शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में लापरवाही मिलने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर, बीडीओ अमित सिंह, सीडीपीओ विजय लक्ष्मी दुबे, एडीओ पंचायत संजय पाठक, विवेक पाठक व अवधेश राठौर मौजूद रहे।

तहसील कन्नौज सभागार में शिकायतें सुनते समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, एसडीएम अवनीश गौतम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- दूसरी लेखपाल को करीब चार महीने से नहीं मिला चार्ज

लोकसभा चुनाव | छिबरामऊ विधान सभा क्षेत्र में सपा की सबसे बड़ी जीत हुई

जिस गांव में सिपाही सचिन राठी की हत्या हुई वहां भाजपा धड़ाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिस गांव में सिपाही सचिन राठी की गोली मारकर हत्या की गई थी, वहां मतदाताओं की भाजपा से नाराजगी अधिक है। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में उस गांव के वोटरों ने सपा को दो बूथों पर 938 वोट दिए हैं तो भाजपा को महज 28 मत ही मिले। विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ में कई ऐसे बूथ हैं जहां सत्ताधारी दल का सूपड़ा ही साफ हो गया।

दरअसल, दिसंबर 2023 में छिबरामऊ इलाके के विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के गांव धरनीधरपुर नगरिया में हिस्ट्रीशीटर अशोक उर्फ मुन्ना यादव को पकड़ने के लिए पुलिस वारंट लेकर गई थी। उसी दौरान हिस्ट्रीशीटर पर परिजनों की गोली से सिपाही सचिन राठी गंभीर हो गया था। कानपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। हालांकि मामले के आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया था। उसके बाद न्यायालय से आरोपितों को जेल भेजा गया। यह मामला इसलिए और सुर्खियों में आया है कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की अधिसूचना से करीब तीन महीने पहले ही यहां वारदात हुई थी। खास बात यह है कि लोकसभा कन्नौज क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा सीटें हैं। इसमें छिबरामऊ ही ऐसी है जहां 51 हजार से अधिक मतों से सपा आगे रही। इस वजह से जीत का अंतर बढ़ गया।

यह है प्रभात दुबे कॉलेज का लेखाजोखा

- प्रभात कुमार दुबे बालिका इंटर कॉलेज छिबरामऊ के कक्ष संख्या एक में सपा को 190 व भाजपा को 351, कक्ष संख्या दो में सपा को 273 और भाजपा को 217, कक्ष संख्या तीन में सपा को 165 व भाजपा को 314 और कक्ष संख्या चार में सपा को 315 और भाजपा को 158 मत मिले।

यहां तो एक भी वोट नहीं पड़ा

- निर्वाचन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक प्राथमिक स्कूल नंदलालपुर में एक भी मत नहीं पड़ा। वहां किसी दल को वोट नहीं मिला। माना जा रहा है कि वोटरों में मतदान बहिष्कार किया होगा। छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र की सूची में स्कूल का नाम 19 नंबर पर है।

नगर पालिका छिबरामऊ के कई बूथों पर भाजपा हारी

- नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के कक्ष संख्या चार में सपा को 369 व भाजपा को 27, कक्ष संख्या पांच में सपा को 406 व भाजपा को 10, पालिका के पूर्वी हाल में सपा को 142 व भाजपा को 230, पश्चिमी हाल में सपा को 179 और भाजपा को 289 वोट मिले। कंपोजिट विद्यालय बालक छिबरामऊ कक्ष संख्या एक में सपा को 651 व भाजपा को 16, कक्ष संख्या दो में सपा को 118 व भाजपा को 320, कक्ष संख्या तीन में सपा को 133 व भाजपा को 197, कक्ष संख्या चार में सपा को 151 व भाजपा को 115, कक्ष संख्या पांच मं सपा को 199 व भाजपा को 57 वोट मिले। इसी तरह अनवरी बेगम हायर सेकेंड्री स्कूल छिबरामऊ के कक्ष संख्या एक में सपा को 570 व भाजपा को 77, कक्ष संख्या दो में सपा को 504 व भाजपा को 61 वोट मिले।

छिबरामऊ इलाके में भाजपा व सपा को मिले मत

बूथ	वोट भाजपा	वोट सपा
प्राथमिक स्कूल रामखेड़ा	47	647
प्राथमिक स्कूल भोलानगरिया पंथरा कक्ष एक	15	780
प्राथमिक स्कूल भोलानगरिया पंथरा कक्ष दो	28	680
प्राइमरी स्कूल महमूदपुर पैठ कीरत	05	512
प्राइमरी स्कूल करमुल्लापुर	15	560
प्रेमपुर विद्यापीठ इंटर कॉलेज कक्ष दो	23	306
कंपोजिट स्कूल टडा सिंहपुर	05	421
प्राइमरी स्कूल जमामर्दपुर कक्ष एक	18	813
अपर प्राइमरी स्कूल धरनीधरपुर नगरिया कक्ष एक	09	455
अपर प्राइमरी स्कूल धरनीधरपुर नगरिया कक्ष दो	19	483
अपर प्राइमरी स्कूल बहादुरपुर कक्ष एक	04	889
प्राइमरी स्कूल बरवारी	19	446
कंपोजिट स्कूल तुलसीपुर	05	626
प्राथमिक स्कूल मदारीपुर कसावा	09	470

बूथ	वोट भाजपा	वोट सपा
प्राथमिक स्कू जलालपुर डींडरपुर	01	397
प्राइमरी स्कूल नगला बलदेव	16	433
प्राइमरी स्कूल मछरिया	05	532
अपर प्राइमरी स्कूल पनगवां सभापुर	10	433
प्राइमरी स्कूल अदमापुर	07	850
प्राइमरी स्कूल फिरोजपुर	05	559
समधन में पानी की टंकी परिसर	03	612
बालिका प्राइमरी स्कूल समधन कक्ष एक	04	484
अपर प्राइमरी स्कूल कंपोजिट कटकैया कक्ष एक	01	564
प्राइमरी स्कूल डुंडवा बुजुर्ग कक्ष एक	02	423
प्राइमरी स्कूल डुंडवा बुजुर्ग कक्ष दो	01	336
प्राइमरी स्कूल डुंडवा बुजुर्ग कक्ष तीन	09	528
अपर प्राइमरीस्कूल मझपुर्वा कक्ष दो	03	559
बालिका प्राइमरी स्कूल मझपुर्वा कक्ष एक	02	428

अभी तक नहीं हुई सुनवाई

- नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णा नगर अकबरपुर सराय घाघ में एसडीएम सदर व ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी के आश्वासन के बाद भी विकास कार्य शुरू नहीं हुए हैं। मोहल्ले के प्रवीण मिश्रा, लोकेश तिवारी, रीतेश चतुर्वेदी ने मंत्री को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि एक महीना हो गया है लेकिन सुनवाई नहीं हुई है।

सुनौ तौ सुनौ नाई तौ जाई रहे अखिलेश भैया तीर

- सदर तहसील में एक अनोखा मामला आया। समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के समक्ष बुजुर्ग शिकायतकर्ता पहुंचा। उसने अपनी समस्या बताई। बाद में कहा कि अगर सुनौ तौ सुनौ नाहीं तौ वह अखिलेश भैया के तीर जाई रहे। यह सुनकर लोग दंग रह गए।

134 मामलों में 32 शिकायतों का निस्तारण

छिबरामऊ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसपी अमित आनंद ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 134 मामलों में 32 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। कई जमीनी विवाद में टीमों का गठन हुआ। डीएम ने कहा कि तहसील व थाना के संपूर्ण समाधान दिवस, जनता दर्शन व आईजीआरएस में जो भी प्रार्थना पत्र प्राप्त हो रहे हैं उन्हें समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। शिकायतकर्ता की संस्तुष्टि के प्रति शासन संवेदनशील है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता के विश्वास को बनाए रखें। शिकायतों का फर्जी निस्तारण किसी भी दशा में न किया जाए। समाधान दिवस में राजस्व की 82, पुलिस की 28, विकास की 12, पूर्ति विभाग की सात, कृषि, विद्युत, ईओ, सीएमओ, डीपीआरओ की एक-एक समेत कुल 134 मामले आए। इसमें राजस्व के 18, पुलिस के आठ, विकास के चार व पूर्ति विभाग के दो निस्तारित कर दिए गए।

सफाई कर्मचारी तैनात किए जाने की मांग

राजेश कठेरिया एडवोकेट ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम दीपकपुर रोड के करीब स्थित मोहल्ला राधा नगर एस हॉस्पिटल वाली सीसी सड़क व नाली का एक वर्ष पूर्व नगर पालिका ने निर्माण कार्य कराया था। तब से अब तक वहां कोई सफाई कर्मचारी तैनात नहीं किया गया। इस कारण सड़क की नालियां गंदगी से भर गईं हैं। इससे संक्रमण फैलने का खतरा मंडराने लगा है। लोगों ने साफ सफाई के लिए नगर पालिका से सफाई कर्मचारी तैनात करने की मांग की है।

तालाब से कब्जा हटवाने व सुंदरीकरण की लगाई गुहार

चुनाव के बाद हुए पहले तहसील दिवस में उमड़े फरियादी, डीएम ने अमृतपुर, एडीएम ने सदर व क़ायमगंज में एसडीएम ने सुनीं फरियाद

अमृतपुर में शिकायतें सुनते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

तहसील सदर में मौजूद एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति व अन्य। अमृत विचार

तहसील कायमगंज में शिकायतें सुनते एसडीएम यदुवंश कुमार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एसडीएम ने जेई विद्युत बसीम रजा को मोबाइल पर बात करने पर लगाई फटकार

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिले की तीनों तहसीलों में किया गया।अमृतपुर में संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी वीके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। तहसील सदर में एडीएम तथा क़ायमगंज में एसडीएम की मौजूदगी में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ।

अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसार जिलाधिकारी व एसपी की मौजूदगी में यहां 76 प्रार्थना पत्र आए। तीन प्रार्थनापत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। जोगराजपुर निवासी राकेश ने तालाब के सुंदरीकरण, महेंद्र सिंह निवासी तुसौर ने सरकारी तालाब से अवैध कब्जा हटाने, राजीव कुमार निवासी राजेपुर ने चिन्हित किए गए सूखे जर्जर पेड़ काटने, रामवीर सिंह निवासी खुटिया ने सरकारी धन के गबन के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समय पूर्व निस्तारण करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने चित्रकूट डिप पर बाढ़ से पूर्व जाली लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। एसपी विकास कुमार, सीडीओ अरविंद कुमार मिश्र, एसडीएम रविन्द्र सिंह, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, सीओ रविन्द्र नाथ राय, सहित अधिकारी मौजूद रहे।

तहसील सदर में अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह व अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति की मौजूदगी में सम्पूर्ण_समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सदर तहसील पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ।

क़ायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार यहां एसडीएम यदुवंश कुमार की मौजूदगी में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ। यहां112 शिकायतों में 21 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कब्जे की शिकायतें सर्वाधिक आईं समाधान दिवस में एसडीएम ने बिजली विभाग व जलनिगम के जेई व कर्मचारी को फटकार लगाई। फरियादियों में कम्पिल क्षेत्र के सिंकदरपुर अगू गांव जितेंद्र सिंह ने फरियाद लगाई की उनके पिता गंगादीन की 4 दुकानें सिवारा खास मणी चौराहे पर है। इस पर चारों दुकानों पर उसके तीन भाइयों ने कब्जा कर लिया है। उसे एक दुकान दिलाई जाए। नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी वार्ड नंबर 4 के मोहल्ले वासियों ने शिकायत की कि नगर पालिका की पाइप लाइन लीकेज होने के कारण गंदा पानी आ रहा है। वह गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। इससे बीमारी फैल सकती है। नपा प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। नगर से सटे गांव पितौरा निवासी बेवा शकुंतला देवी ने फरियाद कि उसके घर पर करीब पांच वर्ष से दो व्यक्ति कब्जा किए हुए है, जब उसने विरोध किया तो आरोपितों ने मारपीट की और धमकी दी। फरियादियों में थाना मेरापुर के रमापुर दवीर निवासी नन्हेंलाल ने उसके खेत से जलनिगम के कर्मचारी पाइप लाइन निकाल रहे थे। इस पर एसडीएम ने जलनिगम के जेई को बुलाया लेकिन वह मौके पर नहीं थे। इस पर उनके प्रतिनिधि मौके पर पहुंचा और फटकार लगाई और कहा किसी के खेत से जबरदस्ती पाइप लाइन कैसे निकाल सकते हो। उन्होंने जेई के न आने पर नाराजगी जाहिर की। बिजली की शिकायत आने पर एसडीएम ने जेई विद्युत बसीम रजा को मौके पर बुलाया लेकिन वह मोबाइल से बात कर रहे थे। इस पर एसडीएम नाराज हुए और कहा समाधान दिवस में आए हो या फिर बात करने आए हो। एसडीएम ने पूछा एसडीओ कहां है और क्यो नहीं आए तो जेई कुछ न बोल सके। एसडीएम ने कहा समाधान दिवस से भी बढ़ा कोई काम है। रायपुर खास निवासी शैवी ने कहा कि जमीन की रंजिश को लेकर तीन लोग उसे परेशान कर रहे है और अपना ट्रैक्टर जलाकर फंसाने की धमकी दे रहे है। कार्रवाई की जाए। इस दौरान 112 शिकायतें आई जिसमें 21 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर, अनवर हुसैन आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

शमसाबाद में 30 घंटे से नहीं आ रही बिजली

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- भीषण गर्मी में बिलबिला उठे लोग ,बिजली अधिकारी बोले ठीक कराया जा रहा फाल्ट

अमृत विचार। थाना शमशाबाद क्षेत्र में पिछले 30 घंटे से बिजली न आने से लोगों का इस भीषण गर्मी में बुरा हाल हो रहा है। यह स्थित यहां केबिल बक्सा फुंक जाने से उत्पन्न हुई है। केबिल बक्सा फुंकने से नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप चल रही है।

थाना क्षेत्र के गांव लुधइया के पास बिजली केबिल बक्सा फुंक गया। जिससे नगर क्षेत्र के 19 वार्ड और 60 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली कर्मचारियों ने फाल्ट ढूंढ कर सुधारने का काम शुरू कर दिया है। लेकिन देर शाम तक बिजली की आपूर्ति चालू नहीं हो सकी थी।

बताते चले कि शुक्रवार को दिन में12 बजे से 33 हजार लाइन का बिजली केबिल बक्सा गांव लुधइयां के पास फुंक गया। इससे बिजली उपकेंद्र बंद हो गया। इसके चलते शमशाबाद नगर फीडर से जुड़े 19 वार्ड व कोल्ड फीडर से जुड़े तकरीबन 60 गांवों की आपूर्ति पूरी तरह बन्द से हो गई। सूचना मिलने पर बिजली कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग कर फाल्ट पकड़ लिया। कर्मचारियों ने बिजली केबिल बक्सा की मरम्मत शुरू कर दी है। जेई अनिल गौतम ने बताया कि केबिल बक्सा ठीक करने का काम युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है और आज शाम तक उम्मीद है कि उसे ठीक कर लिया जाएगा। इसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उधर गांव के रामचरण, जयवीर ,कालीचरण अभिमन्यु का कहना है कि इस भीषण गर्मी में 30 घंटे से बिजली न आने से हम सब लोगों का बुरा हाल हो रहा है।

आज शाम तक जारी रहेगा रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एसपी ने गंगा दशहरा पर यातायात बहाल रखने को किया रूट परिवर्तन

अमृत विचार। गंगा दशहरा पर्व पर गंगा स्नार्थियों की उमड़ने वाली भीड़ के देखते हुए पुलिस कप्तान विकास कुमार ने रूट परिवर्तन कर दिया है। आने जाने वाले वाहनों को आज रात से ही इस रूट से आवा गमन करना होगा।

पुलिस कप्तान विकास कुमार ने बताया कि गंगा दशहरा के पर फर्रुखाबाद के पांचाल घाट और श्रंगी ऋषि की तपस्थली रही श्रंगीरामपुर में गंगा भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस वजह से रूट परिवर्तन किया गया है। जिसके तहत कानपुर से आने वाले बड़े वाहनों को गुरसहायगंज से छिबरामऊ होते हुए निकाला जाएगा और छिबरामऊ से आने वाले बड़े वाहनों को नाला बघार पर रोक लिया जाएगा। इसी तरह मैनपुरी, आगरा, इटावा से आने वाले बड़े वाहनों को मदनपुर पुलिस चौकी पर रोक लिया जाएगा। दिल्ली, अलीगंज से आने वाले वाहनों को कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में रोक लिया जाएगा। हरदोई की तरफ से आने वाले वाहनों को राजेपुर थाना क्षेत्र में रोका जाएगा और शाहजहांपुर से आने वाले बड़े वाहनों को हुल्लापुर चौराहे पर रोक लिया जाएगा।

एसपी विकास कुमार ने कहा कि यह आदेश 16 जून शाम शाम तक गंगा स्नान होने तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बड़े वाहनों को रोकने के लिए संबंधित थाना पुलिस को निर्देश दे दिए गए हैं। वाहन स्वामी नए रोड पर यात्रा कर रास्ते में आने वाले व्यवधानों से बच सकते हैं। यह निर्णय यातायात बहाल रखने के लिए लिया गया है।

लीकेज सिलेंडर में चाय बनाते समय लगी आग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

आग से जला पड़ा सामान। अमृत विचार

- दो भाइयों की गृहस्थी हुई खाक दमकल कर्मियों ने दीवार तोड़ कर आग पर पाया काबू

आग का तांडव देखकर युवती की हालत बिगड़ी

जब रति पाल के घर में आग लगी तो उनकी पुत्री सोनम 18 वर्ष भी वहां मौजूद थी। तेज आग की लपटे देखकर उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे प्राथमिक उपचार हेतु एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

अमृत विचार। थाना राजेपुर के गांव कटरी सथरा में सुबह तड़के घर पर चाय बनाने के दौरान सिलेंडर में लीकेज से आ लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरे कमरे को आगोश में ले लिया। आग का नजारा देख घर वालों में चीख पुकार मच गई। आग की तेज लपटों ने पड़ोस के घर में भी तांडव मचाना शुरू कर दिया और कुछ ही देर में दोनों घर आग की चपेट में आ गये। मुख्य गेट से अंदर न पहुंच पाने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने दीवार को तोड़कर पानी की बौछार की। किसी तरह से आग का गोला बने सिलेंडर को बाहर निकाल कर फेंका गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम कटरी सथरा में रतिपाल के घर में कमरे में गैस सिलेंडर रखा हुआ था। शनिवार को घर में मौजूद महिलाएं चाय बना रही थीं। उसी दौरान गैस सिलेंडर से लीक हुई गैस को बंद किया गया। लेकिन तब तक सिलेंडर ने आग पकड़ ली। इसके बाद धू धू कर लपटें उठने लगीं। आग की तेज लपटों की वजह से पड़ोस में बने रतिपाल के भाई जगपाल के मकान में भी आग फैल गई। दो घरों से तेज लपटों के साथ आग का तांडव होता देख आसपास के ग्रामीण सहम गए।

सूचना मिलते ही कुछ ही देर में थाना राजेपुर का पुलिस फोर्स मौके पर आ गया। ग्रामीणों के साथ समरसेबल से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास हुआ। लेकिन आग की भयावता अधिक होने की वजह से सब कुछ नाकाम रहा। इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। कमरे के अंदर गैस सिलेंडर में आग की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने सूझबूझ से कमरे की दीवार को तोड़ा और पीछे से आग पर पानी की बौछार डाली। जब कमरे की आग कुछ कम हुई, तो फायर ब्रिगेड के सिपाहियों ने बहादुरी से सिलेंडर को बाहर निकाल कर फेंक दिया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं सिलेंडर के पिछले हिस्से में बड़ा छेद हो चुका था। अगर कुछ देर और सिलेंडर जलता रहता तो उसके फटने की भी संभावना हो सकती थी। पीड़ित रतिराम ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पूर्व ही यूकेलिप्टस के काफी पेड़ बेचे थे। उससे मिले 5 लाख रुपये से अधिक की नकदी उनके घर पर ही रखी थी। वह भी जलकर खाक हो गई। इसके साथ राशन की 35 बोरी गेहूं, 10 बोरी सरसों, 4 बोरी धान, अन्य सामान भी जल गया। घर में रखे हुए तीन मोबाइल फोन , कुछ ही दिन पहले रतिराम के पुत्र को मिला हुआ सरकारी टैबलेट भी जलकर खाक हो गया। ग्राम प्रधान व लेखपाल भी मौके पर पहुंचे और क्षति का आकलन किया।

टेंपो पलटने से 9 यात्री घायल, बालक की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

अस्पताल के रोते बिलखते परिजन।

अमृत विचार। तेज रफ्तार में हुल्लापुर से फर्रुखाबाद आ रहा टेंपो अनंत्रित होकर डबरी के निकट पलट गया। उसमें 9 सवारी घायल हो गई, जबकि एक बालक की इलाज के दौरान लोहिया में मौत हो गई।

थाना राजेपुर के गांव भाऊपुर निवासी रामतीरथ बाथम 4 वर्ष के पुत्र आरुष अपनी मां के साथ हुल्लापुर से फर्रुखाबाद टेंपो से आ रहा था। इस दौरान डबरी के निकट टेंपो तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें 10 सवारी भरी हुई थी। सभी सवारी घायल हो गई। आरुष के पिता घायल अवस्था में बच्चे को लोहिया लेकर आए। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

ई-रिक्शा पलटा, चालक घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद

अस्पताल में भर्ती ई-रिक्शा चालक।

अमृत विचार। थाना कादरीगेट क्षेत्र में टेंपो के पलट जाने से चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीनदयाल बाग निवासी वीरेंद्र (27) पुत्र विजयपाल ई-रिक्शा चलाता है। वह ई-रिक्शा पर सामान लेकर पांचालघाट जा रहा था। तभी पांचालघाट गंगा नदी पुल के पास वीरेंद्र का ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा चालक वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक वीरेंद्र को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया । ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर रोहित तिवारी ने बताया कि पैर फैक्चर है भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

दीक्षांत समारोह में छात्र छात्राओं ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में शनिवार को ग्रीष्मकालीन शिविर का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष शिव विलास त्रिवेदी व प्रबंधक संजीव सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलन कर किया। स्वागत गीत आराध्या तोमर ,अनुष्का पांडेय व शगुन ने प्रस्तुत किया। कथक नृत्य रिया वर्मा, शांभवी व भाव्या ने किया। आदित्य गुप्ता व देवांश ने इंग्लिश में भाषण देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोलक विद्या का कार्यक्रम देवांशी, कार्तिक ,प्रत्यक्ष व शौर्य शुक्ला द्वारा किया गया। प्रबंधक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों को मानसिक व शारीरिक रूप से विकास होता है। उन्होंने बच्चों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर बृजपाल सिंह, शिव कुमार, सर्वेश कुमार शुक्ला व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

अब माध्यमिक विद्यालयों में लगेंगी लर्निंग आउटकम की कक्षाएं

फर्रुखाबाद। प्राइमरी विद्यालयों की तर्ज पर अब माध्यमिक विद्यालयों में भी सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) की कक्षाएं संचालित होंगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ से आई लर्निंग आउटकम पाठ्य सामग्री से कक्षा नौ व दस के छात्र-छात्राओं को शिक्षक पढ़ाएंगे।

लर्निंग आउटकम का मतलब है कि बच्चे ने किसी विषय में कितना सीखा या ज्ञान अर्जित किया। समय-समय पर मूल्यांकन के जरिए इसका पता चलता है। बच्चे कई तरीकों से सीखते हैं, जैसे सुनकर, पढ़कर, खेलकर, बातचीत से और काम करते हुए। इस तरह सीखने से उनके व्यवहार में परिवर्तन आते हैं। अभी तक लर्निंग आउटकम बेसिक शिक्षा विभाग में ही संचालित था, लेकिन पहली बार इसे माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी चलाए जाने के निर्देश माध्यमिक शिक्षा विभाग ने दिए हैं। इसके लिए जनपद में लर्निंग आउटकम की 79 पुस्तकें जिता विद्यालय निरीक्षक कार्यालय आई हैं। प्रति विद्यालय एक-एक पुस्तक भिजवाई जाएगी। एक पुस्तक डीआईओएस कार्यालय और पांच पुस्तकें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामई (डायट) भिजवाई जानी हैं।

गड़बड़झाला छात्रों के नामांकन में हुआ फर्जीवाड़ा, 15827 बच्चों के आधारकार्ड अपलोड नहीं

15,210 के आधार कार्ड सत्यापित नहीं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के नामांकन का फर्जीवाड़ा यू-डायस पोर्टल पर पकड़ में आ रहा है। बीते दिनों समीक्षा के दौरान वर्ष 2023-24 के फीड छात्र-छात्राओं के आधारकार्डों का जब सत्यापन किया गया तो 15210 विद्यार्थियों के आधारकार्ड सत्यापित नहीं हैं, जबकि 15827 बच्चों के आधारकार्ड अपलोड नहीं हैं।

परिषदीय विद्यालयों में छात्र नामांकन में फर्जीवाड़ा रोके जाने के लिए शासन ने यू-डायस प्लस पोर्टल लांच किया है। इस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल के तहत छात्र का सत्यापित आधारकार्ड नंबर भी अपलोड करना होता है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2023-24 में यू-डायस प्लस पोर्टल के स्टूडेंट प्रोफाइल में जनपद में अभी भी 15827 छात्र-छात्राओं का आधारकार्ड अपलोड नहीं हैं। इसके साथ ही 10592 विद्यार्थियों के आधारकार्ड का सत्यापन होना बाकी है। वहीं 15210 बच्चों के आधारकार्ड सत्यापित नहीं किए गए हैं। शासन यू-डायस पोर्टल पर डाटा फीड करने पर ज्यादा जोर दे रहा है।

बीआरसी में आधार बनाने को लगीं मशीनें पड़ी बंद

नए नामांकन के दौरान जिन बच्चों के आधारकार्ड नहीं हैं, उनके लिए प्रत्येक बीआरसी में आधारकार्ड मशीनें लगाई गई हैं। मगर मौजूदा समय में मशीनें बंद पड़ी हैं। जिम्मेदारों का कहना है कि स्कूल खुलते ही बच्चों के आधारकार्ड बनाने शुरू किए जाएंगे।

बच्चों के बनाए जाएंगे आधारकार्ड

यू-डायस प्लस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल में बच्चों का सत्यापित आधारकार्ड नंबर फीड किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन बच्चों के आधारकार्ड नहीं बने हैं, उनके आधारकार्ड बनाए जाने के निर्देश हैं। इसके लिए हर ब्लॉक में आधार कार्ड मशीनें लगी हैं। 15210 छात्र-छात्राओं का आधार वेरीफिकेशन कराया जा रहा है। हो सकता है कि आवेदन के दौरान स्पेलिंग व आधार नंबर आदि गलत पड़ गया हो। - **गौतम प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी फर्रुखाबाद**

सार-संक्षेप

अवैध खनन की सूचना पर पुलिस ने ट्रैक्टर व चालक को पकड़ा

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर पुलिस ने ट्रैक्टर व उसके चालक आरिफ निवासी गणेशपुर को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भाटी ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर ट्रैक्टर कब्जे में कर चालक आरिफ को हिरासत में लिया है। मामले में कार्रवाई की जाएगी।

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में 167 गैरहाजिर

फर्रुखाबाद। ब्लॉक राजेपुर क्षेत्र के गांव गांधी स्थित वीरेंद्र सिंह कटियार महाविद्यालय में शनिवार को पालीटेक्निक 2024 की प्रवेश परीक्षा हुई। इस दौरान 167 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नोडल अधिकारी प्राचार्य दयाचंद्र के नेतृत्व में आयोजित प्रवेश परीक्षा में परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। जोनल मजिस्ट्रेट तहसीलदार अमृतपुर कर्मवीर के साथ ही अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। प्राचार्य ने बताया कि 690 परीक्षार्थियों में 167 ने परीक्षा छोड़ दी। इस अवसर पर बीईओ राजेपुर अनूप कुमार, पर्यवेक्षक विश्वास कुमार, पुष्पेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद। कमालगंज थाना क्षेत्र निवासी मोहनपुर दिनारपुर निवासी धीरेंद्र सिंह शुक्रवार को रेलवे स्टेशन कमालगंज बाइक से बहन को छोड़ने गए थे। बहन को छोड़कर वह वापस आए तो बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो उन्होंने कमालगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मेडल व प्रशस्ति पत्र पाकर खिले खिलाड़ियों के चेहरे

फर्रुखाबाद। स्व . ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में शनिवार को क्रिकेट समर कैंप का समापन हो गया। इस दौरान खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तो उनके चेहरे खिल गए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से स्टेडियम में छह दिन से क्रिकेट समर कैंप चल रहा था, जिसका समापन हो गया। जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने 45 खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कोच उवैद कमाल ने खिलाड़ियों की हौसलाफजाई करते हुए उन्हें बधाई दी। सचिन मोहनलाल अग्रवाल ने कोच उवैद कलाम के बारे में खिलाड़ियों को बताया कि उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सफलता पाते हुए आज इस मुकाम को छुआ है। राष्ट्रीय कोच उवैद कमाल ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बच्चों में सीखने का जज्बा दिखा, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी की सफलता का मूल मंत्र उसकी फिटनेस है। फिटनेस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर चिराग अग्रवाल, डॉ. अमित सक्सेना, अवनींद्र सक्सेना, पुष्पेंद्र यादव, अमिताभ पान व पुष्कर मिश्र आदि रहे।

जेल के बंदियों को कराया गया योगाभ्यास

फर्रुखाबाद। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अवसर पर फतेहगढ़ जिला कारागार में विवेक यादव (जिला युवा प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट फर्रुखाबाद) डॉक्टर गौरी शंकर सिरोंजिया आयुर्वेदिक चिकित्सक , डॉक्टर निहाल अहमद (होम्योपैथी चिकित्साधिकारी) योगाचार्य अमित सक्सेना द्वारा बंदियों को योग अभ्यास कराया गया। योगा अभ्यास में 100 बंदियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। अखिलेश कुमार कारापाल , अवनीश कुमार कारापाल , वैभव कुशवाह उपकारापाल आदि ने भाग लिया ।

भतीजे ने चाचा को लाठी-डंडों से पीटा

फर्रुखाबाद। थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव माहमदपुर देवरिया निवासी 58 वर्षीय सुरजीत कटियार पुत्र स्वर्गीय राम सिंह कोल्ड स्टोरेज में पड़े आलू की पर्ची देने गए हुए थे। उन्होंने अपने छोटे भाई सुग्रीव कटियार के पुत्र मुनीश्वर कटियार से कहा कि तुम्हारे आलू की पर्ची कोल्ड स्टोरेज में दे आए हैं । इतना कहकर चाचा सुरजीत कटियार अपने घर पर आकर लेट गए। तभी भतीजा मुनीश्वर कटियार आया। चाचा सुरजीत कटियार को लाठी-डंडों से और ईंट मारकर घायल कर दिया। घर वालों ने घायल सुरजीत कटियार को सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया। वहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में सुरजीत कटियार को इलाज के लिए भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। सुजीत कटियार की बहन कल्पना कटियार ने बताया कि सीएचसी कमालगंज में पुलिस ने मेडिकल परीक्षण नहीं कराया है ।

दो टप्पेबाज हुए गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। पुलिस ने बैग की अदलाबदली करके टप्पेबाजी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है ।इनके पास टप्पेबाजी करके ले जाया गया नकदी व जेवर भी बरामद हुआ है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने बताया कि थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला गढ़ी अशरफ अली जसमई चौराहा निवासी मधु पत्नी स्वर्गीय संजीव कुमार को 13 जून 2024 को बस स्टैंड से दो व्यक्ति गाड़ी संख्या यूपी 27बी डी 5550 टाटा टियागो (नीले रंग) से आए और मधु को हरपालपुर जाने की बात कह कर अपनी गाड़ी में बैठा लिया और खुद को फोरेंसिक टीम का बताकर धोखाधड़ी करके जेवर और 5000 नकद चोरी कर लिए। जिसके बाद मधु की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के आधार पर 14 जून 2024 को थाना कादरीगेट पुलिस, एसओजी टीम, सर्विलेंस टीम ने 2 अभियुक्त सोएब पुत्र इदरीस खान निवासी मघई टोला कोतवाली व जनपद शाहजहांपुर , राकेश उर्फ दीपक पुत्र पंचूराम निवासी पिरौरा थाना मादकुआ जनपद छतरपुर को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। फतेहगढ़ पुलिस लाइन सभागार में सिटी सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने मामले का खुलासा किया।

गिरफ्तार टप्पेबाज। अमृत विचार

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का प्रयास

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी नाबालिग लड़की अपने भाई के साथ छत पर सो रही थी। तभी पड़ोसी युवक ने छत पर चढ़ आया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर परिजन छत पर पहुंचे। परिजनों के पहुंचने पर युवक जान माल की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। पीड़िता ने पुलिस सुनवाई न होने पर तहसील दिवस पर न्याय की गुहार लगाई हैं। फतेहगढ़ कोतवाली के सीयूजी नंबर पर मामले की जानकारी के लिए 2 बार फोन किया गया। लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया।

भारतवासियों का स्वभाव रहा है सबके प्रति आत्मभाव

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।"

प्रकृति का प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अनेक जीव पशु पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमंडलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतर्राष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है।

प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, "हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।" अथर्वा कहते हैं, "इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है। महाभारत के प्रसंग में श्री कृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्री कृष्ण ने पूछा कि, "हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं? पृथ्वी ने उत्तर दिया कि, "दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से हम प्रसन्न होते हैं। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 44) में लिखा है, "प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं,पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।"

ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है कि, "गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।" शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, "अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है। (गीता 3.14) मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी। सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी।

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।" दिनकर जी के कथन में आर्य बाहर से आई हुई जाति है। प्रश्न है कि बाहर से आए आर्य यहां पर नदी संस्कृति का निर्माण क्यों करेंगे? दिनकर जी आर्यों को बाहर से आया हुआ मानते थे। यह गलत है। यहां पहले से ही वैदिक संस्कृति फल फूल रही थी। दिनकर जी ने अपनी बात के समर्थन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया है। नेहरू ने लिखा है, ''ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन और बैक्ट्रियन लोग, सीथियन और हूण लोग, मुसलमानों से पहले आने वाले तुर्क और ईसा की आरंभिक सदियों में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी, ये सब के सब एक के बाद एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने एक हल्के कम्पन का भी अनुभव किया। मगर अंत में आकर वे सब के सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए।" नेहरू के कथन में भारतीय संस्कृति का महासमुद्र ध्यान देने योग्य है। इसी में बाहर से आए लोग और विचार धुल गए।

सांस्कृतिक दृष्टि से भारत प्राचीन काल से ही सर्वसमावेशी रहा है। इसका कारण प्राचीन वैदिक दर्शन रहा है। सी.ई.एम. जोड ने सही लिखा है कि, "मानव जाति को भारत वासियों ने जो सबसे बड़ी चीज वरदान के रूप में दी है वह यह है कि भारतवासी हमेशा से ही अनेक जातियों के लोगों और अनेक प्रकार के विचारों के बीच समन्वय करने को तैयार रहे हैं और सभी प्रकार की विविधताओं के बीच एकता कायम करने की उनकी क्षमता लाजवाब रही है। सबके प्रति आत्मभाव भारतवासियों का स्वभाव रहा है। वैदिककाल में कीट पतिंग से लेकर मनुष्यों तक एक ही आत्मतत्व मान्य रहा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है कि, ''अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊंगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।" बीसवीं सदी के चिंतक रोम्यां रोलां ने लिखा है कि, अगर इस धरती पर कोई एक ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय और पनाह पाते रहे हैं, तो वह जगह हिन्दुस्तान है।"

यहां ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही विश्ववारा संस्कृति रही है। यहां जो भी आया हिन्दू समाज ने उसका स्वागत किया। सबके साथ रहने, मिलने, बात करने और संस्कृति का आनंद लेने का वातावरण वैदिक काल से ही शिखर पर था। इस्लामी ब्रितानी लोगों के भारत आने से संस्कृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। इस्लाम अनुयायियों से टकराव भी हुए। बाद में ब्रिटिश सत्ता द्वारा भारतीय संस्कृति पर हमले हुए। अंग्रेज भारत के लोगों का धर्मांतरण चाहते थे। उन्होंने भी भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता के नाम पर तमाम वैचारिक हमले किए। गांधी जी ने कड़ा प्रतिवाद किया और यूरोपीय सभ्यता को 'चांडाल' कहा। इस सभ्यता को ही दुर्भाग्य से आधुनिक सभ्यता कहा जाता है। हमारी आधुनिक सभ्यता हमारी ही प्राचीन संस्कृति का आधुनिक रूप होना चाहिए।

पहाड़ और पर्दा प्रथा

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले, परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी, जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती हैं।

हमारे पहाड़ की महिलाएं घूंघट नहीं करती,करे भी क्यों,न यहां की परिस्थितियां और न ही परिवेश इसकी अनुमति देता है। पहाड़ के जैसे ही अचल, अडोल, हांड-तोड़ मेहनत करने वाली पहाड़ी महिलाएं लड़कपन के दिनों में मन से जितनी उन्मुक्त होती हैं,वही विवाह के पश्चात उतनी ही गृहस्थी के प्रति समर्पित।

पहाड़ की परंपरा में पर्दा प्रथा नहीं है,क्योंकि यहां छोटे-बड़े का नैसर्गिक लिहाज ही काफी है। उन्मुक्त, स्वच्छंद परिवेश में हंसना बोलना, पारिवारिक सामंजस्य जिस में निश्छलता, समर्पण और स्पष्टवादिता का भाव मानो पहाड़ से ही विरासत में मिला है। दुर्गम परिस्थितियों में महिलाएं अकेली ही बड़ी कुशलता से घर संभालने को विवश भी हैं और अभ्यस्त भी, आखिरकार रोजी-रोटी के लिए साथी के पलायन की विवशता जो है। खैर अब तो गांव के गांव यहां से शहर को पलायन कर गए हैं।

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले,परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी,जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती है।

खैर मेरे जैसे शुरू से शहर में पले बड़े पहाड़ के जीवन को सही से लेखबद्ध भी नहीं कर सकते,परंतु हां अपनी मां को मैंने बड़ी कुशलता से दरांती का इस्तेमाल घास काटने के अलावा घर की साग-सब्जी काटते हुए देखा है। मुझे तो दरांती देखने में ही भय लगता है, तो रखना तो बहुत दूर की बात है। घुंघट से जुड़ा एक वाकया याद आया। मायके में जोशी जी जो कि बेटे-बहू वाले सामूहिक परिवार के रूप में हंसी-खुशी एक ही छत के नीचे रहता थे। एक बार उनसे पड़ोस के एक गैर उत्तराखंडी जो की वरिष्ठ थे और दिल्ली पुलिस में उच्च पद से सेवानिवृत थे ने बोला अरे जोशी जी तुम्हारे पहाड़ की बहुए पर्दा नहीं करती हैं, न बड़ों की उपस्थिति का ख्याल करती हैं। कहीं भी उठ-बैठ जाती हैं। तो जोशी जी बोले आप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं। हमारे पहाड़ की महिलाओं की आंखों में ही शर्म और लिहाज बहुत है। घरों के झगड़े घरों में ही निपट जाते हैं। आपकी तरह घूंघट की आड़ में कोर्ट कचहरी नहीं जाते कभी। पड़ोसी ने फिर कभी आक्षेप लगाने की हिम्मत नहीं उठाई।

मैं स्वयं पर्दा प्रथा के खिलाफ हूं। आखिरकार क्यों महिलाएं पर्दा करें,मात्र इसलिए की महिलाएं हैं। अरे पर्दा प्रथा हिंदुस्तान की सनातनी संस्कृति में थी ही नहीं। यह तो जब बाहरी आक्रांता आए तब मजबूरी वश शुरू किया गया। आक्रांता कब के चले गए। हम आजादी की शताब्दी मनाने की ओर उन्मुख हैं और यह पर्दा प्रथा मानो महिलाओं की आजादी को ही मुंह चिढ़ा रहा हो। आज महिलाओं को प्रगतिशील विचारों, गरिमामय छवि, निर्णयात्मक क्षमता और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा चलाकर चलने की आवश्यकता है न कि पुरातन परंपराओं को पोषित,पल्लवित और अग्रप्रेषित करने की,पर हैरत होती है कुछ महिलाएं ही पुरुष सत्तात्मक वर्चस्व को बनाए रखने की पक्षधर हैं और पर्दा प्रथा का खुलकर समर्थन करती हैं।

देवि सुरेश्वरि भगवति गंगे

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया।

गंगा जी बस कहने को तो नदी हैं,किंतु उनकी अपार पवित्रता और महत्ता के चलते वे इससे ऊपर की चीज और साक्षात् देवी हैं। 'रामचरितमानस' में रावण से संवाद करते हुए अंगद कहते हैं, "राम मनुज कस रे सठ बंगा। धन्वी काम नदी पुनि गंगा"। यानी जैसे श्रीराम भला मानव वर्ग में कैसे गिने जाएंगे और क्या गंगा जी की गिनती सामान्य नदियों में होगी? कदापि नहीं। श्रीमद्भगवद्गीता के दशम् अध्याय (विभूति योग) में अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने अपने को नदियों में जाह्नवी कहकर गंगा की सर्व श्रेष्ठता प्रतिपादित कर दी है, "झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी"। इनके दर्शन, मज्जन, पान से दैहिक, दैविक और भौतिक ताप मिट जाते हैं। कहा गया है, 'दर्शन मज्जन पान त्रिविध भय दूरि भगावत'। उनके जल की महिमा का प्रत्यक्ष से लेकर परोक्ष प्रभाव अत्यंत विशद है। पंडित राज जगन्नाथ ने अपनी इतिहास प्रसिद्ध संस्कृत कृति "गंगा लहरी" के एक श्लोक में लिखा है कि रात्रि के विलास काल में राज रमणियां अपने उरोजों पर जो कस्तूरी का लेप करती हैं,वह प्रातः गंगा स्नान करते समय उनके जल में धुलकर मिल जाता है। तब उन हिरनों के पास दिव्य विमान पहुंच जाते हैं जिनकी नाभि से वह कस्तूरी निकली थी और उन्हें सशरीर नंदन वन में विहार हेतु उपस्थित कर देते हैं':-

प्रभाते स्नांतीनां नृपति रमणीनां कुच तटी
गतो यावन्मातर्मिलति तव तोयैर्मृगमदः।
मृगास्तावत्वैमानिक शत सहस्रैःपरिवृतः
विशंति स्वच्छन्दं विमल वपुषो नंदन वनम्।।

भौतिक रूप से ऐसी माता गंगा का उद्गम हिमालय पर गोमुख है और वे एक बड़े क्षेत्र को पवित्र करती, जीवन दान देती गंगा सागर में समुद्र में विलीन हो जाती हैं,लेकिन उनके अलौकिक उद्गम की अनेक कथाएं हमारे आर्ष ग्रंथों-रामायण, महाभारत और पुराणों में उल्लिखित हैं। कहते हैं राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ किया था जिसके लिए घोड़ा छोड़ा गया था। इंद्र इस यज्ञ की सफलता से भयभीत थे। अतः उन्होंने छद्म वेष में वह घोड़ा कपिल मुनि के आश्रम में जाकर बांध दिया। मुनि ध्यानावस्थित थे। उन्हें कुछ पता नहीं चला। इधर राजा सगर की साठ हजार संतानें घोड़े को ढूंढने निकलीं और उन्हें कपिल मुनि के आश्रम में वह बंधा मिला। इन संतानों ने मुनि पर चोरी का आरोप लगाया और अनुचित व्यवहार करने लगे। मुनि ने क्रुद्ध होकर उन्हें भस्म कर दिया। उनकी प्रेतात्माएं भटकने लगीं। आगे चलकर इसी वंश में राजा भगीरथ हुए। उन्होंने अपने इन पूर्वजों की मुक्ति का उपाय पूछा, तो बताया गया कि स्वर्ग प्रवाहिनी गंगा यदि इनकी भस्मी के ऊपर से प्रवाहित हो जाएं, तो ये मुक्त हो जाएंगे। राजा ने तप करके गंगा जी को पृथ्वी पर आने के लिए राजी कर लिया,किंतु उन्होंने एक शर्त रखी। वे बोलीं कि हमारा वेग अति उत्कट होगा। उसे यदि कोई रोक सके,तभी हमारी उपयोगिता पृथ्वी वासियों के लिए हो पाएगी,अन्यथा मैं पृथ्वी फोड़कर सीधे पाताल चली जाऊंगी। तब भगीरथ ने भगवान शंकर को तप करके प्रसन्न किया। वे उनके वेग को अपनी जटावों में लेने को सहमत हो गए। गंगा जी अवतरित होने लगीं, तो उन्हें कुछ अहंकार हो गया कि भला मेरा वेग कौन रोक पाएगा? बस फिर क्या था भोलेनाथ ने उन्हें अपनी जटाओं में ऐसा उलझा दिया कि वे विपुल काल तक धरती पर उतर ही नहीं पाईं। अंततः भगीरथ की अनुयय विनय पर भगवान शंकर ने उन्हें भूमि पर आने दिया और भगीरथ का उद्देश्य पूरा हो गया।

एक अन्य कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया। तीसरा फिर भी शेष रहा। कहते हैं कि आकाश पर विराट का पग पड़ते ही ब्रह्मांड कपाल फूट गया और ऊर्ध्व लोकवाहिनी गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हो गईं। इसी कथा में कहीं-कहीं थोड़ा अंतर है। वह यह कि जब वामन विष्णु जी का चरण आकाश पर गया,तो ब्रह्मा जी ने उसका प्रक्षालन करके उपने कमंड में भर लिया और पुत्री का रूप देकर हिमालय को सौंप दिया। तीसरी कथा के अनुसार भगवान शंकर ने एक बार नृत्य किया जिससे राधा माधव द्रवित हो गए। वह ब्रह्मद्रव ब्रह्मा जी ने अपने कमंड में भर लिया और वह देवलोक में पावन नदी बनकर प्रवाहित होने लगा। पश्चात् भगीरथ के प्रयास से वह विष्णु चरणों से होकर शंकर जटाओं पर गिरकर पृथ्वी पर आईं और एक धारा पाताल चली गई। देवलोक में वे मंदाकिनी, पृथ्वी पर गंगा या भागीरथी तथा पाताल में भोगवती कहलाईं। तीनों लोकों में होने के कारण वे त्रिपथगा भी हैं। उनका संबंध इस तरह त्रिदेवों-ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भी है। उनका यह अवतरण ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हुआ था, जिसे ज्येष्ठ दशहरा या गंगा दशहरा कहते हैं। हिमालय पर अनेक धाराओं में प्रवाहित होती हुई, पंच प्रयागों में धाराओं का आमेलन हुआ है। वहां का अंतिम प्रयाग देवप्रयाग है,वहीं से इनका नाम गंगा पड़ा। वहां अलकनंदा और भागीरथी का संगम है। स्कंद पुराण के हिमवत खंड के अनुसार यहां तीन रात्रि विश्राम कर लेने वाले को इंद्र पदवी प्राप्त होती है। यहां स्थित रामकुंड में भगवान राम ने भी स्नान किया था।

लोक ही स्मृतियों का स्रोत

सरोज मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दोस्तों हम बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। जीवन मूल्य तिरोहित हो गए हैं। विचार का संकट खड़ा हो गया है। वैचारिकता समाप्त है। हम मुगालते में जी रहे हैं। हम मनुष्य की तरह नहीं वस्तु जींस की तरह जी रहे हैं। धर्म की वस्तु, जाती की वस्तु। वोट की वस्तु, राजनीती की वस्तु, कुटिल चतुर गुंडों के स्वार्थ पूर्ती की वस्तु। हां कुछ लोग एक कदम आगे हैं। वे वस्तु की जगह साधन हो गए हैं। देश का आचरण। नैतिकता तिरोहित है, मित्रों, मनुष्य स्मृतिवान है। वह इतिहास बोध संपन्न प्राणी है। विचारों में जीता है, सिद्धांतों को रचता है और सिद्धांतों में ही ऊपर उठता रहता है।

लोक ही उसकी स्मृतियों का श्रोत है। वही मूल जड़ है। मनुष्य का अपना रचा हुआ एक लोक होता है। मतलब की उसका संपूर्ण अस्तित्व लोक बद्ध होता है। वह लोक लय से संचालित होता है। लोक से ही आभिजात्य विकसित हुआ है, हो रहा है और होता रहेगा, अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए लोक राग को सुरक्षित कर पाना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। आज समय का छंद कही खो गया है। कारण बहुत साफ है। हमारी लौकिक परंपरा में किंवदंतियों का घाल मेल हो गया। भगवान से लेकर जीवनशैली तक की अवधारणाओं में भी। हमारी अनुभूतियां। जिजीविषा का पल्ला पकड़ कर आती रहीं। यही जिजीविषा ही अनादी काल से आज तक हमें स्थापित करती रही है। जिजीविषा की इस दुर्दमनीय धारा को हमारा लोक राग। हमारी स्मृतियां प्रवाह देती रहीं हैं,किन्तु आज का समय बहुत कठिन है।

हर कदम पर बटमार समाज को गुमराह कर रहे हैं। ये बटमार संगठित हैं। जरूरत है एक नए प्रतिबद्धता की। नए लोकराग की जो समाज में छिपे कपट को पहचान सके। तभी समय का छंद सधेगा। इस दौर में भी अभी भी हमारे पास बहुत कुछ है अपनी भावी पीढ़ी के लिए बचाने के लिए।

कश्मीर की समस्या और बाहरी ताकतें

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

कश्मीर में लंबे समय से तनाव चल रहा है। पाकिस्तान और उसके अनुयायी पृथकतावादी संगठन एक ओर हैं तो दूसरी ओर हिंदुत्ववादी संगठन हैं। बीच में कहीं तीसरा धड़ा धर्मनिरपेक्ष कश्मीरियों का है,जो कश्मीर की रक्षा किए हुए हैं और उनके कारण ही आज कश्मीर भारत का हिस्सा है वरना सांप्रदायिक ताकतें और फंडामेंटलिस्ट-पृथकतावादी अपने-अपने तरीकों से जम्मू-कश्मीर को बांट चुके होते,जो लोग नागार्जुन के बारे में बातें कर रहे हैं उनसे सम-सामयिक सवालों पर स्टैंड लेने के लिए कहा जाना चाहिए।

बाबा की कविता का मामला साहित्य का मामला नहीं है। यह समाज और राष्ट्र का मामला भी है। बाबा नागार्जुन के पास कश्मीर को लेकर एक समझ थी और वे कश्मीर की धड़कन को अच्छी तरह पहचानते थे। कश्मीर पर लिखी उनकी कविता का शीर्षक है 'केसर की मासूम क्यारियों से आती आवाज'। बाबा ने लिखा- ''काश्मीरी ही काश्मीर कर सकते उद्धार/'' जो लोग यह समझते हैं कश्मीर की समस्या देसी है वे गलतफहमी के शिकार हैं,पहले भी आज भी कश्मीर की समस्या बाहरी ताकतों के द्वारा पैदा की गई है। अमेरिका और पाक की इन दिनों कश्मीर में अतिरिक्त दिलचस्पी दर्ज की गई है। अमेरिकी रवैये पर बाबा ने लिखा- ''अमेरिकी बंदर पंचों की खुल जाएगी पोल/काश्मीर में बजा करेंगे काश्मीर के ढोल।''

कश्मीर को लेकर तथाकथित सुलह कराने वालों पर बाबा ने लिखा - '' डिनर नई दिल्ली में और कराची में कर लंच/ तौल रहे रावलपिंडी में लड्डू बंदर पंच।'' अंत में बाबा नागार्जुन ने जो लिखा वह और भी महत्वपूर्ण है। लिखा '' मात खाएंगे हिंदी पंडित, पाकिस्तानी पीर/ लो देखो, वह खड़ा हो रहा नया-नया कश्मीर।''

आखिर हम इतिहास से कब सीखेंगे

गणेश प्रसाद पांडेय
गोरखपुर

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता।

कभी-कभी विचार आता है कि 1500 ई. के बाद के ब्रिटिश कितने साहसी और बुद्धिमान रहे होंगे, जिन्होंने एक ठंडे प्रदेश से निकलकर,अनजान रास्ते और अनजान जगहों पर जाकर लोगों को गुलाम बनाया। अभी भी देखा जाए तो ब्रिटेन की जनसंख्या और क्षेत्रफल गुजरात के बराबर है,लेकिन उन्होंने दशकों नहीं शताब्दियों तक दुनिया को गुलाम रखा।

भारत की करोड़ों की जनसंख्या को मात्र कुछ लाख या हजार लोगों ने गुलाम बनाकर रखा और केवल गुलाम ही नहीं बनाया,बल्कि खूब हत्याएं और लूटपाट की। उन्हें अपनी कौम पर कितना गर्व होगा कि उनके मुठ्ठी भर लोगों ने दुनिया को नाच नचाते रहे।

भारत के एक जिले में शायद ही 50 से ज्यादा अंग्रेज रहे होंगे,लेकिन लाखों लोगों के बीच अपनी धरती से हजारों मील दूर आकर अपने से संख्या में कई गुना अधिक लोगों को इस तरह गुलाम रखने के लिए अद्भुत साहस रहा होगा। अगर इतिहास देखते हैं तो पता चलता है कि उनके पास हम पर अत्याचार करने के लिए लोग भी नहीं थे तो उन्होंने हम में से ही कुछ लोगों को भर्ती किया था,हम पर अत्याचार करने के लिए, हमें लूटने के लिए। सोचकर ही अजीब लगता है कि हम लोग अंग्रेजों के सैनिक बनकर, अपने ही लोगों पर अत्याचार करते थे। चंद्रशेखर, बिस्मिल जैसे मात्र कुछ गिनती के लोग थे, जिन्हें हमारा ही समाज हेय दृष्टि से देखता था। आज वही नपुंसक समाज उन चंद लोगों के नाम के पीछे अपना कायरतापूर्ण इतिहास छुपाकर झूठा दंभ भरता है।

यानि हम स्वाभिमानहीन लोग हैं, स्वतंत्रता मिलने पर भी हम मानसिक गुलाम ही रहें। दूसरी तरफ हमारी व्यवस्थाएं भी सड़ी हुई हैं,जिन्होंने इन सभी नाकामियों का कभी मंथन ही नहीं किया। हमारे ऊपर जब आक्रमण हो रहे थे और हम जब एक युद्धकाल से गुजर रहे थे,हमारी बहुसंख्यक जनसंख्या इस मानसिकता में थी कि "कोउ नृप हो हमें का हानि"! मतलब उनको युद्ध से, राज्य से, राजा से कोई मतलब नहीं था। ये सब बस क्षत्रिय के काम थे। उनको करना है तो करें, नहीं करना तो नहीं करें। यही कारण था कि मुस्लिम आक्रमण से राजस्थान क्षेत्र छोड़कर समस्त भारत धराशाही हो गया था,क्योंकि राजस्थान में क्षत्रिय जनसंख्या अधिक थी तो संघर्ष करने में सफल रहे। ऐसे ही कुछ क्षेत्र और थे,जो इसमें सफल हुए। आज इस्राइल बुरी तरह शत्रुओं से घिरा हुआ है,लेकिन सुरक्षित है। क्योंकि वहां के प्रत्येक व्यक्ति की देश और धर्म की सुरक्षा की जिम्मेदारी है,लेकिन हमने ये कार्य केवल क्षत्रियों पर छोड़ दिया था,जबकि फौज में भी युद्ध के समय माली, नाई, पेंटर, रसोइया आदि सभी लड़ाका बनकर तैयार रहते हैं। हमने युद्धकाल में भी परिस्थितियों को नहीं समझा और अपनी योजनाएं नहीं बनाई अपनी व्यवस्थाएं नहीं बदली।

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता। जरा विचार करके देखिए कि मुस्लिमों एवं अंग्रेजों से जिस तरह क्षत्रिय लड़े, अगर पूरा हिन्दू समाज क्षत्रिय बनकर,लड़ा होता तो क्या हम कभी गुलाम हो सकते थे? सामान्य परिस्थिति में समाज को चलाने के लिए उसको वर्गीकृत किया ही जाता है, लेकिन विपत्तिकाल में नीतियों में परिवर्तन भी किया जाता है,लेकिन हम इसमें पूरी तरह नाकाम लोग हैं। इसलिए 1000 सालों से दुर्भाग्य हमारे पीछे पड़ा है। अटल जी एक भाषण में कहते हैं कि एक युद्ध जीतने के बाद जब 1000 अंग्रेजी सैनिकों ने विजय-जुलूस निकाला था,तो सड़क के दोनों तरफ 20000 भारतीय उनको देखने आए थे। अगर ये 20000 लोग पत्थर-डंडे से भी मारते, तो 1000 सैनिकों को भागते भी नहीं बनता,लेकिन ये 20 हजार लोग केवल युद्ध के मूक दर्शक थे।

आज भी कुछ खास नहीं बदला। मुगलों और अंग्रेजों का स्थान एक खास डाइनेस्टी ने ले लिया और वामपंथियों/सेकुलरों के रूप में खतरनाक गद्दारों की फौज भी पैदा हो गई,लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम आज भी बंटे हुए हैं। 100 करोड़ होकर भी मूक दर्शक बने हुए हैं। भले ही कुछ लोग कुछ जागृति पैदा करने में सफल हुए हों,पर बिना संपूर्ण जागृति इस देश के दुर्भाग्य का अंत नहीं होगा। सही है कि हम इतिहास से सीखने वाले नहीं हैं,चाहे खुद इतिहास बनकर रह जाएं।

ग्लोबल जेंडर इंडेक्स में फिसलता भारत

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दो में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है।

भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम मानी जाती हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्रनाथ टैगोर के शब्दों में हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं,बल्कि इस रोशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से महिलाएं मानवता का स्रोत रही हैं।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है। महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति और सफलता को प्राप्त कर रही हैं,लेकिन विश्व आर्थिक मंच द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक लिंग अंतर सूचकांक डेटा ने भारत के लिए एक चिंताजनक स्थिति को उजागर किया, क्योंकि देश में दो स्थानों की गिरावट देखी गई। अब सूचकांक में 146 देशों में से भारत 129 वें स्थान पर है। इस गिरती स्थिति का प्रमुख कारण शिक्षा की कमी भी है। साथ ही हमारे देश की सामाजिक मान्यताएं भी एक प्रमुख कारण बनता है।

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में,पाकिस्तान ने सबसे कमजोर प्रदर्शन किया जबकि बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान ने रैंकिंग में भारत को पीछे छोड़ दिया। एक स्पष्ट आंकड़ा सामने आया है,जो दर्शाता है कि भारतीय महिलाएं पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये पर केवल 40 रुपये ही कमाती हैं, जो एक महत्वपूर्ण लिंग वेतन अंतर को दर्शाता है। सच्ची महिला स्वतंत्रता तभी प्राप्त हो सकती जब लोग महिलाओं के प्रति अपने प्रतिबंधात्मक दृष्टिकोण और मानसिकता को बदलेंगे।

साहब ! चोर को चौकी के सिपाही ने छोड़ दिया, नहीं लिखी जा रही रिपोर्ट

संपूर्ण समाधान दिवस में एसएसपी से ग्रामीणों ने की शिकायत

संवाददाता ताखा, इटावा

अमृत विचार। पुलिस ने चोर को पैसे लेकर छोड़ दिया और रिपोर्ट भी नहीं लिखी। ताखा के संपूर्ण समाधान दिवस में एसएसपी के समक्ष एक ग्रामीण ने यह शिकायत की। चोरी की कई शिकायतें आने पर एसएसपी ने थानाध्यक्ष को फटकार लगाई। उन्होंने कहा छोटी-छोटी चोरी रुकनी चाहिए।

शनिवार को ताखा के तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 23 शिकायते आईं। इनमें से 8 का मौके पर निस्तारण किया गया। ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला कुआ निवासी शिशुपाल व उमेशचंद्र ने बताया खेतों में पानी की सिंचाई के लिए दोनों लोगों ने पंखे लगा रखे हैं। 31 मई की रात चोरों ने दोनों खेतों से पंखे चोरी कर लिए। चोरी की तहरीर भी। उन्होंने एक चोर को भी पकड़कर चौकी पर तैनात सिपाही हेमराज को सौप दिया। हेमराज ने चोर को चौकी इंचार्ज के पास पहुंचने नहीं दिया। उससे पहले ही छोड़ दिया। आज तक चोरी की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हुई है। वहीं अहिबरनपुरा निवासी अनिल कुमार ने बताया चार जून को उनके मकान के बाहर खेत की जुताई करने वाला रूटर रखा था। जिसे रात में चोरों ने चोरी कर लिया। थाने में रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हुई है। लगातार चोरी की शिकायतें सुन एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने थानाध्यक्ष को फटकार लगाई। उन्होंने कहा छोटी-छोटी चोरी क्यों नहीं रूक रही हैं। आखिर पुलिस क्या कर रही है। गश्त किस तरह हो रही है। हर हाल में चोरों पर अंकुश लगाया जाए।

ताखा में जनशिकायतें सुनते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार।

- समाधान दिवस पर चार साल से मुआवजा के लिए भटक रहे किसान ने लगाई गुहार

इंद्रपाल सिंह निवासी नगला हुकमसिंह ने बताया उनकी जमीन पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा कर रखा है। कई बार शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। चौथी बार प्रार्थनापत्र देकर खाली कराने की मांग की। कुदरैल निवासी कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया उनकी जमीन एक्स्प्रेसवे के निर्माण में गई है लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। वह वर्ष 2020 से मुआवजा के लिए भटक रहे हैं।

समाधान दिवस में जिला वन अधिकारी अतुल कांत शुक्ला, सीएमओ गीताराम, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप राना, डीपीआरओ बनवारी सिंह, एसडीएम ताखा देवेंद्र कुमार, तहसीलदार मोहम्मद असलम, बीडीओ राजकुमार शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 23 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें 8 का मौके पर निस्तारण किया गया।

19 में मात्र एक शिकायत का निस्तारण

चकरनगर। उपजिलाधिकारी ब्रह्मानन्द कठेरिया की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौश्रान कुल 19 शिकायतें आईं। मौके पर एक ही शिकायत का निस्तारण हो सका। तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्र, नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार, खंड विकास अधिकारी विवेक कटियार, एसडीओ रजित शर्मा, वन सैंक्चुरी दरोगा बीपी चौहान, चकरनगर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सहित सभी थानों के इंचार्ज मौजूद रहे।

टैलेंट शो के दौरान प्रस्तुति देतीं बच्चियां। अमृत विचार

टैलेंट शो में बच्चों ने सामूहिक नृत्य पेश कर मचाया धमाल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- लुधपुरा समाज के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर में "जैन टैलेंट शो" का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को अपने अंदर की धार्मिक प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

टेलेंट शो में एकल भजन, एकल नृत्य, ग्रुप भजन, ग्रुप नृत्य कार्यक्रम कई घंटे तक चले। इसमें लुधपुरा समाज के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। लुधपुरा समाज की 4 बेटियों तनिष्का जैन, छवि जैन, यशी जैन, हर्षी जैन ने ग्रुप डांस किया। लधुपुरा की ही आर्या जैन, आंशी जैन, आस्था जैन ने भी जैन टैलेंट शो में डांस के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लुधपुरा की बच्चियों का निर्देशन अंजली जैन द्वारा किया गया, जो पिछली बार कार्यक्रम संयोजन के लिए कई पुरस्कार जीती थीं। शिविर संयोजक आराध्य जैन और निकेतन जैन ने बताया है कि स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर आदि संसाधनों से विभिन्न वर्ग की क्लासेस का आयोजन किया जा रहा है। स्वाध्याय और सामूहिक क्लासेज आदि को भी सरलता के साथ आयोजित कर जैन धर्म का मर्म समझाया जा रहा है। शिशु, बालबोध, किशोर, प्रौढ़ आदि कक्षाओं को बाल ब्रह्मचारी राहुल जैन, अमन शास्त्री, अभिषेक शास्त्री, अनिकेत शास्त्री आदि शिविर में प्रशिक्षण दे रहे हैं।

सार-संक्षेप

बहन से मिलने पहुंचे भाई को ससुरालियों ने पीटा

जसवंतनगर। ग्राम खेड़ा बुजुर्ग में अपनी बहन के फोन करने पर पहुंचे भाई को बहन के ससुराल वालों ने मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम निनौली निवासी मचल सिंह ने थाने में बताया कि उसकी चचेरी बहन रूबी की शादी 10 वर्ष पूर्व नीलेश पुत्र मुलायम सिंह निवासी खेड़ा बुजुर्ग के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि रूबी को ससुराली आए दिन परेशान करते रहते हैं। शुक्रवार को रूबी के फोन पर चचेरे भाई अजान सिंह, पिंकेश, रत्नेश वहां पहुंचे तो प्रांशू, नीलेश, प्रांकित पुत्रगण मुलायम सिंह आदि ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लापता किशोरी का सुराग नहीं, केस दर्ज

जसवंतनगर। दो दिन पहले थाना क्षेत्र में घर से खेत जाने की बात कहकर निकली 15 वर्षीय किशोरी का काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ससुरालियों पर मारपीट का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

जसवंतनगर। गांव नगला जगन निवासी मालती पत्नी ओमपाल उर्फ चिरोजी ने आरोप लगाया कि उसके पति ओमपाल, ससुर शिवराज सिंह व सास शारदा देवी ने उसके साथ मारपीट की। इससे उकसा हाथ टूट गया। चिल्लाने पर पड़ोसियों ने आकर उसे बचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मारपीट कर युवक को किया घायल

बकेवर। थाना क्षेत्र के कस्बा निवाड़ी खुर्द के रफीक खां ने दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार शाम घर जा रहा था। रास्ते में कस्बे के ही निसार खां गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को सीएचसी महेवा भिजवाया। आरोपित युवक की तलाश शुरू की जा रही है।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

कलश यात्रा में भक्ति गीतों पर थिरके युवा

बकेवर। गांव चंद्रपुरा में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। महिलाओं ने सिर पर कलश रखा तो वहीं युवा भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा की। कथा वाचक अंशू शास्त्री ने कहा कि जहां कथा का आयोजन होता है वह स्थान तीर्थ के समान मना जाता है। कथा सुनने व आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। कथा सुनने मात्र से इंसान के दु:ख का नास हो जाता है व उनके जीवन सुखमय होता है। कलश यात्रा के दौरान परीक्षित कैला देवी पत्नी शिवराम सिंह, राहुल यादव, नीतिश यादव, शिवम, बॉबी, कुलदीप, विवेक, सुरजीत, विशाल, विमल आदि मौजूद रहे।

बीएलओ पर वोट न बनाने का आरोप, डीएम से शिकायत

इटावा। महेवा विकासखंड के गांव मनियांमऊ के लोगों ने बीएलओ पर वोट न बनाने का आरोप लगाकर डीएम को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उक्त गांव निवासी विजयपाल सिंह पाल ने प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि उसके गांव के बीएलओ पार्टी बंदी के तहत करीब 150 लोगों के वोट नहीं बनाए। इस कारण वे लोकसभा चुनाव में वोट डालने से वंचित रह गए। उनका आरोप है कि लोग कई बाद बीएलओ से वोट बनवाने के लिए गए लेकिन उन्होंने वोट नहीं बनाए। वोट डालने से वंचित रहे छह दर्जन से अधिक लोगों ने आधार व मोबाइल नंबर देकर शिकायत की है। डीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

इटावा। मोहल्ला साबितगंज निवासी शहवाज (30) पुत्र खुर्शीद ने शनिवार को घरेलू कारणों से परेशान होकर अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने उसे फंदे से उतारा और जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में परिवार के लोग शव को अपने साथ ले गए।

योग गुरु अभिषेक अयोध्या में सम्मानित

महेवा। महेवा के ग्राम मुकुटपुर निवासी योग गुरु अभिषेक भदौरिया को अयोध्या में सम्मानित किया गया है। दो दिवसीय योग महाकुंभ में मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा, आचार्य राजरिशि वेदमूर्ति पवन दत्त, प्रांत प्रचारक राजकिशोर, अवध प्रांत राष्ट्रीय स्वयमसेवक संघ ने अभिषेक सिंह को गेस्ट ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान मिलने पर प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, समाज सेवी राजू दुबे, पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य महेवा कॉलेज डाक्टर रामप्रकाश ओझा, प्रधान मुकुटपुर लाल सिंह शाक्य आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

मारपीट में दो भाइयों को तीन-तीन साल की सजा

इटावा। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने घर में घुसकर मारपीट करने के 31 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए दो भाईयों को दोषी पाया और उन्हें तीन तीन साल की सजा व तीन तीन हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया। भरथना थाना क्षेत्र के मोहल्ला गिरधारी पुरा में एक मारपीट के मामले में मोहल्ले के ही देवेंद्र व रामशान पुत्रगण भूदेव के खिलाफ वर्ष 1993 में मामला दर्ज किया गया था। छानवीन के वाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के कोर्ट में हुई जहां कोर्ट ने पुलिस व अभियोजन की ओर से पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर देवेंद्र व रामशान को दोषी पाया। उन्हें तीन तीन साल की सजा व तीन तीन हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया।

ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

जसवंतनगर। ग्राम तमेरा मार्ग पर शनिवार को खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क से नीचे गड्ढे जाकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर के चालक की दबकर मौत हो गई। ग्राम राजपुर निवासी योगेंद्र उर्फ सिक्की (30) पुत्र बीरेंद्र सिंह अपने खाली टैक्टर व ट्रॉली को लेकर किसी कार्य के लिए जा रहे थे। ग्राम तमेरा मार्ग पर उनका टैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर सिक्की की मौत हो गई।

नवादा खुर्द कलां में चकबंदी से संबंधित बैठक 18 को

चकरनगर। तहसील चकरनगर के ग्राम नवादा खुर्द कलां को उत्तर-प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत चकबंदी प्रक्रियाओं से पृथक किए जाने के संबंध में प्राइमरी पाठशाला नवादा खुर्द कला में खुली बैठक 18 जून को प्रात: 11 बजे से होगी। इसमें ग्राम नवादा खुर्द कलां के कृषकों/ खातेदारों को निर्धारित प्रारूप पत्र चकबंदी करने अथवा चकबंदी निरस्त किए जाने के संबंध में वितरण किए जाएंगे।

माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण किया जाए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अयोध्या जनपद में चल रहे माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन चिंतन शिविर का समापन हो गया। शिविर में शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित कई प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किए गए। जिला अध्यक्ष रणविजय यादव एवं महामंत्री सुखराम आदिवंशी ने बताया कि शिविर में सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के राजकीयकरण, सेवा सुरक्षा की धारा 21 बहाल करने, प्रवक्ता पद पर पदोन्नति शुरू करने, तदर्थ प्रधानाचार्यों को वेतन देने, ऑनलाइन स्थानांतरण शुरू करने, ग्रीष्मावकाश की जगह अन्य कर्मचारियों की भांति अर्जित अवकाश प्रदान करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा नियमवाली बनाने, कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू करने, प्रधानाचार्य पदों पर भर्ती लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर कराये जाने, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। चिंतन शिविर में पास किये गये प्रस्तावों को शीघ्र ही मुख्यमंत्री को सौपा जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने राजकीयकरण सहित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए 24 जून को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर विशाल प्रदर्शन करने की घोषणा की। संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव, प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुशवाहा, कोषाधक्ष बिजेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र प्रता, प्रदेश मंत्री सदीप शुक्ल, उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

लीटेपुरा में तीन दिन में मिले 2 मानव भ्रूण

बकेवर। थाना क्षेत्र के ग्राम लीटेपुरा में तीन दिन के अंतराल में दो मानव भ्रूण मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। गांव निवासी जगत नारायण ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही एक कथित डॉक्टर ने अवैध गर्भपात करके एक मानव भ्रूण उसकी चहारदीवारी के अंदर फेंक दिया। पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तीन दिन पूर्व भी एक अन्य मानव भ्रूण गांव के ही मनोज के खेतों में ग्रामीणों ने पड़ा देखा। जिसको आवारा जानवर अपना निवाला बना गए। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गांव में एक मानव भ्रूण पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भ्रूण गांव में कैसे आया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

15 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- लवेदी थाना पुलिस ने कार्रवाई के बाद भेजा जेल

अमृत विचार। लवेदी थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मड़ौली तिराहे के पास से 15 हजार रुपये के इनामी अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वह लवेदी थाने से शराब तस्करी के मामले में वांछित चल रहा था। उसके पास से एक मोबाइल व नकदी बरामद हुई है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बीते 3 मार्च की रात को एसओजी टीम एवं थाना लवेदी पुलिस टीम ने चार शराब तस्करों हिम्मत सिंह पुत्र जतन सिंह, विनय पुत्र संजीव सिंह, नन्दकिशोर उर्फ नंदू पुत्र रघुराज व मोनू तोमर उर्फ राघवेन्द्र उर्फ बजरंगी पुत्र रामसजीवन को एक ट्रक कंटेनर, एक कार टाटा टिआगो एवं एक कार होण्डा सिटी सहित गिरफ्तार किया था। कंटेनर एवं दोनों कारों से 203 पेटी अंग्रेजी शराब (कुल अनुमानित कीमत 01 करोड़ रुपये) बरामद की गई थी।

शराब तस्कर के बारे में जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार। अमृत विचार

नौ मार्च मामले में वांछित नितिन तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी, पंकज बघेल पुत्र मदन गोपाल को गिरफ्तार किया गया। 29 मार्च अभियुक्त सनी पुत्र रामआसरे, हरीकिशन पुत्र रामलाल को गिरफ्तार किया गया था। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी।

शुक्रवार की रात थाना सहसों एवं लवेदी पुलिस टीम थाना लवेदी क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी यमुना पुल टकरूपुरा पर गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि शराब तस्करी में वांछित 10 हजार का इनामी सत्यम पुत्र हिम्मत सिंह निवासी कुम्हारेड़ी जिला डींग, राजस्थान मडौली मोड़ के पास खड़ा है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

शिक्षण को बेहतर बनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। आईसीटी आधारित तकनीकी प्रविधि विषय पर डायट में एक दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य डायट एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, डीआईओएस मनोज कुमार एवं वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेम पाल सिंह ने कार्यशाला की शुरुआत कराई। इस दौरान शिक्षण को बेहतर बनाने पर जो दिया गया।

कार्यशाला में परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों के रूप में जनपद औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज व इटावा के दो-दो डायट प्रवक्ता, समस्त विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी व एक-एक एसआरजी ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला के प्रमुख सहयोगी संस्था शिव नादर फाउंडेशन से मोहम्मद ताहिर, सोबरन सिंह, राम लखन शुक्ला, रविंद्र त्यागी, खान अकादमी से शोर्जो एवं कान्वीजीनियस संस्था से आयुषी गुप्ता ने अपने सत्रों के माध्यम से आईसीटी के बेहतर प्रयोग संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की। शिक्षण में उपयोगी तमाम मोबाइल एप्लीकेशन के प्रयोग पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में प्रशिक्षण देते बीएसए डॉ. राजेश कुमार, डीआईओएस मनोज कुमार।

- डायट में आईसीटी आधारित तकनीकी कार्यशाला

कार्यशाला के समापन पर प्राचार्य डायट डॉ. राजेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन गायत्री एवं बृजलाल प्रशिक्षण प्रभारी ने किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश कुमार, दीपक कुमार, जितेंद्र कुमार, डीसी प्रशिक्षण ज्ञानेंद्र सिंह एवं डायट के समस्त प्रवक्ता उपस्थित रहे।

सिपाही ने पलट दी फल वाले की रेहड़ी

सैफई। मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास रेहड़ी लगाकर फल बेच रहे दुकानदार ने चौकी के सिपाही पर महीना बंदी एक हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। न देने पर रेहड़ी पलटने का आरोप लगाया है। सैफई पीजीआई चौराहे पर मरीज के खाने-पीने के लिए फल फ्रूट व जूस की रेहड़ी सचिन, बंटू, टिंकल, रंजीत, रजत, पवन, रिंकू, कल्लू व विनय आदि हैं। उनका आरोप है कि पिछले 15 दिन से चौकी का एक सिपाही फ्री में फल ले जाता है। प्रतिमाह एक हजार रुपये रंगदारी मांगता है। एक दर्जन दुकानदारों ने इसकी शिकायत सैफई गांव में सपा संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव के भाई अभयराम यादव से की। उन्होंने सीओ सैफई को फोन मिलाया और दुकानदारों की व्यथा बताई। सीओ ने सिपाही के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सभासदों की कम उपस्थिति से नपा की बैठक स्थगित

संवाददाता भरथना, इटावा

- अनैतिक मांगों के चलते बैठक में नहीं पहुंचे सभासद : चेयरमैन

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद की बैठक पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। नगर में पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने व साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में कर्मियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अधिकांश सभासदों की अनुपस्थिति पर बैठक स्थगित कर दी गई। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि कई सभासद पालिका प्रशासन पर निराधार आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभासदों द्वारा लगातार अनैतिक मांगों की पूर्ति का दबाव बनाया जा रहा है। यदि सभासदों को किसी भी विकास कार्य आदि में कोई अनियमितता व भ्रष्टाचार जैसी गतिविधि नजर आती है, तो वह जिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों से शिकायत कर सकते हैं। इससे पूर्व बैठक में मीरा देवी, आरती यादव, प्रबल कश्यप, रेखा देवी, शशांक यादव आदि सभासदों ने अपने-अपने वार्डों के विकास कार्य से संबंधित सुझाव रखे। जिस पर पालिकाध्यक्ष व ईओ द्वारा समय रहते पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया।

अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मणि ने बताया कि प्रस्तावित बोर्ड बैठक सभासदों की कम उपस्थिति होने के कारण स्थगित कर दी गई है। लेखाधिकारी अवधेश तिवारी, प्रधान लिपिक योगेश दुबे, राजेन्द्र कुमार, राजीव सोलंकी, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

डीबीए चुनाव | कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को हुआ मतदान, रात तक चली मतगणना के बाद घोषित किया गया परिणाम

अनिल गौर अध्यक्ष और देवेंद्र पाल महामंत्री निर्वाचित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव में शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हुआ। कुल 892 मतदाताओं में से 828 मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया। शाम चार बजे से हुई मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल गौर को अध्यक्ष चुना गया जबकि देवेन्द्र पाल महामंत्री चुने गए हैं। रात तक चली मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए गए। अनिल गौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजेश त्रिपाठी को और महामंत्री पद पर देवेंद्र पाल ने अंबरीश पांडे को 46 मतों से हराया। अनिल गौर व देवेन्द्र पाल एक बार पहले भी अध्यक्ष व महामंत्री रह चुके हैं।

डीबीए के अध्यक्ष अनिल गौर का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

डीबीए चुनाव को लेकर शनिवार को कचहरी परिसर में सुबह से ही गहमा गहमी रही। निर्धारित समय पर सुबह मतदान शुरू करा दिया गया और यह मतदान दोपहर बाद ढाई बजे तक चला। सुबह 10 बजे तक मतदान के लिए वकीलों की लंबी लाइन लग चुकी थी। प्रत्याशी और उनके समर्थक लगातार सक्रिय दिखाई दिए। मतदान दोपहर ढाई बजे तक चलता रहा। शाम चार बजे के बाद मतगणना शुरू हुई। इसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल गौर ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली। लोगों में सबसे ज्यादा अध्यक्ष और महामंत्री पद को लेकर ही उत्सुकता रही। मतगणना के दौरान कचहरी में बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे और मतगणना के रुझान जानते रहे। अध्यक्ष अनिल गौर का उनके समर्थकों ने माला पहना कर व ढोल बजाकर स्वागत किया। वही देवेंद्र पाल के महामंत्री चुने जाने पर उनके समर्थकों ने उन्हें भी फूल मालाओं से लाद दिया। स्वागत करने वालों में पूर्व अध्यक्ष चंद्र शेख सिंह गौर, बृजेंद्र चौबे, मुन्ना अवस्थी, हैप्पी ठाकुर, राम नाथ सिंह, प्रशांत दुबे, सुनील शर्मा के अलावा भारी संख्या में वकील शामिल रहे।

इस तरह मिला वोट

अध्यक्ष पद पर	
अनिल गौर	434
राजेश त्रिपाठी	299
महामंत्री पद पर	
देवेंद्र पाल	263
अमरीश पांडे	214

दुर्घटना में जीजा व साला घायल

बकेवर। क्षेत्र के गांव पिलखना के शिवानंद शनिवार दोपहर अपने गांव से बाइक पर अपने जीजा गांव हरचंदपुर में रहने वाले जुगराज सिंह बैठाकर उन्हें छोड़ने जा रहा था। पिलखना संपर्क मार्ग तिराहे पर सामने से आए पल्सर सवार युवक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे जीजा-साले गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को असपताल में भर्ती कराया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत जाफरपुर विकास खण्ड सैफई – इटावा

पत्रांकः मीमो / ग्राम पंचायत– जफरपुर / निविदा प्रकाशन / 2024–25 / दिनांक 15–06–2024

नोटिस / विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत जाफरपुर सैफई – इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा / 15 वें वित्त / पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मव / पी0एफ0एम0एस0 निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्या हेतु ग्राम पंचायत जाफरपुर विकास खण्ड सैफई में फर्मों / ठेकेदारों से निविदार्य / टैण्डर 18–06–24 से.24–06–24 समय 02: 30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 24–06–24 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03: 30 पर खोली जायेगी । निविदा प्रपत्र दिनांक 18–06–24 से 24–06–24 तक ग्राम पंचायत जाफरपुर सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रात: 10: 30 से 01: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है ।कार्य का विवरण निम्न प्रकार है ।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
01	प्रमोद के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य	पंचम वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त	1,04,548.00	2090.00	300.00
2	सड़क से उत्तम के घर तक बी.सी मरमत कार्य	पंचम वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त	1,04,452.00	2090.00	300.00
3.	सड़क से स्कूल तक बीद्वसी मरमत का कार्य	पंचम वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त	1, 22,742.00	2455.00	300.00
4.	बलवीर के खेत से गुख्य नाला तक नाला निर्माण	पंचम वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त	1,70,390.00	3408.00	300.00
5.	सर्वेश के घर से गुड्डू फौजी के धर तक सी.सी. निर्माण	पंचम वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त	1,70,073.00	3402.00	300.00
6	मटियार में सड़क से अजय के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	पंचम वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त	2,10,000.00	42200.00	300.00
7	हनुमान मन्दिर से रामवन के घर तक सी0सी0कार्य	पंचम वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त	2,69,330.00	5386.00	300.00
8	मन्दिर से बम्बा तक नाली का निर्माण कार्य	पंचम वित्त /न्पद्रहवाँ वित्त	1,16,603.00	2,332.00	300.00
9	अवधेश के घर से नरेन्द्र के घर तक सी0सी0 कार्य	पंचम वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त	1,77,894.00	3558.00	300.00

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत जाफरपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
01. अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी / कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/ वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त् होने पर निविदा स्वत: निरस्त कर दी जाएगी

प्रधान **ग्राम विकास अधिकारी**

ग्राम पंचायत जाफरपुर, विकासखण्ड सैफई, जनपद–इटावा

एक नजर

लोडर की टक्कर से साइकिल सवार घायल

अछल्दा। कस्बा कलेक्टरगंज निवासी राजपाल यादव पुत्र छक्की लाल सुबह गांसीपुर गांव से वापस अछल्दा आ रहे थे। तभी इटावा की तरफ से आए लोडर ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कस्बा वासियों ने सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया है। वहीं कस्बा वासियों का आरोप है चौराहे के आसपास दुकानों के अतिक्रमण होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। उन्होंने सड़क पर ब्रेकर बनवाए जाने की मांग की।

मां-बेटी को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

अछल्दा। थाना क्षेत्र के रूपपुर गांव निवासी पूजा देवी पत्नी अवधेश ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 13 जून को सुबह 9 .30 बजे प्रार्थिनी की पुत्री खुशबू अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी सुरजीत पुत्र कमलेश, सिंकू पुत्र कमलेश, पुष्पादेवी पत्नी कमलेश निवासी रुपपुर थाना अछल्दा शराब के नशे में आये और पुत्री को गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पुत्री को लात घूसों व डंडों से मारने लगे। बीच-बचाब करने आई प्रार्थिनी के साथ भी मारपीट की। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

आरसीसी पिलर में लगे फर्मा खोल ले गए चोर

अजीतमल। कस्बे के गांधीनगर स्थिति नूतन गेस्ट हाउस के पास चंद्र शेखर आजाद पार्क के सौंदरीकरण का कार्य प्रमलेश दुबे उर्फ लला दुबे ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। ठेकेदार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया पार्क में आरसीसी पिलर में लगे चार फर्मा शुक्रवार की रात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

पालतू कुत्ते ने किशोर को काटा, रिपोर्ट दर्ज

अयाना। थाना क्षेत्र के कटघरा निवासी राजेश्वरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उसके बेटे शेरा को गांव के दिलीप के पालतू कुत्ते ने काट लिया। उलाहना देने पर आरोपी मारपीट पर आमादा हो गया। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

रास्ता रोक कर कार सवारों के साथ मारपीट

अयाना। थाना क्षेत्र फरिहा निवासी अंश प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम को वह चाचा अवधेश प्रताप व उनके दोस्त के साथ घर लौट रहा था। गांव के बाहर रूपेंद्र, ज्ञानेंद्र, शैलेंद्र व विवेक ने कार रोक कर गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर कार तोड़ दी। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

समाज कल्याण अधिकारी शंकर लाल ने किया था 65 लाख का घोटाला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। 65 लाख रुपये के वृद्धावस्था पेंशन घोटाले के दोषी महराजगंज के पूर्व समाज कल्याण अधिकारी शंकर लाल की सेवा समाप्त कर दी गई है। यह घोटाला औरैया में उनकी तैनाती के दौरान हुआ था। वसूली के भी आदेश जारी किए गए हैं।

सितंबर 2021 में वृद्धावस्था पेंशन के 558 लाभार्थियों के खाते बदलकर 65 लाख 22 हजार रुपये गबन का मामला सामने आया था। जांच में तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी शंकर लाल समेत छह अफसरों-कर्मियों को आरोपी माना गया था। जांच में कई ऐसे तथ्य मिले, जिससे पेंशन में घोटाले की पुष्टि हुई थी।

सीडीओ अनिल सिंह ने बताया कि जांच में समाज कल्याण अधिकारी को दोषी पाए जाने पर रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। राज्यपाल की ओर से मार्च में पत्र भेजा गया था। जिसमें 15 जून को दोषी समाज कल्याण अधिकारी को सेवानिवृत कर दिए जाने का आदेश है। शासन की ओर से घोटाले की धनराशि रिकवरी के आदेश भी दिए हैं।

● औरैया में तैनाती के दौरान का मामला, जारी किए गए वसूली के आदेश

जांच के लिए शासन ने गठित की थी 3 सदस्यों की टीम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। वृद्धावस्था पेंशन में हुए 65 लाख रुपये के घोटाले की जांच के लिए शासन से तीन सदस्यीय टीम गठित हुई थी। जिसमें एक उप निदेशक व दो आडिटर शामिल किए गए थे। घोटाला उजागर होने के बाद से ही इस पर लीपापोती की कोशिश की गई थी मगर यह मामला डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण तक पहुंचने के बाद गरमाया था।

शासन से जांच टीम गठित हुई थी। जिसने जांच कर अपनी रिपोर्ट शासन को दी थी। बता दें कि वर्ष 2017 से 2021 तक वृद्धावस्था पेंशन के 558 लाभार्थियों के खाते बदलकर 65 लाख 82 हजार 700 रुपये का घोटला हुआ था। सीडीओ ने बताया कि दिसंबर 2021 में हुई जांच में तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी शंकर लाल, भगवान सिंह, विनीत कुमार और आवेश कुमार के साथ ही कार्यालय के लिपिक अभिनव, अलकेश सिंह और श्रीराम को दोषी पाया गया था।

डिप्टी सीएम व समाज कल्याण मंत्री से हुई थी शिकायत: जिले में वृद्धावस्था पेंशन घोटाले की शिकायत डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से हुई थी। इसके बाद इस मामले में शासन स्तर से कमेटी गठित हुई और जांच शुरू हुई। शासन की टीम ने जांच कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी थी। समाज कल्याण अधिकारी भगवान दीन रिटायर हो चुके हैं। जबकि विनीत कुमार पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी थे। समाज कल्याण का उन पर चार्ज था। इसी तरह आवेश कुमार जिला कृषि अधिकारी थे। उन पर भी समाज कल्याण विभाग का चार्ज था।

मोबाइल नंबरों में किया था खेल

औरैया। जिला समाज कल्याण में बड़ी सफाई के साथ घोटाला किया जा रहा था। लाभार्थियों के फर्जी खातों के साथ मोबाइल नंबरों में भी गेम किया गया। पहली लिस्ट में 99 लाभार्थियों के मोबाइल नंबर एक ही सीरीज से थे। जबकि दूसरी लिस्ट में 151 खातों में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं थे। तीसरी सूची में 120 खातों में लगाए गए मोबाइल नंबर फिर एक ही सीरीज के थे। जो कि संभव नहीं है। सही लाभार्थियों को फोन न किया जा सके भ्रष्टाचार करने वालों ने इसलिए यह तरकीब अपनाई।

चहेतों के खातों में भेजे थे 25 लाख रुपये

औरैया। शासन की ओर से वर्ष 2020-21 में अनुसूचित जाति अत्याचार मद में 3 करोड रुपये आवंटित हुए। जिसमें पटल सहायक ने कई पीड़ितों के खाते बदलकर 25 लाख रुपये की हेरा-फेरी की। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी व कोषाधिकारी को अभिलेखो की जांच करने के लिए कहा गया। आवेदन करने वाले लाभार्थियों की सूची के अलावा आवंटित बजट व कोषागार में भेजे गए नामों का मिलान किया गया। जांच में पता चला कि कर्मचारियों ने साठ-गांठ कर चहेतो के खातों में लाखों रुपये भेज दिए।

19 जून को मनेगा किसान दिवस

औरैया। उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार ने अवगत कराया है कि पूर्व की भांति प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को शासन के निर्देश के क्रम में किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में किया जाता है । तत्क्रम में माह- जून 2024 में किसान दिवस का आयोजन दिनांक 19 जून 2024 (बुधवार) को अपराह्न 12:00 बजे से 2:00 बजे तक विकास भवन, ककोर के सभागार में किया जाएगा। किसान दिवस में कृषि क्षेत्र से जुड़े विभागों के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषको की कृषि से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा तथा विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कृषक कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी कृषि से संबंधित समस्याओं का निराकरण प्राप्त करें।

शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया तो होगी सख्त कार्रवाई

समाधान दिवस पर तीनों तहसीलों में सुनीं गईं शिकायतें, अधिकारियों ने कसे पेच

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। शनिवार को सदर तहसील में पुलिस अधीक्षक चारू निगम व मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की जो भी समस्याएं हैं, संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करते हुए समय सीमा के अंतर्गत उनका निस्तारण करें। शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर, पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं आदर्श चुनाव आचार संहिता हटने के बाद शनिवार को तहसील बिधूना में आयोजित प्रथम संपूर्ण समाधान तहसील दिवस पर भीषण गर्मी के बाबजूद भी फरियादियों की भीड़ रही। कुल आईं 91 शिकायतों में 16 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसीलदार रणवीर सिंह, नायब तहसीलदार पीयूष साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार आदि अधिकारियों ने जनसमस्याएं सुनीं।

तहसीलदार ने कहा कि शिकायतों के फर्जी निस्तारण किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरटीआई कार्यकर्ता रामवीर सिंह यादव पुत्र स्वङ दशरथ सिंह निवासी शहबाजपुर ने शिकायती प्रार्थना पत्र में सरकारी वादों को अदम पैरवी में खारिज किए जाने की जांच कराए जाने की मांग की है। नगर पंचायत बिधूना के सभासद अशोक कुमार सिंह ने गांधी नगर वार्ड में उपजिला अधिकारी आवास एवं पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय के बीच में गली में स्थापित निष्प्रयोज्य विद्युत पोल को हटाए जाने एवं सभासद चंद्रपाल के सामने गली में एक विद्युत पोल को स्थापित कराए जाने की मांग की है।

सबसे अधिक शिकायतें राजस्व, पुलिस एवं विकास विभाग की आईं। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, महामंत्री शमीम अख्तर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसील के विभिन्न पटलों से संबंधित समस्यायों को भी तहसीलदार के सामने रखा। तहसीलदार ने अधिवक्ताओं समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाया है। खंड विकास अधिकारी राजनरायन तिवारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी साधना दीक्षित, राजस्व निरीक्षक जगदेव यादव सुमित नारायण, सुरेन्द्र तिवारी, सुधीर यादव आदि मौजूद थे।

औरैया में शिकायतें सुनतीं पुलिस अधीक्षक चारू निगम व सीडीओ अनिल कुमार।

लोकसभा चुनाव के बाद पुनः तहसील दिवस का आयोजन

■ **अजीतमल।** तहसील अजीतमल में चुनाव के बाद शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। अजीतमल तहसील में 66 शिकायत में आठ का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। उप जिला अधिकारी राम अवतार वर्मा, क्षेत्राधिकारी राम मोहन शर्मा, तहसीलदार जितेश वर्मा, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, बीडीओ अतुल यादव, एसडीओ विद्युत राहुल कुमार, एडीओ पंचायत सर्वेश दुबे, जेई धीरेंद्र प्रताप, सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास परियोजना छाया देवी आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

जले डंपर के चारों तरफ लगाए दुर्घटना सूचक

सर्विस रोड पर रखे दुर्घटना सूचक।

अछल्दा, औरैया। औरया जनपद के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार को डंपर में आग लगने से 2 लोगों की मौत के बाद यूपीडा कर्मियों ने सुरक्षा की दृष्टि से जले हुए डंपर के आसपास बेरीकेट तथा दुर्घटना सूचक लगा दिया है।

शुक्रवार दोपहर करीब सवा 3 बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आशा गांव के पास डिवाइडर के बीच में लगे पौधों में टैंकर से पानी डाला जा रहा था। तभी पीछे से आए तेज रफ्ता डंपर टैंकर से रगड़ता हुआ डिवाइडर से जा टकराया था। इससे करीब 100 मीटर डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद डंपर का टायर निकल कर दूर जा गिरा था और डंपर की केबिन में आग लग गई थी। चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई थी। जबकि परिचालक ने जिला चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। शनिवार को यूपीडा के कर्मियों द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर जए हुये डंपर के चारों तरफ दुर्घटना सूचक लगा दिया गया है।

महामंत्री शैलेश चतुर्वेदी एवं अन्य कमलेश कुमार को प्रमाण पत्र देते हुए। अमृत विचार

अधिवक्ता कमलेश कुमार डीबीए के प्रवक्ता नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● बार एसोसिएशन की गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित करने की अपील

अमृत विचार। शनिवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी की संस्तुति पर महामंत्री शैलेश चतुर्वेदी ने जिला बार एसोसिएशन औरैया के प्रवक्ता पद पर कमलेश कुमार पोरवाल एडवोकेट को पुनः नियुक्त किया और जिला बार एसोसिएशन की गतिविधिया सुचारू रूप से संचालित करने की अपील की।

महामंत्री शैलेश चतुर्वेदी ने कहा कि बार को गुमराह करने के कारण कमलेश कुमार पोरवाल को प्रवक्ता पद के उनके अधिकारों को फ्रीज कर दिया गया था। उन्हें पुनः प्रवक्ता पद पर सर्वसम्मत से नियुक्त किया गया। पूर्व महामंत्री प्रत्याशी विमल पांडे, शिवम मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सतीश राजपूत, सुरेंद्रनाथ शुक्ला, इंद्रपाल, कुलदीप द्विवेदी, पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार, दारा शुक्ला, उपाध्यक्ष भानु पाठक, कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, मोहम्मद अकरम, कंचन चौधरी, नितिन अवस्थी, प्रदुम कुमार, मोहित कुमार, सर्वेश कुमार, श्याम बिहारी शुक्ला, जमुना प्रसाद वाजपेई, अनूप श्रीवास्तव, शशांक त्रिपाठी, गायत्री शर्मा, अभिषेक शुक्ला, अरुण कुमार अवस्थी, सुरेश मिश्रा पत्रकार, हेमू चौबे, अतुल अवस्थी, अरविंद कुमार पाल, सौरभ पांडे, विशाल राणा आदि अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

सिपाही पर पत्नी की हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। एक बार फिर से खाकी पर आरोप लगे हैं। श्रीराम की नगरी में तैनात सिपाही पर दहेज के लिए अपनी ही पत्नी की हत्या का आरोप है। मायके वालों का कहना है कि दहेज के लिए विवाहिता को बेरहमी से मारपीट कर फांसी पर लटका दिया गया।

यूपी के औरैया जनपद में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत विष्णु ने अपनी बेटी भूमि की शादी फफूंद थाना क्षेत्र के रहने वाले सिपाही प्रशांत अवस्थी से की थी। उसकी वर्तमान में तैनाती अयोध्या में है। आरोप है कि शादी के बाद से ही वह और उसके परिजन दहेज की मांग को लेकर भूमि को प्रताड़ित करते थे। भूमि के पिता ने औरैया में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा भी पंजीकृत करवाया था। महिला थाना में पंजीकृत मुकदमे के कारण सिपाही और उसके परिजनों ने भूमि के पिता से मान मनौव्वल करते हुए वादा किया कि अब कभी भी भूमि के साथ मारपीट नहीं करेंगे। रिश्तेदारों के समझाने-बुझाने के बाद भूमि के पिता ने बेटी को प्रशांत के साथ विदा कर दिया था । पत्नी को साथ लेकर आरोपी सिपाही अयोध्या पहुंचा। भूमि के पिता को 12 जून जानकारी मिली कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। परिजन अयोध्या पहुंचे तो उन्हें वहां पुलिस मौजूद मिली। मृतका के पिता के अनुसार बेटी के शरीर पर मारपीट और चोटों के निशान थे। पिता के अनुसार बेटी को मारपीट कर फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भूमि और प्रशांत की शादी की फाइल फोटो।

● अयोध्या में तैनात है आरोपी मृतका के मायके वाले बोले: हत्या कर शव फंदे पर लटकाया

नगर पंचायत बाबरपुर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त

संवाददाता अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। तहसील अजीतमल क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बाबरपुर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त है। सफाई कर्मचारियों और नगर पंचायत कर्मचारी की अनदेखी से व्यापारी और नगरवासी परेशान हैं। गुप्ता इलेक्ट्रॉनिक बाबरपुर पोस्ट ऑफिस वाली गली के पास 3 दिन पहले नाले को साफ किया गया था। जिसका कूड़ा करकट अभी भी प्रतिष्ठानों के सामने लगा हुआ है। इससे व्यापारियों में आक्रोश है।

उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में कई बार शिकायत करने के बाद अभी तक कूड़ा नहीं हटाया गया ।

वहीं सिद्धार्थनगर हनुमान मंदिर के सामने नालियों में भरा कचरा स्वच्छ भारत मिशन को मुंह चिढ़ा रहा है। नगर वासियों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि यहां सफाई कर्मचारी कई दिनों तक नहीं आता है।

सड़क पर जगह-जगह पड़ा कचरा।

डॉ. रुचि बनीं एसोसिएट प्रोफेसर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। यदि किसी में कुछ कर गुजरने का हौसला हो तो हर कोई मुकाम हासिल किया जा सकता है। ऐसा ही कर दिखाया है सदर विकासखंड से लगे हुए गांव जनेतपुर निवासी डॉ. रुचि ने। कोविड-19 के दौरान हरियाणा स्टेट का पहला सीजीरियन करने जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं देने वाली डॉ. रुचि ने जनपद का नाम रोशन किया है।

सदर तहसील का जनेतपुर गांव उस समय चर्चा में आ गया जब औरैया की डॉक्टर बहू रुचि राजपूत का गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीआईएमएस) ग्रेटर नोएडा में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है।

गौरतलब है कि डॉ. रुचि हिमालयन इंस्टीट्यूट जॉलीग्रांट देहरादून में कार्यरत बाल एवं नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेंद्र राजपूत की पत्नी हैं। दोनों डॉ. दंपत्ति तमाम युवाओं का प्रेरणास्रोत भी हैं। यही कारण है कि जनपद में मेडिकल की तैयारी करने वाले युवाओं को इनके द्वारा गाइडेंस भी दिया जाता है जिसका परिणाम भी देखने को मिला है कि जनेतपुर गांव से ही 11 होनहारों का मेडिकल की विभिन्न परीक्षाओं में चयन हुआ है।

डॉ. रुचि एवं डॉ. बृजेन्द्र राजपूत ने कोरोना काल में मेडिकल वालंटियर बन कर लोगों की मदद की थी। डॉ. रुचि इससे पहले लोक सेवा आयोग इलाहाबाद और यूपीएससी दिल्ली द्वारा चयनित हो चुकी हैं। अभी जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा में ही असिस्टेंट प्रोफेसर गायनी के पद पर चयनित होकर अपनी सेवाएं दे रही थी। रुचि के इस चयन पर पिता दुर्ग विजय सिंह, ससुर भारत सिंह, मां रामजानकी व डॉ. ऋषिकांत, डॉ. ऋषिकांत सहित ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है।

डॉ. रुचि।

आस्था मलिकपुर रोड पर कथा के दूसरे दिन सुनाई सुखदेव के जन्म की कथा, पंडित पुनीत मिश्रा ने दिया गलतियों से सीखने का संदेश

श्रीमद्भागवत सिर्फ पुस्तक ही नहीं साक्षात प्रभु श्रीकृष्ण का स्वरूप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। मलिकपुर रोड पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को कथा वाचक पुनीत मिश्रा ने सुखदेव जी के जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि कलयुग में भागवत महापुराण कल्पवृक्ष से भी बढ़कर है। कथा अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान कर जीव को परम पद प्राप्त कराती है।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत सिर्फ एक पुस्तक नहीं बल्कि साक्षात श्रीकृष्ण का स्वरूप है। इसके एक-एक अक्षर में प्रभु समाए हुए हैं। कथा को सुनना दान, व्रत, तीर्थ से भी बढ़कर है। धुंधकारी जैसे महापापी, प्रेतात्मा का उद्धार हो जाता है। मनुष्य से गलती होना बड़ी बात नहीं लेकिन गलती को समय रहते सुधार करना जरूरी है। ऐसा नहीं किया तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। इसके पूर्व कथा परीक्षित कृष्ण चन्द शुक्ला, धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला, कुलदीप मिश्रा, सर्वेश शुक्ला, आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया।

पंडित पुनीत मिश्रा। अमृत विचार

मेहनत से ही अपना भाग्य बनाता है मनुष्य:शास्त्री

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिला मुख्यालय के पास गांव लुखरपुरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथावाचक हेमलता शास्त्री ने परीक्षित सुंदरलाल पत्नी सोनवती को बताया संसार में मनुष्य अपनी मेहनत से ही अपना भाग्य बनाता है। क्योंकि कलयुग में अपनी मेहनत एवं अच्छे कर्म से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। कथावाचक ने कहा राजा उत्तानपाद की दो पत्नियों थी। बड़ी का नाम सुनीति जो अत्यंत सुंदर सुशील थी। कई वर्षों तक कई वर्षों तक सुनीति को कोई संतान नहीं हुई तो सुनीति ने राजा से कहा आप दूसरी शादी कर लें। जिससे राज्य को चलाने वाला राजकुमार मिल जाएगा।

रानी के बहुत विनय के बाद राजा दूसरी शादी के लिए तैयार हो गए और सुरुचि नाम युवती से शादी हो गई। कुछ वर्षों बाद दोनों ने पुत्रों को जन्म दिया। द्वेष के कारण सुनीति को राजमहल से निकाल दिया गया। सुनीति अपने पुत्र के साथ जंगल में रहने लगी। एक दिन ध्रुव खेलते-खेलते अपने पिता उत्तानपाद के पास पहुंच गई।

ध्रुव के तेज को देखकर उत्तानपाद अपने बेटे को पहचान गए, और पिता की ममता के कारण ध्रुव को अपनी गोद में बैठा लिया। यह देखकर सौतेली मां सुरुचि ने गोद से नीचे उतार दिया। रानी ने कहा यदि राजा की गोद में बैठना था तो मेरे गर्भ से जन्म क्यों नहीं लिया।

भागवत कथा का आनंद लेते भक्तजन। अमृत विचार



यमुना तट पर सफाई करते संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

यमुना तट पर चलाया सफाई अभियान

औरैया। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति औरैया की ओर से लगभग एक दशक से श्मशान घाटों, धार्मिक स्थलों, प्राचीन विश्रांत, पिंडदान स्थल आदि स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को प्रातः 7 बजे गंगा दशहरा से पूर्व यमुना तट पर स्थित प्राचीन विश्रांत (स्नान घाट) पर सफाई अभियान चलाया गया। समिति के सदस्यों ने स्नान स्थल पर प्लास्टिक, पॉलीथिन, कचरा, अपशिष्ट, कूड़ा आदि एकत्र कर नष्ट किया। सफाई अभियान के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षक अनुराग गुप्ता ने कहा कि पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने की कोशिश कर रहा है। समाजसेवी राजीव पोरवाल, मनीष पुरवार, अनूप बिश्नोई, देवेंद्र आर्य हिमांशु दुबे, अर्पित गुप्ता, सतीश चंद्र, रज्जन बाल्मीक, रामप्रसाद व अजय बाल्मीकि आदि सेवादार मौजूद रहे।

एक नजर

एडीजी वीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय में ज्वाइनिंग दी

अमृत विचार,लखनऊ : केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे अपर पुलिस महानिदेशक विनोद कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में अपनी ज्वाइनिंग दे दी है। पीएसी मुख्यालय महानगर में बतौर एडीजी के पद पर तैनात रहे 1994 बैच के आईपीएस वीके सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से यूपी वापस आने के बाद दो माह के लिए अवकाश पर चले गये थे। जानकारी के अनुसार छुट्टी की अवधि समाप्त होने पर वीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर कार्यवाहक डीजीपी प्रशान्त कुमार से मुलाकात की और एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव से मिलकर उन्हें ज्वाइनिंग से संबंधित पेपर दिये। गौरतलब हो कि वीके सिंह पिछले वर्ष केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये थे,परन्तु किन्हीं कारणों से उन्हें वापस यूपी भेज दिया गया था।

लापरवाह पुलिसकर्मियों पर सख्ती , एक पखवाड़े में 150 पर कार्रवाई

65 पुलिस कर्मियों को आगरा पुलिस कमिश्नर एक साथ कर दिया था निलंबित

02 दो एसएचओ और 11 दरोगा को गाजियाबाद कमिश्नर ने किया था लाइन हाजिर

25 से अधिक एसएचओ पर विभिन्न मामलों में निलंबन और लाइन हाजिर की हो चुकी है कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: चुनाव बाद प्रदेश सरकार एक्शन मोड में है। अपराधियों के सफाए के साथ-साथ उन पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है, जिनको लेकर भ्रष्टाचार और लापरवाही की सूचनाएं मिल रही हैं। आलम यह है एक पखवाड़े में 150 पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन, लाइन हाजिर जैसी कार्रवाई की गई है। सर्वाधिक कार्रवाई आगरा और गाजियाबाद कमिश्नरेट में की गई है। उधर, मुख्यमंत्री की मंशा को देखते हुए अन्य जिलों में भी भ्रष्ट पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी जारी है।

- सरकार ने अपनाया सख्त रुख , भ्रष्टाचार और लापरवाही क्षम्य नहीं
- आगरा, सीतापुर और गाजियाबाद में हुई सर्वाधिक कार्रवाई

सबसे बड़ी कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में हुई। यहां पर सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने पर पुलिस कमिश्नर ने 65 पुलिस कर्मियों को एक साथ निलंबित कर दिया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की जानकारी प्राप्त करने के लिए कमिश्नर ने बाकायदा टीम गठित की थी। आगरा में की गई कार्रवाई की गूंज राजधानी लखनऊ तक पहुंची है।

इसी क्रम में गाजियाबाद कमिश्नर ने लापरवाही एवं भ्रष्टाचार करने के आरोप में दो एसएचओ और 11 दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया। इन पुलिस कार्मिकों के खिलाफ लगातार सूचनाएं कमिश्नर कार्यालय को प्राप्त हो रही थी।

वहीं भ्रष्टाचार और लापरवाही की छिटपुट घटनाओं में पूरे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में मिलाकर करीब 25 एसएचओ निलंबित और लाइन हाजिर किए जा चुके हैं। सभी कार्रवाइयां जिलों में तैनात विभागाध्यक्ष ही कर रहे हैं।

सीतापुर में 44 लाइन हाजिर

पुलिस कार्मिकों में लापरवाही और सरकारी आदेशों के पालन में शिथिलता को देखते हुए सीतापुर पुलिस अधीक्षक ने 44 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद की गई है।

लखनऊ में पांच पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

राजधानी लखनऊ में निजी बस चालक और कंडक्टर की पिटाई करने के आरोप में पुलिस कमिश्नर ने एक ही थाने के पांच पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इस मामले का संज्ञान मानवाधिकार आयोग ने लिया था।

भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। भ्रष्टाचार करने पर किसी भी पुलिस कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि थानों से जिला मुख्यालयों तक प्रत्येक फरियादी को सुना जाए और न्याय दिया जाए। शिकायत मिलने पर उच्चाधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

सूदखोरों से त्रस्त होकर लोग आत्महत्या करने पर विवश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- लागत बढ़ने से कर्ज में डूबता जा रहा किसान : अखिलेश

लखनऊ: सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में सूदखोरों का आतंक है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। किसान, नौजवान और अन्य लोग सूदखोरों से परेशान है। सूदखोरो से त्रस्त होकर लोग आत्महत्या करने पर विवश है।

उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कहा, बलिया, प्रयागराज, लखनऊ कानपुर, इटावा, शाहजहांपुर, हर जगह सूदखोरों से लोगों का जीना हराम है। इस तरह के कर्ज से सबसे ज्यादा गरीब किसान और कमजोर ही शिकार बनते है। एक बार लोग इनके चंगुल में फंस जाते है तो फिर निकलना मुश्किल हो जाता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि गरीबों, किसानों के लिए बैंकों से कम ब्याज और आसानी से कर्ज की योजनाएं जमीन पर उतरती नहीं दिखती है। लोग छोटी-छोटी जरूरतों के लिए सूदखोरों के जाल में फंस कर अपनी जान गंवाने पर मजबूर हो जाते है। उन्होंने कहा कि इटावा में साहूकारों के हर दिन के तगादा और प्रताड़ना से परेशान एक युवा किसान ने आत्महत्या कर ली।

कारोबार व उद्योगों के लिए हैं विश्वस्तरीय सुविधाएं

इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव

वन ट्रिलियन एकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है प्रदेश: उप मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अब उप्र. में निवेश का बेहतर माहौल है। कारोबार और उद्योगों को बढ़ाने के लिए प्रदेश अब व्यापारियों के लिए सर्वोत्तम जगह बन चुका है। प्रांत वन ट्रिलियन एकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में विदेश से आए प्रतिनिधि बिना किसी चिंता के प्रदेश में निवेश कर सकते हैं। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को यह बातें एक होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव में कहीं। कहा कि अब यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं। हवाई अड्डों की बढ़ती श्रृंखला है। बेहतर सड़कें और स्वास्थ्य सुविधाएं हैं।यहां कानून-व्यवस्था भी उत्तम है। ऐसे में आप लोग प्रदेश में कारोबार के लिए निवेश करें। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्जवलन कर दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने आए हुए विदेशी प्रतिनिधियों का सम्मान किया। इस मौके पर लखनऊ उत्तर क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा भी मौजूद रहे। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि हम वैश्विक व्यापार के नए युग की ओर बढ़ रहे हैं। कान्क्लेव में विदेशी प्रतिनिधियों ने माना कि यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा। कान्क्लेव में कृषि, कपड़ा और हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा और जल विद्युत, बुनियादी ढांचा, फार्मा और रसायन, खनन, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश करने की बात सामने आई। खोलेगा।

लखनऊ स्थित एक होटल में आयोजित इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव में मौजूद विभिन्न देशों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

इन देशों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा: म्यामांर, लेसोथो, सेशेल्स, इथियोपिया, ईरान, उजबेकिस्तान, सूरीनाम, क्यूबा, केन्या, अल सल्वाडोर, मंगोलिया, इक्वाडोर, श्रीलंका, फिजी, वियतनाम, पेरू, मॉरीशस, जांबिया, तजाकिस्तान, लाओस पीडीआर, रिपब्लिक ऑफ कांगो, घाना, चाड, इंडोनेशिया, मालदीव, ऑस्ट्रिया, यूगांडा, रवांडा आदि देशों के राजदूत, ट्रेड काउंसलर, हाई कमिश्नर, इकॉनोमिक काउंसलर, प्रथम सचिव समेत कई बिजनेसमैन पहले दिन के आयोजन में मौजूद रहे।

- कॉन्क्लेव में विदेशी प्रतिनिधियों ने माना यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा

द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण

एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने कहा कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह है एक महत्वपूर्ण पल है। सचिव रमेश मलहोत्रा ने कारोबार के लिए उत्तम मार्ग प्रशस्त किए जाने पर बल दिया। इस दौरान मनीष ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 के माध्यम से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों को मंच उपलब्ध कराया गया। सभी उपस्थित देशों को उत्तर प्रदेश में आयात निर्यात से संबंधित सभी विषयों पर आश्वासन दिया गया।

माफिया के खिलाफ जारी रखें कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखें। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस पैट्रोलिंग व फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने और पीआरवी का रिस्पांस टाइम और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर स्थित एनेक्सी भवन में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाय। हर प्रोजेक्ट के वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाय। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाय और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाय। इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी।

गोरखपुर के एनेक्सी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

- विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

बरसात में कहीं न होने पाए जलभराव

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का समय निकट है, ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाये। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा किया जाय। बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव के कार्यों में और तेजी लाई जाय। अधिकारी जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाकर बंधों की स्थिति का जायजा लें। बेहतर कार्य के लिए उनसे सुझाव लें।

वापस एमओसीएच बनना चाहते हैं 32 आयुर्वेद चिकित्साधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: आयुर्वेद विभाग में साल 2023 में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य (एमओसीएच) पद छोड़कर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पद पर ज्वॉइन करने वाले करीब तीन दर्जन बीएएमएस चिकित्सकों (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) का नई तैनाती से मोहभंग हो गया है। इनमें से 32 चिकित्सकों ने वापस एमओसीएच के पद पर जाने के लिए आवेदन किया है। चिकित्सकों से मिलने वाले आवेदन विभाग द्वारा शासन को भेज दिए गए हैं।

आयुर्वेद विभाग मे वर्ष 2022 में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य(आयुर्वेद एवं यूनानी) के 422 पदों पर बीएएमएस चिकित्सकों की नियुक्ति हुई थी। इन्हें विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन संचालित होने वाली आयुर्वेद डिस्पेंसरी में भेजे दिया गया । इसी के बाद 2023 में क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी के अधीन संचालित होने वाले आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के 601 पदों पर बीएएमएस चिकित्सकों की नियुक्ति हुई, इनमें एमओसीएच पद कार्य करने वाले तमाम डॉक्टर शामिल थे। दोनो ही पद के वेतनमान समान होने के बावजूद, नियुक्ति पाने वालों में 32 चिकित्सकों ने अपने एमओसीएच पद से त्याग पत्र देकर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के रूप में ज्वॉइन कर लिया।

कुछ माह की सेवाएं देने के बाद ही इन चिकित्सकों ने वापस एमओसीएच पद पर सेवाएं देने के लिए आयुर्वेद निदेशालय में आवेदन कर दिये। चूंकि एमओसीएच के पद से इस्तीफा शासन द्वारा स्वीकार हो चुका है, इसलिए निदेशालय द्वारा इनके पत्र शासन को संदर्भित कर दिये गए हैं।

ये हो सकते हैं कारण

विभागीय जानकारों का कहना है कि एमओसीएच पद पर, एलोपैथिक विभाग के सीएमओ के अधीन कार्य करना होता है, जबकि आयुर्वेद चिकित्साधिकारी विभागीय अधिकारियों के अधीन सेवाएं देते हैं। दूसरे विभाग की बेरुखी से बचने के लिए डॉक्टरों ने मूल विभाग में सेवाएं देना ज्यादा बेहतर समझा होगा, वहीं सीएमओ के अधीन बायोमेट्रिक अटेंडेंस व अन्य बाध्यताए भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है।

वर्तमान प्रक्रिया से भर्तियां पूरी नहीं हो सकतीं : मिश्र

अमृत विचार,लखनऊ: केन्द्र और प्रदेश सरकार ने रिक्त व नव सृजित पदों पर नियुक्तियां करने के निर्देश तो दिए हैं। मगर बिना लोकसेवा आयोग को अधियाचन भेजे प्रकिया पूरी नहीं हो सकती है। इसलिए विभागों में भर्ती करनी हैं तो नियुक्ति व पदोन्नति प्रक्रिया में व्यापक सुधार किए जाए । यह बात शनिवार को उप्र के इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्र ने कही।

उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत, हर साल करीब 20 हजार कर्मी सेवानिवृत्त होते हैं,मगर इनसे खाली होने वाले पदों पर हर साल इतनी संख्या में भर्ती नहीं होती है। पूर्व में इन खाली पदों पर दैनिक दर पर कर्मचारियों को रखकर काम चलाया जाता था, परंतु वर्तमान में आउट सोर्स से छह-आठ हजार रूपए में कर्मचारी रखकर काम चलाया जा रहा है। जिसका कोई भविष्य नहीं है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भारत सरकार एवं राज्य सरकारों को सुझाव दिया है कि समूह ग एवं समूह की नियुक्तियां विभागीय चयन समिति के माध्यम से किया जाए। साथ ही कहा कि समूह क एवं समूह ख के पदों पर चयन प्रक्रियाओं में भी परिवर्तन किया जाए।

ट्रेन के कोच से लेकर रेल इंजन के फ्रंट पर भी लगेगा कैमरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: डीजीपी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की 10वीं बैठक हुई। इस दौरान अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और लखनऊ जैसे रेलवे स्टेशनों को पूर्ण रूप से कैमरे से लैश करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा ट्रेन के कोच में कैमरा लगाने एवं रेल इंजन के फ्रंट पर कैमरा लगाने को भी कहा गया। अवैध वेंडर्स पर रोक लगाने, रेलवे के ठेके पर रखे कार्मिकों का सत्यापन कराने, ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने, रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध एवं क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने पर जोर दिया गया।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि आतंकवादी घटनाओं, मादक द्रव्य एवं विस्फोटक पदार्थ की आवाजाही, मानव तस्करी आदि को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा की समस्त एजेंसियों द्वारा परस्पर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने एवं उनपर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि महाकुंभ 2025 से संबंधित तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाए। छोटे अतिक्रमण की अनदेखी करने पर कुछ समय के पश्चात गंभीर समस्या का रूप ले लेता है, अतः शुरुआत में ही अतिक्रमण न होने दिया जाए। स्टेशनों पर प्रवेश एवं निकास द्वार पर एक्सेस कंट्रोल करने, अवैध वेंडर्स पर रोक लगाने, ट्रेनों पर पत्थरबाजी पर प्रभावी नियंत्रण करने, ट्रैक को अवरुद्ध एवं क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जीआरपी, आरपीएफ एवं सिविल पुलिस के मध्य और अच्छा समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाए तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया जाए। इस मौके पर एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश, एडीजी रेलवे जेएन सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार।

- रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक में डीजीपी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

वर्ग पहेली-102

बाएं से दाएं

1. मुंह से थूक या रखी वस्तु को निकालना।
2. 1. तले हुए मांस के टुकड़े 2. मांस के कीमे का बना हुआ कबाब 3. मछली की टिकिया 4. उबले आलू में प्याज़
4. किसी भारी
6. चेहरे पर होने वाली फुंसी या फुड़िया, मुंहासा।
9. बूढ़े होने की अवस्था या भाव, वृद्धावस्था, बुढ़ापा।

ऊपर से नीचे

2. 1. अलमारी 2. आधरण, फलक 3. धानी।
3. 1. आय-व्यय का हिसाब 2. स्थिति का आकलन।
5. 1. बढ़ने की क्रिया या भाव 2. दाम या मूल्य में बढ़त, वृद्धि 3. विस्तार, फैलाव।
6. शत्रु का नाश करने वाला, शत्रुनाशक।
7. गंगा नदी का जल, गंगाजल, गंगोदक, ब्रह्मद्रव।
8. 1. सिर के बाल जो लपेटकर गोलाई में बांधे गए हों, खोपा, जूट 2. मूंज का पूला 4. कलगी।



वर्ग पहेली -101 का हल

1 अं	दु			2 सं	पु	3 ट
		4 व		पो		ख
5 मिं	6 ब	र		ष		ना
	7 हि	म	क	ण		
	रं					8 ठ
9 मु	ग	ल	ई			ह
				10 फ़	सा	ना

सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		2			4			1
8		7				5		
	3				7			4
		4			5	7	2	9
			3		8			
5	1	6	7			8		
4			9				3	
		5				6		7
7			2			4		8

सुडोकू - 14 का हल

3	7	9	6	2	4	5	1	8
5	4	8	7	1	3	2	6	9
6	1	2	9	8	5	7	4	3
8	9	5	1	4	6	3	7	2
1	3	7	2	5	9	6	8	4
2	6	4	8	3	7	9	5	1
7	8	1	5	9	2	4	3	6
9	5	3	4	6	8	1	2	7
4	2	6	3	7	1	8	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17 जून 04 .43 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 11 .13 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आप रुके हुए कार्यों को लेकर चिंतित हो सकते हैं और उसे शीघ्र पूरा करने की कोशिश करेंगे। भाई-बहनों को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताने की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी सामान्य बात को ज्यादा गंभीरता से न लें। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। बड़े भाई-बहन को लेकर चिंता रहेगी।

मिथुन — आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका है। ऊंचाई वाले स्थानों से आपको दूर रहना चाहिए। आप परिवार के साथ समय बिताना पसंद करेंगे, लेकिन कुछ कारणों से आपका मन व्यथित हो सकता है।

कर्क — आज व्यवसाय से जुड़े लोग अपनी मशीनों और उपकरणों के रखरखाव में धन खर्च कर सकते हैं। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। आपराधिक छवि वाले लोगों को अपना मित्र न बनाएं। आप अपने काम को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

सिंह — आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनर्गल आरोप लगा सकते हैं। नशे और धूम्रपान आदि से पूरी तरह दूरी बना लें। अपनी योग्यता को लेकर आप कुछ सशंकित हो सकते हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

कन्या — आज आपको व्यवसाय में काफी ज्यादा ध्यान देना चाहिए। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अपेक्षित सफलता मिल सकती है। पैरों में ऐंठन और दर्द की शिकायत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा, लेकिन आपकी गलतियों को लोग देख रहे हैं।

तुला — आज इसे लेकर आप काफी निराश हो सकते हैं, किंतु आपको कुछ शुभचिंतकों द्वारा उत्तम सलाह मिल सकती है जिसके माध्यम से आप भविष्य काफी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

वृश्चिक — आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे जिसके कारण आपके विषय में लोग काफी अच्छी राय रखेंगे। विदेश से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबारी संबंधी में वृद्धि होगी। इससे आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

धनु — आज पुराने ऋण को आप चुकाने की कोशिश करेंगे। विवादों के निपटारा करने से आपका मनोबल बढ़ेगा। नए गृहोपयोगी सामान खरीद सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखना चाहिए।

मकर — आज जॉब में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। कारोबार को लेकर नई योजना पर काम कर सकते हैं। सहयोगियों पर ज्यादा निर्भर न रहें। आपको कुछ शुभ सूचनाएं मिल सकती है।

कुंभ — आज आपको बहुत महत्वपूर्ण कार्य शुरू नहीं करने चाहिए। यात्रा के दौरान अनावश्यक चर्चाओं और बहस से दूरी बनाकर रखें। शाम को धर्म-कर्म में सम्मिलित हो सकते हैं। मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे। इसके कारण आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं।

मीन — आज कुछ लोग आपसे उधार धन की अपेक्षा रख सकते हैं। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बनाकर रखें। घर पर नकारात्मक लोगों के विषय में चर्चा न करें। नींद भरपूर मात्रा में लें। वैचारिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। भविष्य के कार्यों को लेकर आप योजना बना सकते हैं।

आज की फिल्में

बीएएम मूवीज
- औलाद — दोपहर : 12 .00
- देवता — रात : 08 .15

&pictures
- सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11 .19
- कृष — रात : 07 .30

सोनी पिक्स
- ब्राइटबर्न — सुबह : 10 .03
- स्पाइडर-मैन : नो वे होम — रात : 09 .00

जी सिनेमा
- हीरो — सुबह : 11 .30
- कड़क सिंह — रात : 08 .00

कलर्स सिनेप्लेक्स
- बेटिंग राजा — दोपहर : 12 .04
- टाइगर नागेश्वर राव — रात : 08 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा- यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू- यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

31 शिकायतें आईं, 8 का हुआ समाधान

फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें : राजेश कुमार पांडेय

कार्यालय संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। जिलेभर में शनिवार को संपूर्ण समाधान तहसील दिवस मनाया गया। जहां लोग अपनी शिकायतें लेकर अधिकारियों के पास पहुंचे, कुछ शिकायतों का हाथोंहाथ निस्तारण हुआ तो कुछ का जांच के बाद निस्तारित करने का आश्वसन दिया गया। इस दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित आईं।

संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभा कक्ष में जिलाधिकारी राजेश पांडे की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज रजा की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान 31 शिकायतें दर्ज हुईं, जिसमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। यहां डीएम ने अधिकारियों को आईं शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने, समय सीमा के अंदर शिकायतों का निस्तारण करने, शिकायत निस्तारण में मानवीय दृष्टिकोण रखने के निर्देश दिए। इस दौरान यहां 31 शिकायत दर्ज हुईं तथा 8 का मौके पर निस्तारण किया गया। लोकसभा चुनाव के चलते करीब 3 माह से तहसील दिवस का आयोजन बंद था लेकिन जैसे ही लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ तो समाधान दिवसों का आयोजन शुरू हो गया। महीने के तीसरे शनिवार को जालौन तहसील का समाधान दिवस तहसील सभागार में संपन्न किया गया। इस दौरान 31 शिकायत दर्ज की गईं जिसमें 8 राजस्व, 5 पुलिस, 3 विकास, 3 नगर पालिका, 2 विद्युत, 3 जल संस्थान, 1 समाज कल्याण, 1 पीडब्लूडी, 1 शिक्षा विभाग की शिकायत आई। इसमें 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

- राजस्व मामलों की सबसे ज्यादा आईं शिकायतें

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज रजा, सीएमओ के अलावा एसडीएम अतुल कुमार, सीओ, तहसीलदार के अलावा नगर पालिका से सीमा तोमर, डॉ. कपिल गुप्ता, बीडीओ जालौन तथा कुठौंद के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत ने 8 सूत्रीय मांग का ज्ञापन डीएम को सौंपा, जिसमें मुख्य रूप से नगर की पेयजल समस्या और विद्युत समस्या की मांगें थीं।

जालौन में शिकायतें सुनते डीएम राजेश कुमार पांडेय व एसपी ईरज रजा। अमृत विचार

फरियादियों की समस्या सुनते अधिकारी। अमृत विचार

कालपी: 26 फरियादें, 4 का निस्तारण

कालपी (जालौन)। क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर 26 शिकायतें आईं। मौके पर 4 मामले निपटाए गए। स्थानीय तहसील के सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से शुरू हुए समाधान दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व संबंधी मामले प्रस्तुत किए गए। भीषण गर्मी तथा लू की वजह से सन्नाटा रहा। उपजिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर समाधान किया जाए। इस दौरान तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह, चन्दमोहन शुक्ला, पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन, खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार राजपूत, विद्युत उपखंड अधिकारी आदर्श राज, मंडी समिति कालपी के निरीक्षक आनंद कुमार, मंडी समिति कदौरा के सचिव नितिन गौतम आदि अधिकारी मौजूद रहे।

ओवरलोड ट्रक को प्रशासन ने किया सीज

कालपी जालौन। बीती शाम एसडीएम हेमंत पटेल ने कदौरा मार्ग पर चेकिंग के दौरान अवैध खनन तथा मौरंग के ओवरलोड ट्रक को पकड़ कर सीज कर दिया। प्रशासन की कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में खलबली मच गयी। जानकारी के अनुसार अवैध खनन तथा ओवरलोड वाहनों के संचालन के मामले समय-समय पर सुर्खियां बन जाते हैं। जिला प्रशासन के निर्देश पर कदौरा-जोल्हूपुर मोड पर स्टेट हाइवे में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने अवैध खनन तथा ओवरलोड के खिलाफ चेकिंग की। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरंग लादे एक ट्रक को पकड़ कर सीज करने की कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी ने पकड़े गए वाहन को ज्ञान भारती चौकी परिसर में कोतवाली कालपी पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया है। चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। एसडीएम ने कहा कि लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

सार-संक्षेप

रामलीला का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

रामलीला में राम के आदर्श जीवन को सराहा

ककोर, औरैया। दिबियापुर मंडी समिति के पास बीती रात रामलीला का मंचन किया गया। इस में प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसका शुभारंभ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने किया और श्रीराम की आरती उतारी। जनक दरबार के साथ रामलीला प्रारंभ हुई जिसमें जनक को अपनी बेटी सीता विवाह की चिंता हुई। शिव धनुष को जब कोई नहीं तोड़ सका तो जनक विलाप करने लगे और पृथ्वी को वीरों से विहीन बता दिया। इस पर लक्ष्मण क्रोधित हो गए और पृथ्वी को हिला देने की बात करने लगे। विश्वामित्र ने लक्ष्मण को शांत रहने का आदेश दिया और प्रभु श्रीराम ने गुरु के आदेश पर धनुष को एक ही झटके में उठाकर तोड़ डाला। सीता ने लक्ष्मण राम को वरमाला पहनाई। धनुष टूटने की खबर परशुराम को मिली। परशुराम के आते ही सभी राजा कांपने लगे। परशुराम के क्रोध के सामने जब कोई टिक सका तो श्रीराम ने प्रार्थना की। इस पर परशुराम प्रसन्न हो गए। देर सुबह तक संवाद लक्ष्मण परशुराम का चला। पदम नारायण तिवारी, बृज किशोर तिवारी, रवि तिवारी, अशोक वाजपेई, आनंद वाजपेई आदि मौजूद रहे।

खुले में न करें कुर्बानी, नियमों का करें पालन

फफूंद, औरैया। शुक्रवार को सज्जादा नशीं आस्ताना आलिया फफूंद सय्यद अख्तर मियां चिश्ती ने प्रेस वार्ता में कहा कि कुर्बानी इस्लाम की निशानी और सुन्नत ए इब्राहीमी होने के साथ-साथ सुन्नत ए मुहम्मदी भी है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी का वीडियो न बनाएं और न ही इसे सोशल मीडिया पर वायरल करें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 17 जून को ईदुल अजहा (बकरा ईद) पर्व मनाया जाएगा। ईदगाह में सुबह 6:30 बजे और आस्ताना आलिया पर सुबह 7:30 पर ईदुल अजहा की नमाज अदा होगी। तीन दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार ईदुल अजहा का त्योहार मनाया जाता है। इसलिए तीनों दिन कुर्बानियां होती हैं। कुर्बानी के दिनों में प्रसन्नता पूर्वक कुर्बानी करने और कुर्बानी के लिए रुपए खर्च करने से ज़्यादा कोई भी चीज अल्लाह तआला के यहां प्रिय और पसंद नहीं, कुर्बानी क़यामत के दिन नरक में जाने से बचाएगी। सज्जादा नशीं सय्यद अख्तर मियां चिश्ती ने कहा कि सरकार ने कुर्बानी और ईदुल अजहा से संबंधित जो गाइड लाइन जारी की है उसका पालन करें। साथ ही कोई भी ऐसा काम न करें जिससे देश वासियों को किसी भी प्रकार की ठेस पहुंचे। अंत में उन्होंने कहा कि सड़कों, आम रास्तों और मैदानों में कुर्बानी न करें बल्कि आड़ वाली जगह या चहारदीवारी में करें। सामूहिक कुर्बानी न करें, जानवर कुर्बानी करने के तुरंत बाद उसके मलबे को बस्ती से दूर किसी उचित स्थान पर गड्ढा खोद कर दफन कर दें और कुर्बानी वाली जगह की तुरंत साफ-सफाई कराएं। इस बात का मुख्य खयाल रखें कि कुर्बानी से संबंधित कोई भी फोटो और वीडियो बिल्कुल न बनाएं और सोशल मीडिया पर अपलोड न करें। उन्होंने कहा कि तमाम मुसलमानों को इन बातों पर जरूर अमल करना चाहिए।

प्रेसवार्ता करते सैयद अख्तर मियां चिश्ती।

पुत्र ने पिता को ईंट मार कर किया घायल

क़ायमगंज फर्रुखाबाद। कम्पिल थाना क्षेत्र में बेटे ने पिता के सिर में ईंट मार कर घायल कर दिया। घायल पिता ने पुत्र के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव राहीपुर चिनहट निवासी राजाराम पुत्र लैतू कश्यप 65 वर्षीय ने बताया कि वह एक टार्च कम्पिल से खरीद कर ले गये थे। वो अपनी पत्नी गंगा देवी को दे दी थी। वह टार्च घर मे रखी थी, गायब हो गयी। जब घर पर पुत्रो से पूछ ताछ की तो इसी बात को लेकर पुत्र सुधीर ने ईट मार कर घायल कर दिया। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने देर रात घायल का सीएचसी कायमगंज में मेडीकल परीक्षण कराया।

मार्ग दुर्घटना में घायल चालक की मौत

फर्रुखाबाद। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा निवासी 45 वर्षीय संजीव शाक्य दिल्ली में पिकअप चलाते थे। करीब डेढ़ माह पहले मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर संजीव शाक्य मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। इलाज के दौरान बीते दिन संजीव की मौत हो गई। शुक्रवार देर रात संजीव का शव बरखेड़ा लाया गया।

पॉलीथिन जब्त करते ईओ श्याम बचन सरोज। अमृत विचार

प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ चला अभियान, जुर्माना वसूला

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज के नेतृत्व में शनिवार को सदर बाजार में प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाकर दुकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान विभिन्न दुकानों से करीब दो किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर दुकानदारों का चालान काटते हुए 6 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान का विरोध भी किया गया। उन्होंने कहा कि अब यह अभियान नियमित तौर से संचालित होगा। यह भी चेतावनी दी गई है कि भविष्य में दोबारा से प्रतिबंधित पॉलीथिन मिली तो कई गुना तक जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील है कि वह थैला लेकर बाजार जाएं एवं थैले का ही उपयोग करें। पालिका के वरिष्ठ लिपिक नवनीत कुमार, लाल कुमार, फिरोज खान, दिनेश कुमार, सोनू अब्बासी, इकबाल अजमद आदि उपस्थित रहे।

आधा दर्जन मस्जिदों में अदा की जाएगी बकरीद की नमाज

संवाददाता,कालपी (जालौन)

अमृत विचार। 17 जून को ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व मनाया जाएगा। पर्व को लेकर तैयारियां अंतिम चरणों पर चल रही हैं। इंतजामिया कमेटी के सदस्यों के द्वारा शाही ईदगाह तथा मस्जिदों में सफाई, धुलाई आदि व्यवस्था को अंजाम दिया जा रहा है। बकरीद की नमाज कालपी की शाही ईदगाह समेत आधा दर्जन मस्जिदों में अदा की जाएगी। शाही ईदगाह में सुबह साढ़े सात बजे, खानकाह मस्जिद में 8 बजे नमाज अदा की जाएगी।

ईदगाह में सफाई तथा धुलाई की व्यवस्था की जा रही है। जानकारी के अनुसार शाही ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सुबह साढ़े 7 बजे पेश इमाम मौलाना नजमुल हुदा के द्वारा अदा कराई जायेगी। जबकि खानकाह शरीफ मस्जिद में मौलाना अशफाक अहमद बरकाती सुबह आठ बजे, मुड़िया गुम्बद मस्जिद गल्ला मंडी के सामने पौने 7 बजे पेश इमाम हाफिज दावर रजा नवाज करवाएंगे। शुभान मस्जिद हरीगंज के अलावा निकटवर्ती ग्राम गुलौली की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा कराई जाएगी। अधिकारियों ने मातहतों को व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

- इंतजामिया कमेटी के सदस्य शाही ईदगाह, मस्जिदों में सफाई व्यवस्था में जुटे

27.60 करोड़ से होगा नगर पालिका क्षेत्र का विकास

संवाददाता कालपी (जालौन)

अमृत विचार। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की मौजूदगी में पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिका सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर विकास से संबंधित 9 प्रस्तावों को पारित किया गया। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। दोपहर तीन बजे उपस्थित सभासदों के समक्ष

पालिका की बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला तथा एकाउंटेंट हर भूषण सिंह चौहान ने प्रस्तावों को पढ़कर सुनाया। नगर पालिका का आय-व्यय बजट 2024-25 को प्रस्तुत किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष का 27 करोड़ 60 लाख 61 हजार रुपये का बजट पारित किया गया। इसमें पिछले वित्तीय वर्ष का अवशेष 9 करोड़ 35 लाख 11 हजार रुपये है। नगर में स्वकर प्रणाली लागू किये जाने हेतु प्रस्तावित गृहकर उपविधि 2024 की अनुमति बावत प्रस्ताव पारित किया गया। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का माह मार्च से जून 2024 का पारिश्रमिक भुगतान का अनुमोदन किया गया। बैठक में नगरीय विकास के प्रस्तावों में अंतेष्टि स्थल विकास योजना के अंतर्गत निकाय के अंत्येष्टि स्थल के निर्माण, कान्हा गौशाला व बेसहारा पशु आश्रय स्थल के निर्माण कार्य को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया।

नगर में प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर में स्ट्रीट लाइट में चेंज ओवर व नई केबल डलवाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कपिल शुक्ला, सुनील पटवा, बरकत अंसारी, अतुल सिंह चौहान, कमलेश कुमारी, रियाजुल हक, पप्पी यादव, शशि गुप्ता, खान बाबू, नंदिनी जाटव, रज्जू खान, बालू, कमलेश यादव, भाग्यश्री, रईसा खातून, गीता पाल, पप्पू खान, नंदनी जाटव, अमरीश अग्रवाल, विनीता देवी, इकबाल अहमद एड., राजू शेख, निजाम खान आदि मौजूद थे।

नगर पालिका बोर्ड बैठक में मौजूद अध्यक्ष अरविंद यादव, विधायक व सदस्य आदि।

डॉ. मिथिलेश दीक्षित ग्रंथालय की होगी स्थापना

जानकारी देते डॉ. कैलाश चंद्र एवं विवेक यादव।

इटावा। मां रुद्राणी धाम रुरिया स्थित स्वदेशी समाज सेवा समिति के सौजन्य से स्थापित पर्यावरणीय एवं आध्यात्मिक वन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मिथिलेश दीक्षित के नाम से ग्रंथालय एवं संग्रहालय स्थापित होगा। समिति के संरक्षक सदस्य एवं पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ. कैलाश चंद्र यादव एवं संस्थापक सचिव विवेक यादव ने बताया कि डॉ. मिथिलेश दीक्षित द्वारा लिखी गई अस्मिता, अक्षत, सार्थक संवाद, परिसंवाद, साहित्य और संस्कृति, आस्थावाद, एवं अन्य निबंध, अमरबेल आदि 75 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

घर में लगी आग, लाखों रुपये का सामान जला

उरई (जालौन)। गोहन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम बदनपुरा में अज्ञात कारणों के चलते एक मकान में आग लग गई। इससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। गांव के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और दमकल को दी। जब तक दमकल मौके पर पहुंची तब तक लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आगजनी की घटना में एक मोटरसाइकिल, साइकिल, पांच बकरियां तथा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। उक्त मामला माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम बदनपुरा का है। उधर आगजनी की घटना की खबर लगते ही गोहन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जिसने फायरब्रिगेड की मदद से आग को काबू करने में सहायता की।

खंड विकास अधिकारियों को चेतावनी

उरई। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार देर शाम विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में अमृत सरोवर की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अमृत सरोवर तालाब विकास खंड वार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को चेतावनी दी। निर्धारित लक्ष्य को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए। कहा जो तालाब बन गए हैं ऐसे सभी तालाबों में पानी भरा जाए। इन अमृत सरोवरों के किनारे आम, जामुन, नीम, पीपल, बरगद के छायादार पौधे लगाए जाएं। तालाब की सीढ़ियां, इंटरलॉकिंग टाइल्स, बेंच का निर्माण भी करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ कार्य कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को मिलेंगी सिम

इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग में कामकाज के लिए टैबलेट वितरण का काम पहले से ही किया जा चुका है। अब इसके लिए सिमें भी उपलब्ध करा दी गईं हैं। अब टैबलेट से कामकाज किया जाएगा।

इस अभियान के तहत जिले में विभाग की ओर से संचालित 1174 विद्यालयों में 2244 सिम उपलब्ध कराई गईं हैं। बीएसए डॉ. राजेश कुमार ने बीआरसी के लिए यह सिम दे दिए। अब मिड डे मील, प्रेरणा पोर्टल और निपुण भारत अभियान जैसे कामकाज टैबलेट के माध्यम से ही किए जाएंगे जिससे कामकाज में काफी सुविधा हो जाएगी। सबसे ज्यादा 318 सिम बढ़पुरा विकास खंड में उपलब्ध कराए गए हैं जबकि सबसे कम 31 सिम नगर क्षेत्र के 22 विद्यालयों में दी गई है।

टैबलेट दिए जाने के बाद से शिक्षक संघों की ओर से लगातार यह मांग की जा रही थी कि उन्हें सिम भी उपलब्ध कराई जाएं।

साइबर सेल ने ठगी के शिकार को वापस दिलाए 2.68 लाख रुपये

उरई। साइबर सेल की टीम ने ठगी के माध्यम से किसी दूसरे के खाते में चली गई धनराशि वापस कराकर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। साइबर सेल ने आवेदक के द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक स्टेटमेंट और जानकारी पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एजेंसियों से संपर्क करके 2 लाख 68 हजार रुपये खाते में वापस कराने में कामयाबी हासिल की। कुछ दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदकल आशा देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनके खाते से 2.68 लाख रुपये ठगी कर निकल गए हैं। इस पर उन्होंने मामले को साइबर सेल की टीम को सौंप दिया। टीम के प्रभारी और हमराहियों ने मिलकर शनिवार को आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया और आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक स्टेटमेंट व तकनीकी विश्लेषण कर प्रभावी कार्रवाई करते हुए बैंकों से संपर्क कर आवेदकों की संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक उनके खातों में वापस कराई। धनराशि वापस खाते में पाकर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने पुलिस व साइबर क्राइम सेल की टीम की प्रशंसा की। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, वीर विक्रम सिंह, आलोक यादव, कृष्ण वीर इंदौलिया, आशुतोष गौतम, रवि कुमार आदि का सहयोग रहा।

डिवाइडर से टकराई बाइक, मां-बेटा घायल

जालौन। धनोरी निवासी अनुज अपनी बाइक से मां को लेकर इटावा की ओर जा रहे थे तभी पॉइंट नंबर 220 पर तेज रफ्तार बाइक नियंत्रित नहीं हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। इससे अनुज और उसकी मां रेखा देवी घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए राहगीरों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां बाइक चालक को कम चोटें आने पर उनका प्राथमिक उपचार कर जाने दिया और गंभीर रूप से घायल रेखा देवी को उच्च संस्थान के लिए रेफर कर दिया गया।

करें योग, रहें निरोग | दिबियापुर के नारायणी मंडपम में योग सप्ताह की हुई शुरुआत

80 साधकों को कराया योगाभ्यास, बताए गए लाभ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के योग सप्ताह का उद्घाटन दिबियापुर के नारायणी मंडपम में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनिल कुमार सिंह ने किया गया। इसके पश्चात् योगवेलनेस सेंटर दिबियापुर के संचालक योग प्रशिक्षक शशिराज सेठ द्वारा 21 जून हेतु शासन द्वारा निर्धारित 45 मिनट के योग प्रोटोकॉल के अनुपालन में मौजूद लगभग 80 लोगों को ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, उष्ट्रआसन, भुजंगासन, आदि का अभ्यास करवाया गया, योग गुरु द्वारा प्रत्येक आसन से होने वाले लाभ व आवश्यक सावधानियों के बारे में भी अवगत करवाया गया।

सीडीओ ने कहा कि नियमित योग करने से हमें कई प्रकार कि बीमारियों से मुक्ति मिलती है तथा दवाइयां भी छूट जाती हैं। अतः सभी लोग योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में अवश्य शामिल करें। संचालक रमेश शुक्ला ने बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए योगा बहुत महत्वपूर्ण है। नीमा जिलाध्यक्ष तथा रेडक्रॉस संस्था औरैया के जिला चैयरमैन डॉ. कप्तान सिंह ने कहा कि हमें अगर बीमारियों को अपने से दूर रखना है तो योग को अपनाना ही होगा। दिबियापुर में संचालित योगवेलनेस सेंटर में नियमित रहने वाले कई योग अभ्यासियों ने बीपी, शुगर जैसी बीमारियों पर नियंत्रण पाया है। आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अलोक कुमार, गौरव पांडे जिला कार्यक्रम प्रबंधन आयुष, डॉ. अमर कुमार होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, डॉ. अमित यादव, डॉ. पूनम पाल, डॉ. शालिनी राजपूत, डॉ. राज नारायण, योग सहायक उत्कर्ष सिंह, कृष्ण चंद्र दीक्षित, बारेलाल पाल, मजिस्टर सिंह, आरके त्रिपाठी, प्रीती बाजपेई, सुरेंद्र आर्य व योग वेलनेस सेंटर दिबियापुर की टीम मौजूद रही।

मंच पर योग सप्ताह की दीप जलाकर शुरुआत करते सीडीओ अनिल कुमार सिंह।

योग करते साधक। अमृत विचार

रासायनिक खादों को छोड़ जैविक खेती की ओर रुख करें किसान

संवाददाता लखना, इटावा

अमृत विचार। उप कृषि निदेशक कृषि आरएन सिंह के मार्गदर्शन में दो दिवसीय किसान पाठशाला का आयोजन न्याय पंचायत लुधियानी के ग्राम कुनैठा में शनिवार को शुरू हुआ। जहां किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर धान की सीधी बुवाई, दलहन, तिलहन व मक्का की उन्नतशील खेती की तकनीकी जानकारी के साथ साथ कृषक भाइयों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। रासायनिक खादों व कीटनाशक दवाइयों के जो दुष्परिणाम आ रहे हैं, उसके बारे में भी किसानों को सचेत किया गया। गोबर की खाद वर्मी कंपोस्ट, हरी खाद के प्रयोग करने पर ज्यादा जोर दिया गया। प्रगतिशील कृषक प्रेम सिंह शाक्य ने मूंगफली की खेती के आर्थिक फायदे के बारे में जानकारी दी।

एटीएम सुधीर शुक्ला ने कृषि विभाग संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। पाठशाला में करीबएक सैकड़ा पुरुष व महिला कृषको ने सहभागिता की। प्रगतिशील कृषक कल्यान शाक्य ने अपने अनुभवों को किसानो के साथ साझा किया। रामनरेश, रघुवीर सिंह, प्रवीण सिंह बलबीर सिंह, रामदत्त जयवीर, तरुन, महावीर सिंह मीरा, कुसुम, झमा आदि ने प्रतिभाग किया।

- लुधियानी में दो दिवसीय किसान पाठशाला का आयोजन

कृषि गोष्ठी में भाग लेते किसान। अमृत विचार

दुश्मन ताकतों को कर दिया जाएगा नाकाम : स्वैन

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक बोले-आतंकियों के आका सीमा पार से चला रहे हैं अपनी दुकानें

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि राज्य में हाल की आतंकी घटनाएं सीमा पार बैठे आतकवादियों के आकाओं द्वारा कश्मीर में आतंकी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने के बाद अपनी गतिविधियों को चालू रखने की हताशा भरी कोशिश थी। उन्होंने कहा कि दुश्मन ताकतों को नाकाम कर दिया जाएगा।

डीजीपी ने लोगों से अनुरोध किया कि वे "छलावे" में न आएं और आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना को सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा करने से पहले उसकी जांच कर लें, ताकि "हम वहीं रहें जहां हमें होना चाहिए"। आतंकवादियों ने नौ से 12 जून के बीच रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में एक तीर्थयात्री बस सहित चार स्थानों पर हमले किये, जिनमें नौ लोगों और एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। कठुआ में हुई मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए। प्रदेश के पुलिस प्रमुख ने कहा-जब आप किसी खतरे या चुनौती के बारे में बात करते हैं, तो आप देखते हैं कि यह कितना गंभीर या बड़ा है। चुनौती सीमा पार से आ रही है और उन्होंने (आतंकवादियों ने) यह निर्णय लिया है कि वे इसे जारी रखेंगे। उन्होंने कहा-उन्हें पता चल गया है कि (जम्मू-कश्मीर में) आतंकवाद के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं, क्योंकि कश्मीर में आतंकी ढांचे को बहुत बड़ा झटका लगा है। जिनकी रोजी-रोटी और ऐशो-आराम इसी से चलता है, वे इसे इतनी आसानी से कैसे छोड़ सकते हैं? डीजीपी ने कहा-आतंकियों के आका सीमा पार बैठे हैं और अपनी दुकानें चला रहे हैं। वे अपनी दुकानें चालू रखने के लिए वे उन्हें (विदेशी भाड़े के आतंकियों को) यहां भेजते हैं।

वह कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर के सैदा सुखल गांव के दौरे से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे, जहां मंगलवार और बुधवार को 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया।

गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की करेंगे समीक्षा



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर रविवार को सुरक्षा स्थिति का जायजा लेंगे। उनके आतंकवाद रोधी अभियानों को तेज करने के लिए अधिकारियों को व्यापक दिशानिर्देश देने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्री 29 जून से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी प्रकार की एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

नई दिल्ली में चल रहे जल संकट के खिलाफ शनिवार को मटका फोड़ विरोध-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने मिट्टी के बर्तन ले जाकर आक्रोश जताया। ● एजेंसी

एक नजर

सूरत के एक घर मृत पाए गए चार लोगों में तीन बहनें शामिल

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में एक फ्लैट में मृत पाये गए चार लागों में 58 वर्षीय महिला, उसकी दो बहनें और बहनोई शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया, गैस चालित गीजर चालू रहने के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। लेकिन पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आर पी बरोट ने कहा कि मौत के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सुबह करीब नौ बजे शवों के बारे में सूचना दी गई। अधिकारी ने बताया कि फ्लैट की मालकिन जसुबेन वधेल(58), उनकी बहनें शांताबेन वधेल (53) और गौरीबेन मेवाड (55) और गौरीबेन के पति हीराभाई (60) के शव मिले हैं।

भारत-पाक सीमा पर ड्रोन-हेरोइन बरामद

चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से एक ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने शुक्रवार रात तलाशी अभियान को अंजाम दिया।

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने इंदिरा गांधी को बताया मदर ऑफ इंडिया

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

● भाजपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक करार दिया

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। भाजपा के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

गोपी यहां पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। दिलचस्प बात है कि सुरेश गोपी ने करुणाकरण के बेटे एवं कांग्रेस नेता के मुरलीधरन को त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र से हराया है। मुरलीधरन 26 अप्रैल के चुनावों में त्रिकोणीय मुकाबले में तीसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा नेता ने मीडियाकर्मियों से करुणाकरण स्मारक के उनके दौरे का कोई भी राजनीतिक मतलब नहीं निकालने का आग्रह करते हुए कहा कि वह यहां अपने गुरु को श्रद्धांजलि देने आए हैं। उन्होंने कहा कि नयनार और उनकी पत्नी शारदा टीचर की तरह उनके करुणाकरण और उनकी पत्नी कल्याणीकुट्टी अम्मा के साथ भी घनिष्ठ संबंध थे। वह 12 जून को कन्नूर में नयनार के घर भी गये थे। गोपी ने कहा कि वह इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया मानते हैं, जबकि करुणाकरण उनके लिए राज्य में कांग्रेस पार्टी के पिता थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का पिता बताना दक्षिणी राज्य की सबसे पुरानी पार्टी के संस्थापकों या सह-संस्थापकों के प्रति कोई अनादर नहीं है।

अभिनेता से नेता बने सिंह ने कांग्रेस के दिग्गज नेता की प्रशासनिक क्षमताओं की भी सराहना की और उन्हें अपनी पीढ़ी का साहसी प्रशासक करार दिया। सुरेश गोपी ने कहा कि हालांकि उन्होंने 2019 में भी मुरली मंदिर जाने की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन दिग्गज नेता की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल ने राजनीतिक कारणों से उन्हें हतोत्साहित किया। वेणुगोपाल हाल ही में भाजपा में शामिल हो गई हैं।

भाजपा ने बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की जांच के लिए गठित की समिति

नई दिल्ली/कोलकाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पश्चिम बंगाल में कथित राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए शनिवार को चार सदस्यीय समिति गठित की। पार्टी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया। इस समिति में पार्टी सांसद बिप्लब कुमार देब, रविशंकर प्रसाद, बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं। देब इस समिति के संयोजक हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की जनता द्वारा खारिज किए जाने के बाद भाजपा अब बहाने ढूंढ रही है।

श्रीगंगानगर में दो करोड़ रुपये कीमत की हेरोइन बरामद

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की पीलीबंगा थाना क्षेत्र में शनिवार को हरियाणा के तीन कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार कर 400 ग्राम हेरोइन एवं उसकी बिक्री रकम 1.07 लाख रुपये बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि क्षेत्र में गोलूवाला तिराहे पर नाकाबंदी में एक एक्सयूवी में सवार हरियाणा के तीन कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार कर यह हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो करोड़ रुपये है।

कांग्रेसियों को पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ पोस्ट हटाने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी: दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेताओं- जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक को सोशल मीडिया पर अपने उन पोस्ट को हटाने का आदेश दिया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा ने लोकसभा चुनाव परिणाम वाले दिन अपने शो के दौरान अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। अदालत ने कहा कि यदि सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वीडियो और पोस्ट को सार्वजनिक रहने दिया गया तो वादी की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।

● दिल्ली उच्च न्यायालय ने जारी किया निर्देश

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि अदालत में दिखाये गए टेलीविजन बहस के फुटेज से प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि वादी शर्मा ने कुछ सेकंड के लिए ही हस्तक्षेप किया था और नायक के खिलाफ कोई अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया था। अदालत ने कहा कि पत्रकार की निंदा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट अति-सनसनीखेज हैं। अदालत ने शुक्रवार को पारित और शनिवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए 18 पृष्ठों के आदेश में कहा, "इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन घटना के प्रति सच्चाई पर रहना भी उनका कर्तव्य है। वादी की निंदा करने वाले एक्स'पर पोस्ट कुछ और नहीं बल्कि उन तथ्यों को अति-सनसनीखेज बनाना और ऐसा चित्रण है जो स्पष्ट रूप से झूठ है। अदालत ने कहा कि सुविधा का संतुलन वादी के पक्ष में है, क्योंकि इन वीडियो को निजी बनाने या उन्हें सार्वजनिक मंचों पर उपलब्ध होने से रोकने से प्रतिवादियों के अधिकारों का कोई उल्लंघन नहीं होगा।

17 को सीआईडी के समक्ष होऊंगा पेश: येदियुरप्पा

बेंगलुरु,एजेंसी

पॉक्सो मामले का सामना कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता

पॉक्सो मामले का सामना कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा शनिवार को बेंगलुरु लौट आए और कहा कि वह पूछताछ के लिए 17 जून को आपराधिक जांच विभा ग (सीआईडी) के समक्ष पेश होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सीआईडी को पॉक्सो मामले के संबंध में उन्हें गिरफ्तार करने से रोके जाने के एक दिन बाद लौटे। उच्च न्यायालय ने येदियुरप्पा को मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने भी का निर्देश दिया। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैं पहले से तय कार्यक्रम के लिए दिल्ली गया था। मैंने पहले ही लिखित में सूचित कर दिया था कि मैं 17 जून को पूछताछ के लिए उपस्थित होऊंगा। उच्च न्यायालय ने सीआईडी को (गिरफ्तारी से) रोकने का आदेश दिया है। मैं सोमवार को जांच के लिए उपस्थित हो रहा हूं। उन्होंने कहा-अनावश्यक रूप से कुछ लोगों ने भ्रम पैदा कर ने की कोशिश की, मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता, हर कोई तथ्य जानता है।

उन्होंने कहा-साजिश में जो शामिल हैं, उन्हें लोग सबक सिखाएंगे। एक अदालत ने इस साल 14 मार्च को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीआईडी की विशेष जांच टीम ने 'फास्ट ट्रैक कोर्ट' में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध किया था, क्योंकि वह बुधवार को पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए थे। पुलिस के अनुसार, येदियुरप्पा के खिलाफ 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। महिला ने आरोप लगाया कि येदियुरप्पा ने इस साल दो फरवरी को बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी में अपने आवास पर मुलाकात के दौरान उसकी बेटी से छेड़छाड़ की।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000 -2100
ज्वार	2000 -4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200 -2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6500 -6600
अरहर	9000 -10000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	11000 -12000
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	7700 -7800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	17100-17100
अरहरस्पेशल1	14500-14600
चनादाल	8000-8100
मटरदाल	4800-4900
मसूरमलका	7250-7300
मसूरदाल	7450-7500
उड़ददाल	9000- 13300
उड़द धोवा	10000- 13000
मूँगदाल	8100 -9700
मूँग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	6500 - 7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1335-1380
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5600-5800
अलसी	4500 -4600 रुपये।

सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि कॉरपोरेट अधिग्रहण स्वतंत्र हो

अडाणी समूह के अधिग्रहण के बाद जयराम रमेश का केंद्र पर कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह द्वारा पेन्ना सीमेंट्स का अधिग्रहण करने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी। इसे लेकर उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने की सरकार की जिम्मेदारी है कि कॉरपोरेट्स के बीच प्रतिस्पर्धा कम न हो। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कॉरपोरेट अधिग्रहण स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए।

जयराम रमेश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि राजनीतिक सत्ता से मिलने वाले अनुचित लाभ का प्रयोग न किया जाए। उनकी यह टिप्पणी अडाणी समूह द्वारा पेन्ना सीमेंट्स का अधिग्रहण करने के बाद आई।

कांग्रेस नेता ने कहा कि आप क्रोनोलॉजी समझिए : देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बनने के लिए सितंबर 2022 में अडाणी ने अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण किया था। अगस्त 2023 में अडाणी ने सांघी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया और अब दक्षिण भारत के अंतिम शेष क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी मजबूत करने के लिए पेन्ना सीमेंट्स का भी अधिग्रहण कर लिया। उन्होंने आगे कहा कि अब अडाणी आने वाले दिनों में सौराष्ट्र सीमेंट, वदराज सीमेंट और जयप्रकाश एसोसिएट्स के सीमेंट व्यवसाय के अधिग्रहण की संभावना तलाश रहे हैं। आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य का हवाल देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मशहूर वित्तीय अर्थशास्त्री ने बताया था कि अडाणी समूह समेत पांच बड़े समूह सीमेंट और 40 अन्य क्षेत्रों में एकाधिकार बना रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आगे बताया कि यह बढ़ता एकाधिकार भारत की अस्थिर आर्थिक वृद्धि, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति से जुड़ा है।

सुपरटेक रियलटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सुपरटेक रियलटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। कंपनी अपने सुपरनोवा प्रोजेक्ट में एक आवासीय अपार्टमेंट, कार्यालय, खुदरा क्षेत्र और लक्जरी होटल विकसित कर रहा है। एनसीएलटी की दो सदस्यीय दिल्ली पीठ ने 168.04 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की दिवाली याचिका को स्वीकार कर लिया।

न्यायाधिकरण ने सुपरटेक की एक सहायक कंपनी सुपरटेक रियलटर्स के बोर्ड को निलंबित करते हुए अंजू अग्रवाल को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) नियुक्त किया। सुपरटेक भी कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) का सामना कर रही है।

केंद्र सरकार ने कच्चे तेल पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर में की कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

● नई दरें शनिवार से लागू, घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन किया गया

सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन कर दिया है। अप्रत्याशित लाभ कर, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। यह नई दरें शनिवार से लागू हो गईं हैं।

डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दर 15 जून से प्रभावी हो गई है। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया। इसके साथ ही वह ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाने वाले देशों में शामिल हो गया। पिछले दो सप्ताहों के औसत तेल मूल्यों के आधार पर कर दरों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाती है।

कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया, पेट्रोल डीजल होगा महंगा, बेंगलुरु: कर्नाटक सरकार ने शनिवार को ईंधन पर बिक्री कर बढ़ा दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य में पेट्रोल अब तीन रुपये और डीजल 3.5 रुपये प्रति लीटर महंगा हो जाएगा। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल पर बिक्री कर में 3.92 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 25.92 प्रतिशत से बढ़ाकर 29.84 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, डीजल पर 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 14.34 से बढ़कर 18.44 प्रतिशत हो गई है। अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी। यह फैसला लोकसभा चुनाव नतीजों के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें राजग को कर्नाटक की 28 में से 19 सीटें मिलीं, जिसमें भाजपा ने 17 और जद(एस) ने दो सीटें जीतीं। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने नौ सीटें जीती हैं। यह कदम मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा राज्य के राजस्व सृजन और राजकोषीय स्थिति की समीक्षा के बाद उठाया गया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,950
गिन्नी (प्रति नग)	55,100-55,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,450
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,300
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,500
सोना जेवरात गिन्नी	71,500
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,650
चांदी आभूषण	89,000।

घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 पर सम्मेलन 19 को

नई दिल्ली। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने शनिवार को बताया कि घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) 2022-23 के विषय में डेटा उपयोगकर्ताओं का एक सम्मेलन बुधवार 19 जून को राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। अर्थशास्त्री बिबेक देबराय इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। मंत्रालय के अनुसार सम्मेलन में, विभिन्न प्रमुख अवधारणाओं, परिभाषाओं, सर्वे के प्रमुख परिणामों, इकाई स्तर के डेटा, गुणकों का उपयोग और डेटा गुणवत्ता का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा।

एसबीआईईपे, ईमाइग्रेट के एकीकरण के लिए किया गया समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

● विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने दी जानकारी

विदेश मंत्रालय और एसबीआई ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत ईमाइग्रेट पोर्टल के उपयोगकर्ताओं को एक अतिरिक्त डिजिटल भुगतान सेवा दी जाएगी। ईमाइग्रेट पोर्टल में भारतीय प्रवासी श्रमिक और भर्ती एजेंट शामिल हैं।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एसबीआई अपने भुगतान गेटवे एसबीआईईपे के जरिए उन्हें उक्त सेवाएं देगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह समझौता भारतीय प्रवासी श्रमिकों के सुरक्षित और कानूनी प्रवास के दायरे को और सुविधाजनक बनाएगा। ईमाइग्रेट परियोजना की शुरुआत 2014 में हुई थी। इसके जरिए प्रवास प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है। इससे प्रवासी भारतीय बीमा योजना जारी करने वाले विदेशी नियोक्ताओं, पंजीकृत भर्ती एजेंटों और बीमा कंपनियों को एक साझा मंच मिला है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर मंत्रालय की ओर से संयुक्त सचिव ब्रम्हा कुमार और एसबीआई की ओर से महाप्रबंधक नीलेश द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए।

एआई तेजी के बीच एस्सार को आईटी फर्म ब्लैक बॉक्स के लिए वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी में उछाल के साथ दुनिया भर में नए डेटा केंद्रों और संबंधित सेवाओं की मांग बढ़ने से एस्सार समूह को अपनी आईटी फर्म ब्लैक बॉक्स के लिए वृद्धि की भारी संभावनाएं दिख रही हैं। एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने एक विशेष साक्षात्कार में यह बात कही। रुइया, समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी कंपनी है, जहां जबरदस्त वृद्धि हो सकती है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर डेटा केंद्रों और संबंधित सेवाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है।

देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में हुंडई-इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

● कंपनी ने आईपीओ के लिए सेबी के पास जमा किए दस्तावेज

दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता कंपनी हुंदै की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने के लिए शेयर बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। अगर कंपनी के आईपीओ को सेबी की मंजूरी मिल जाती है, तो यह भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा।

यह दो साल पहले आए एलआईसी के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ हुंडई मोटर कंपनी द्वारा पूरी तरह से 142,194,700 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। इसमें कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। सूत्रों ने इसी साल फरवरी में पुष्टि की थी कि मूल कंपनी हुंदै मोटर कंपनी आईपीओ के माध्यम से लगभग तीन अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) जुटाना चाहती है। वह धन जुटाने के लिए एचएमआईएल में 15-20% हिस्सेदारी बेच सकती है।

भारत आएगा अमेरिकी कांग्रेस का शिष्टमंडल

वाशिंगटन, एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात होगी

विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक द्विदलीय अमेरिकी कांग्रेस शिष्टमंडल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए भारत का दौरा करेगा। भारत में, शिष्टमंडल 14वें दलाई लामा, भारतीय सरकारी अधिकारियों और देश में अमेरिकी व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा।

मैककॉल ने कहा, 'भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा, मैं सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी व्यापार समुदाय के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं ताकि यह जान सकूं कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को कैसे मजबूत बना सकते हैं। मैककॉल ने कहा, मैं दलाई लामा से मिलने का अवसर पाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। तिब्बती लोग लोकतंत्र-प्रेमी लोग हैं जो अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करना चाहते हैं। इस यात्रा से अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत के भविष्य के बारे में अपनी राय रखने के लिए मदद मिलेगी। अमेरिकी बयान में यात्रा की तारीखों का उल्लेख नहीं किया गया है।

जयशंकर अगले सप्ताह श्रीलंका का कर सकते हैं दौरा

कोलंबो। विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जून को श्रीलंका की यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि श्रीलंका जयशंकर की यात्रा को लेकर उत्सुक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी आगामी दिनों में द्वीपीय राष्ट्र का दौरा करने की उम्मीद है। साबरी ने कहा कि ये यात्राएं राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पिछले सप्ताह नयी दिल्ली यात्रा का परिणाम हैं, जहां वह मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए थे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

रामफोसा द. अफ्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित

केपटाउन, एजेंसी

- रामफोसा को 283 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी को महज 44 वोट

दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए शुक्रवार को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले शुक्रवार को एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए), राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी। गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने नेशनल असेंबली की 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

आस्था

शनिवार को सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का के पास वार्षिक हज यात्रा के दौरान अराफात के मैदान पर दया के पहाड़ के रूप में जानी जाने वाली चट्टानी पहाड़ी की चोटी पर इकट्ठा होते मुस्लिम तीर्थयात्री। ● एजेंसी

एक नजर

संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे रूस, मिस्र

मॉस्को। रूस के प्रशांत बेड़े के दो युद्धपोत मिस्र की नौसेना के साथ भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल क्रूजर वैराग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित प्रशांत बेड़े के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में शामिल होने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है।

पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन पर साइबर हमला

इस्लामाबाद/संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी मिशन पर साइबर हमला किया गया, जिसमें उसके आधिकारिक ईमेल अकाउंट और यूट्यूब चैनल में सेंध लगाई गई। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार यह साइबर हमला शुक्रवार को अमेरिकी समयानुसार शाम चार बजे हुआ। खबर के अनुसार इस साइबर हमले का लक्ष्य स्थायी मिशन की सूचना शाखा द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली ईमेल आईडी थी।

नूंह में पशु तस्करों ने गोरक्षक को गोली मारी

गुरुग्राम। हरियाणा के नूंह जिले में महू-चोपता गांव के पास शनिवार सुबह एक गोरक्षक को पशु तस्करों ने कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान रेवाड़ी जिले के रहने वाले सोनू सरपंच के रूप में हुई है। उसे फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी भेज दिया गया और वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार मामले में जल्द ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

ईरान ने ईयू के एक राजनयिक को रिहा किया

दुबई। ईरान और स्वीडन के बीच शनिवार को कैदियों की अदलाबदली हुई, जिसके तहत तेहरान ने यूरोपीय संघ के एक राजनयिक समेत दो व्यक्तियों को रिहा किया, जबकि इसके बदले उस ईरानी कैदी को रिहा किया गया, जिसे वर्ष 1988 में इस्लामी गणराज्य में सामूहिक फांसी दिये जाने की घटना में शामिल होने पर स्टॉकहोम में युद्ध अपराध का दोषी ठहराया गया था। वर्ष 2019 में स्वीडन द्वारा हामिद नूरी की गिरफ्तारी तब की गई थी जब वह एक पर्यटक के रूप में वहां गया था।

आर्थिक गलियारे को लेकर जताई प्रतिबद्धता

जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई

बारी (इटली), एजेंसी

- आईएमईसी को बीआरआई के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा
- पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था

जी7 शिखर सम्मेलन के अंत में सात औद्योगिक देशों के समूह ने भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर पारिवारिक फोटो के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

विज्ञप्ति में कहा गया, हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था। शुक्रवार को मोदी के संबोधन वाले कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर आयोजित 'आउटरीच सोशन' के बारे में विज्ञप्ति में कहा गया, साझा जिम्मेदारी की भावना से हम अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। इसमें कहा गया, हम अधिक निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अपने कृत्रिम मेधा प्रचालन से जुड़े दृष्टिकोणों के बीच तालमेल को बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान हम यह भी ध्यान में रखेंगे कि जी7 सदस्यों के रुख और नीतिगत व्यवस्थाएं भिन्न हो सकती हैं। शिखर सम्मेलन के एजेंडे की अन्य प्राथमिकताओं के अलावा, विज्ञप्ति में रूस के साथ जारी संघर्ष में यूक्रेन के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया गया।

जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा किया वीडियो

बारी (इटली), एजेंसी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल में संपन्न जी7 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपना एक सेल्फी वीडियो साझा किया है। मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी मित्रता को जाहिर करते हुए इस वीडियो का शीर्षक नमस्ते दोस्तों, मेलोडी की ओर से दिया है। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में मुलाकात की थी। इस दौरान मोदी ने जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते निमंत्रण देने के लिए मेलोनी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिये कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। पांच सेकंड का यह वीडियो मेलोनी ने शनिवार को अपने 'एक्स' अकाउन्ट पर साझा किया था। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री मेलोनी (47) ने वीडियो में कहा, मेलोडी टीम की ओर से नमस्कार। वीडियो में 73 वर्षीय मोदी हंसते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से साझा करते हुए लिखा, भारत-इटली की मित्रता कायम रहे! इससे पहले शनिवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं की एक सेल्फी वायरल हुई थी।

भारत और इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की

बारी (इटली), एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों तथा बहुपक्षीय प्रस्तावों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में शुक्रवार को दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए इटली की प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा कि नेताओं ने खुले एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई तथा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी चर्चा की। क्षेत्र में चीन की आक्रामक गतिविधियों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों नेता मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की खातिर तैयार रूपरेखा के तहत क्रियान्वित की जाने वाली संयुक्त गतिविधियों के लिए तत्पर हैं। इसने कहा कि उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

मोदी और किशिदा बुनियादी ढांचे एवं सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने पर सहमत

बारी (इटली)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा से मुलाकात की और कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी और किशिदा दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'आउटरीच सेशन' को संबोधित करने के लिए दक्षिणी इटली के अपुलिया के एक दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने 'कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर' पर अपने संबोधन के बाद किशिदा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने किशिदा के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर कहा, शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी का यह बयान क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार तथा वर्चस्व बढ़ाने की कोशिशों के बीच आया है। उन्होंने कहा, हमारे देश रक्षा, प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

जमानत मामले में समिति ने खामियां, कदाचार पाया

पुणे, एजेंसी

पुणे कार हादसा

- पांच सदस्यीय समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी

पुणे पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत दिए जाने के संबंध में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित एक समिति ने प्रक्रियात्मक खामियां, कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पांच सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने विभाग द्वारा नियुक्त किशोर न्याय बोर्ड के दो सदस्यों को नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने कहा, रिपोर्ट में 19 मई को जेजेबी के एक सदस्य द्वारा जमानत आदेश जारी करने में गंभीर खामियां और गलतियां पाई गई हैं। जमानत देने का आदेश एक सदस्य द्वारा जारी किया गया था, लेकिन दूसरे सदस्य ने अगले दिन सहमति दे दी थी। दोनों सदस्यों की ओर से कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया गया है और उन्हें इसके बारे में अवगत करा दिया गया है।

पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री समेत भारतीय मूल के कई लोग समाजसेवा के लिए सम्मानित

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन और कई भारतीय मूल के लोगों को उनकी उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान द ऑर्डर ऑफ द कम्पैनियंस ऑफ ऑनर की शुरुआत 1917 में किंग जॉर्ज पंचम ने कला, विज्ञान, चिकित्सा और सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए की थी।

इस साल शुक्रवार को 1,077 लोगों को उनकी सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया गया, जिनमें 509 महिलाएं शामिल हैं। ब्राउन (73) को ब्रिटेन और विदेशों में समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों और धर्मार्थ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वे 2007 से 2010 तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे थे। ब्राउन के अलावा पोस्ट ऑफिस कैम्पैनर एलन बेट्स और महिला कलाकार ट्रेसी एमिन भी सम्मान पाने वाले प्रसिद्ध चेहरों में शामिल हैं। बेट्स को पोस्ट ऑफिस होराइजन आईटी घोटाले को उजागर करने में उनके योगदान के लिए नाइट की उपाधि दी गई।

कैंसर का पता चलने के बाद पहली बार दिखीं केट मिडलटन

लंदन, एजेंसी। वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन शनिवार के आयोजित 'ट्रूपिंग द कलर' परेड समारोह में बकिंघम पैलेस की बालकनी पर शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नजर आईं। यह समारोह राजा के आधिकारिक जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस मौके पर लंदन में एक व्यापक सैन्य परेड आयोजित की जाती है। इस वर्ष की शुरुआत में कैंसर से पीड़ित होने के बारे में पता चलने के बाद केट पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आई हैं।

इमारतों में अवैध निर्माण पर कार्रवाई शुरू की

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- मंगफ अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की हुई थी मौत

कुवैत में अधिकारियों ने सात मंजिला एक इमारत में भीषण आग लगने की घटना के मद्देनजर इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को एक अखबार में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की मौत हो गई।

कुवैत के अहमदी गवर्नरेट के दक्षिणी शहर मंगफ में बुधवार तड़के आग लगने पर उसमें रहने वाले ज्यादातर लोगों की मौत धुएं के कारण हुई। घटना के वक्त इमारत में रहने वाले लोग सो रहे थे। इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक रहते थे, जिनमें अधिकतर भारतीय थे। इस घटना के बाद मकान मालिकों और रियल एस्टेट कंपनी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है, जो लागत कम करने के लिए कानून का उल्लंघन करते हुए बड़ी संख्या में विदेशी मजदूरों को अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में रखते हैं। 'अरब टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, कुवैत नगरपालिका ने इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दुखद घटना ने इमारतों के अनधिकृत विस्तार के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर प्रकाश डाला है, तथा अधिकारियों को भविष्य में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है।

बॉलीवुड हलचल

एक्शन तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। विष्णु मंचू, अक्षय कुमार, प्रभास, मोहनलाल जैसे सितारों से सजी तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज हो गया है। तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में विष्णु मंचू की मुख्य भूमिका है। फिल्म में विष्णु मंचू के अलावा अक्षय कुमार मलयालम फिल्मों की सुपरस्टार मोहनलाल, तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास, प्रीति मुकुंदन, शरतकुमार, काजल अग्रवाल आदि भी नज़र आएंगे। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बनी कन्नप्पा का टीजर रोमांच से भरपूर है। टीजर में दिखाया गया है कि कन्नप्पा इतना सक्षम है कि वह किसी की मदद के बगैर ताकतवर लोगों को मार सकता है। टीजर में एक-एक कर मोहन बाबू, सरतकुमार, काजल अग्रवाल, मोहनलाल, अक्षय कुमार और प्रभास की झलक भी दिखाई गई है। अक्षय कुमार ओएमजी के बाद एक बार फिर इस फिल्म में भगवान शिव के रोल में नज़र आएंगे, जबकि विष्णु मंचू भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की भूमिका में दिखाई देंगे। इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। टीजर भी पांचों भाषाओं में आया है। फिल्म कन्नप्पा की कहानी भगवान शिव के भक्त रहे कन्नप्पा की जिंदगी पर आधारित है।

सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 की बॉक्स ऑफिस पर होगी टक्कर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 दीवाली के अवसर पर बॉक्स ऑफिस पर टकरायेंगी। रोहित शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। अजय देवगन, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर की मुख्य भूमिका वाली सिंघम अगेन पहले इस वर्ष 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह फिल्म दीवाली पर रिलीज होगी। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 भी दीवाली के अवसर पर रिलीज हो रही है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की मुख्य भूमिका होगी। बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के होने वाले क्लैश पर निर्देशक अनीस बज्मी ने रिएक्ट किया है। अनीस बज्मी ने कहा कि फिल्मों के बीच टकराव कभी भी अच्छा नहीं होता।

प्रियंका और माही का गाना मुझपे हंसने वाले रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का सैड सांग मुझपे हंसने वाले रिलीज हो गया है। गाना मुझपे हंसने वाले को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मुझपे हंसने वाले के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रियंका सिंह और भानु प्रताप सिंह ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, कास्ट्यूम डिजाइनर बादशाह खान हैं। म्यूजिक प्रोडक्शन, डबिंग मिक्सिंग मास्टरिंग फोनिक स्टूडियो में किया गया है। कीबोर्ड एंड मेलोडी संतोष राय का है।

संबोधन वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है

बीते कल की मानसिकता से नहीं जीत सकते लड़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने शनिवार को कहा कि आने वाले कल के युद्धों को बीते कल की मानसिकता से नहीं लड़ा जा सकता इसलिए वायु सेना के कैडेट अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में कौशल सीखने पर बल देना होगा।

एयर चीफ मार्शल ने हैदराबाद के डुंडीगल में वायु सेना अकादमी में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 को अपस्किलिंग के माध्यम से बदलाव का वर्ष घोषित किया गया है और नए कमीशन अधिकारियों को मल्टी-डोमेन लीडर बनने के लिए विभिन्न कौशल सीखने चाहिए। आधुनिक युद्धों के बारे में वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है और लगातार विकसित हो रहा है, यह जटिल डेटा नेटवर्क और उन्नत साइबर प्रौद्योगिकी से प्रभावित है। भारतीय वायुसेना के वायु सेनाकर्मी पहले, मिशन हमेशा के ध्येय वाक्स पर बोलते हुए उन्होंने नव नियुक्त अधिकारियों से पेशेवर क्षमता, शारीरिक और नैतिक साहस, चरित्र और सहानुभूति के माध्यम से अपने अधीनस्थों का सम्मान अर्जित करने का आग्रह किया।

235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया : दीक्षांत समारोह में वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया गया। इनमें 22 महिला अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में वायुसेना और सहयोगी सेवाओं के कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ कैडेट अधिकारियों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल के नौ- नौ अधिकारियों और मित्र देशों के एक अधिकारी को भी उड़ान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर विंग्स से सम्मानित किया गया।

ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए चार साल पहले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए 25 कैडेटों को भी कमीशन दिया गया। इनमें से पांच अधिकारियों को वायु सेना की प्रशासन शाखा में, तीन को लॉजिस्टिक्स शाखा में और 17 को तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है। समारोह में एक प्रभावशाली मार्च पास्ट हुआ। परेड के दौरान चार प्रशिक्षक विमानों द्वारा अच्छी तरह से समन्वित और शानदार फ्लाई-पास्ट किया गया, जिसमें पिलाटस पीसी-7 एमके-एलआई, हॉक, किरण और चेतक हेलीकॉप्टर शामिल थे।

फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

परेड के समीक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट अधिकारियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। उड़ान शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह को पायलट पाठ्यक्रम में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति का प्रशस्ति पत्र और वायु सेना प्रमुख की स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर तौफीक रज़ा को ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर्स कोर्स में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम रहने के लिए राष्ट्रपति के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।